# रोडवेज बस चालकों का 'खेल', जीपीएस फेल

अमृत विचार विशेष

जमीर सिद्दीकी, कानपुर



झकरकटी बस अड्डे के पास खड़ीं रोडवेज बसें। अमृत विचार

- रफ्तार पर नजर रखने के लिए लगाया था जीपीएस
- रोडवेज मुख्यालय पर बनाया गया था कंट्रोल रूम
- आज भी अपने हिसाब से सफर तय करते चालक

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्राइवेट और लक्जरी बसों से मुकाबला करना तो दूर, अपने चालकों पर ही लगाम नहीं लगा पा रहा है। जी हां, यात्रियों को सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के साथ ही बसों की रफ्तार और ढाबों पर बेवजह रोकने की परिपाटी पर नजर रखने के लिए रोडवेज बसों में जीपीएस लगाया गया था, लेकिन बस चालकों के खेल के आगे जीपीएस व्यवस्था बिल्कुल फेल है।

परिवहन निगम के अधिकारियों ने विराम लगाने की जितनी भी कोशिशें कीं, लगभग सभी विफल हो गई हैं। ऐसे में परिवहन विभाग धीरे-धीरे धरातल की ओर जाने को मजबूर है। बसों में क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक समेत अन्य अधिकारियों के मोबाइल नंबर लिखे होते हैं, लेकिन अधिकांश बसों में ये मोबाइल नंबर या मिटा दिए गए हैं, या फिर सूची ही फाड़ दी गई है। ऐसे में यदि कोई यात्री शिकायत करना भी चाहे तो नहीं कर सकता।

रोडवेज बसों के चालक ढाबे पर घंटों रुके रहते थे, जिससे बसें तीन घंटे का सफर पांच घंटे में तय करती थीं। अधिकारी जब पूछते थे कि बस कैसे लेट हो गई तो चालक तर्क देते थे कि रास्ते में जाम लगा था। बसों की लेटलतीफी को देखते हुए परिवहन विभाग ने अपनी सभी बसों में जीपीएस लगाकर उन्हें परिवहन मुख्यालय से जोड़ दिया था। मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर एक-एक बस पर निगाह रखी जा रही थी। अधिकारी यह मानीटरिंग कर रहे थे कि बस वाकई में जाम में फंसी या बस को चालक ने अपनी चाहत के अनुसार कहीं रोक रखा था। ऐसे में कई वर्ष पूर्व जीपीएस सिस्टम से बसों को जोड़ा गया, लेकिन चालकों ने सिस्टम को उखाड़ फेंक दिया। अधिकारियों ने जितनी बार ठीक करने की कोशिश की, एक दो दिन बाद ही ये सिस्टम फिर खराब कर दिया गया।

> जीपीएस के स्थान पर अब बसों में जल्द ही पैनिक बटन लगाई जाएगी। इस पर मुख्यालय से लेकर डिपो स्तर तक काम शुरू हो गया है। बसों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।
>
> –सुनील अग्रवाल, एआरएम किदवई नगर डिपो

### जीपीएस से ऐसे होती थी निगरानी

- कौन सी बस कितने बजे डिपो या वर्कशॉप से निकली।
- क्या बस अपने निर्धारित समय पर संचालित हो रही है।
- क्या बस निर्धारित की गई स्पीड के अनुसार दौड़ रही है।
- क्या बस जाम में फंसी, यदि नहीं तो चालक कहां रुका रहा।

### चालक कर रहे मनमानी

- चालक जहां चाहते हैं, मनमानी तरीके से बस रोके रखते हैं।
- बसों में लगे गतिरोधक उपकरण को खराब बता हटा देते हैं।
- बस के डिपो, वर्कशॉप से निकलने का समय पता नहीं चलता।
- जाम में फंसने की बात कहकर कई घंटे देरी से बसें चलती हैं।

### झकरकटी से 1400 बसें दौड़ रहीं

शहीद मेजर सलमान खां अन्तराज्यीय झकरकटी बस अड्डा से लगभग 1400 बसें प्रतिदिन दौड़ रही हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली प्रांत की बसें शामिल हैं। बस अड्डे पर रोजाना करीब 40,000 यात्रियों का आवागमन है। इनके अलावा रोडवेज की बसें ग्रामीण अंचल से भी जुड़ी हैं, इन बसों को ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों से इसलिए जोड़ा गया था ताकि इनसे किसान अपनी सब्जी व अन्य पैदावार को आसानी से शहर लाकर उसकी बिक्री कर सकें, लेकिन इन बसों का भी कोई समय नहीं है जिससे मायूस होकर ज्यादातर किसान पिकअप, लोडर जैसे संसाधन से ही अपना कारोबार करने को मजबूर हैं।

# नतीजों से पहले ही सपा कांग्रेस में तकरार शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा विधायक ने लगाया कांग्रेस प्रत्याशी पर सहयोग नहीं करने का आरोप
- कांग्रेस अध्यक्ष बोले, पिछले चुनाव की तुलना में अधिक हुआ मतदान

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव का परिणाम आना अभी बाकी है, लेकिन मीडिया में एग्जिट पोल आधारित चुनावी समीकरणों और भाजपा की बढ़त दिखने के बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं के बीच तकरार शुरू हो गई है। दोनों पार्टियों के नेता अपना मत रख रहे हैं।

कानपुर नगर लोकभा सीट इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में है। इंडिया गठबंधन के दल एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। सपा के कैंट विधायक रूमी हसन का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों से कई बार कहा गया कि कैंट क्षेत्र में 1 लाख 80 हजार से अधिक मतदाता हैं, क्षेत्र में चुनाव कार्यालय होना चाहिए। मतदान के दिन घर-घर से वोटर निकालने के लिए टीम होना चाहिए, लेकिन कैंट क्षेत्र में कोई कारगर उपाय नहीं हुआ। इसी का नतीजा रहा कि कैंट क्षेत्र में 50 प्रतिशत मतदान ही हो सका।

उधर, महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी का कहना है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कैंट विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कायार्लय खोले गए थे। मतदान के दिन टीम काम कर रही थी। चुनाव परिणाम को लेकर एग्जिट पोल में जो अनुमान लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से फर्जी हैं, कानपुर नगर से इंडिया गठबंधन के आलोक मिश्रा ही विजयी होंगे।

# बत्ती के लिए दौड़ा 'करंट', हाईवे जाम कर हंगामा

## रमईपुर में सड़क पर उतरी भीड़, उपकेंद्र पहुंचकर बंद कराई आपूर्ति, विधायक के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रमईपुर में कानपुर–सागर हाईवे पर जाम लगाए ग्रामीणों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- तीन ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद भी विभाग ने नहीं ली कोई सुधि
- आठ दिन से तीन सौ घरों की बिजली गुल होने पर फूटा गुस्सा

**अमृत विचार।** बिधनू क्षेत्र के रमईपुर में आठ दिनों से तीन ट्रांसफार्मरों के फुंके पड़े होने और तीन सौ घरों की बत्ती गुल होने से रविवार को लोगों का गुस्सा भड़क गया। सड़क पर उतरी भीड़ ने कानपुर-सागर हाईवे जाम कर हंगामा काटा। लोगों का आरोप था कि गर्मी के कारण कस्बे में आठ दिनों के भीतर दस लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन विभाग कोई सुधि नहीं ले रहा है।

रविवार की सुबह ग्रामीणों ने महिलाओं के साथ हाईवे पर जाम लगाकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची बिधनू और सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस ने भीड़ को समझाने-बुधाने का प्रयास किया, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। चिलचिलाती धूप में पसीने से तरबदर भीड़ में गुस्सा झलक रहा था तो जाम में फंसे वाहन सवार खासे परेशान थे। पुलिस किसी तरह लोगों को समझाकर जाम खुलवाने के प्रयास में लगी रही। इसके बाद बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने फोन पर अधिशाषी अभियंता से बात कर लोगों को जल्द अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखे जाने का भरोसा दिलाया, तो भीड़ भारू उपकेंद्र पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक रमईपुर की करीब दस हजार की आबादी में दो सौ कामर्शियल समेत पांच सौ बिजली के कनेक्शन हैं, जिन्हें एक 250 केवीए और दो 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों से आपूर्ति दी जाती है। कस्बे में अभी भी केबल की जगह जर्जर तारों से आपूर्ति की जा रही है। इसकी वजह से लोग कटिया डालकर बिजली भी चोरी कर रहे हैं। कटिया पड़ते ही लोड बढ़ जाता है, जिससे ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार आठ दिन में 250 केवीए का ट्रांसफार्मर तीन बार फुंक चुका है। ट्रांसफार्मर बदले जाने के बाद भी वोल्टेज कम रहता है, जिससे पंखे भी नहीं चल पाते हैं। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से कस्बे में दस लोगों की जान जा चुकी है। लोगों का कहना है कि रविवार सुबह भी दो लोगों की गर्मी की वजह से मौत हो गई, जिससे लोगों का गुस्सा भड़क गया। भीड़ रमईपुर चौराहे के पास हाईवे पर उतर आई और महिलाओं के साथ जाम लगा दिया। भीड़ ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बिधनू व सेन पश्चिमपारा थाने की पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मामला शांत होने के बजाय नोकझोंक होने लगी। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने फोन पर अधिशाषी अभियंता से बात कर लोगों को जल्द समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया।

### गेट पर ताला डालकर उपकेंद्र में छिपे कर्मी

विधायक के आश्वासन के बाद भीड़ हाईवे से हटकर भारू उपकेंद्र पहुंच गई, जहां भीड़ को देखकर कर्मचारी गेट पर ताला डालकर अंदर छिप गए। कुछ देर बाद कर्मचारियों ने ताला खोला तो गुस्साई भीड़ अंदर पहुंची और उपकेंद्र के सभी फीडरों की आपूर्ति बंद करा दी। कर्मचारियों की ओर से काम शुरू करने पर 15 मिनट बाद भीड़ वहां से हटी।

### तीन घंटे तीन किमी लंबा जाम लगा रहा


जाम लगने से हाईवे पर दोनों ओर करीब तीन किमी लंबा जाम लग गया। इस दौरान भीषण धूप और लू के थपेड़ों के बीच वाहन सवार लोग बेहाल हो उठे। कुछ लोग तो लंबा जाम देखकर वहीं से लौट गए और कुछ लोग इधर-उधर के रास्तों से निकलने की कोशिश करते रहे। जिनको गाड़ी बैक करने की जगह नहीं मिली, वे जाम में फंसे रहे। विश्वविद्यालयी परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थी भी जाम में फंसे रहे। पसीने से तरबतर लोग खीझ निकालते रहे।

# जयपुरिया स्कूल ने नहीं लिया एक भी एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो नोटिस के बावजूद विभाग को नहीं दी कोई भी सूचना
- बच्चों का सत्यापन कराने का भी लग चुका है आरोप

**अमृत विचार।** आरटीई को लेकर सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने अभी तक एक भी प्रवेश नहीं लिए। जिला प्रशासन की दो नोटिस और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई सूचना के बाद भी स्कूल की ओर से अब प्रवेश संबंधी को जानकारी नहीं दी गई। प्रशासन की ओर से प्रवेश कराए जाने की समय सीमा खत्म होने के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूल ने किसी तरह की रिपोर्ट नहीं सौंपी है। उधर स्कूल बच्चों का सत्यापन कराए जाने का भी आरोप लग चुका है। अब बेसिक शिक्षा विभाग स्कूल के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।





आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के प्रवेश कराने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग जोर लगा रहा है। योजना के तहत अब तक जिले में तीन सूची जारी हो चुकी है। इन तीनों सूची जारी होने के गाद भी स्कूलों की मनमानी जारी है। बेसिक शिक्षा व विभाग की समीक्षा में खुलासा हुआ कि कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने अभी तक एक भी प्रवेश नहीं लिया है। सूचना मांगे जाने के बावजूद भी उसने विभाग को प्रवेश संबंधी कोई जानकारी नहीं दी है। योजना के तहत स्कूल को 52 प्रवेश लेने थे। 52 में से स्कूल की ओर से अब तक एक भी प्रवेश की जानकारी बेसिक शिक्षा विभाग को नहीं दी गई है। पूरे मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि जयपुरिया स्कूल ने विभाग को अब तक एक भी प्रवेश की सूचना नहीं दी गई है।

### पिछले साल भी सख्ती के बाद लिए थे प्रवेश

कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने पिछले सत्र में भी प्रवेश लेने में अनाकानी की थी। उस वक्त भी प्रशासन की ओर से स्कूल के प्रतिनिधि को तलब किया गया था। पिछले शैक्षणिक सत्र में बच्चों के प्रवेश को लेकर स्कूल ने वॉर्ड संबंधी समस्याएं गिनाई थी। प्रशासन व शिक्षा विभाग की ओर से कड़ाई किए जोने के बाद स्कूल ने प्रवेश लिए थे।

# स्कूलों को बताने होंगे आग से बचाव के इंतजाम

**कानपुर।** शहर के सीबीएसई स्कूलो को अपने यहां किए गए आग से बचाव के सुरक्षा इंतजामों को बताना होगा। बोर्ड की ओर से स्कूलों को आदेश दियवा गया है कि वे 48 घंटे के भीतर 4 जून की शाम तक अग्निशमन विभाग की ओर से दी गई एनओसी को पोर्टल पर अपलोड करना है। यह आदेश शहर के 120 स्कूलों को जारी किया गया है।

शहर में संचालित सीबीएसई स्कूलों में आग लगने के बाद बचाव के इंतजाम है या नहीं इसे लेकर सीबीएसई सतर्क हो गया है। बोर्ड की ओर से एक नोटिस के जरिए बोर्ड की ओर से संचालित सभी स्कूलों से इस बाबत इंतजाम पूछे हैं। अग्निशमन विभाग की ओर से स्कूलों को जारी एनओसी स्कूलों को बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड करना है। माना जा रहा है कि हाल ही में निजी स्कूलों को मिली धमकियों के बाद इस तरह की सूचनाओं को मांगा गया है।

उधर, बोर्ड के अधिकारियों ने इस प्रक्रिया को केवल एक रुटीन माना है। पूरे मामले में सीबीएसई के सिटी क्वार्डिनेटर बलविंदर सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों को 4 तक मांगी गई सभी सूचनाओं को भेजा जाना है। जो स्कूल पहले ही सूचनाएं भेज चुके हैं उनपर यह आदेश लागू नहीं होता है।

# 'हमारे बारह' फिल्म पर रोक लगाने की उठी मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फिल्म सेंसर बोर्ड की भूमिका पर उठाए सवाल

**अमृत विचार:** आल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड हमारे 12 जैसी फिल्म को अश्लील, सांप्रदायिक, भड़काऊ, झूठी और बदनाम करने वाली, देश की अखंडता और भाईचारे को नुकसान पहुंचाने वाली और इस्लामोफोबिया मानता है। ऐसी फिल्म पर सेंसर बोर्ड से रोक लगाने की मांग की गई है।

पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने सेंसर बोर्ड पर सवाल उठाया है कि देश की इस बेतुकी, भ्रामक और बदनाम करने वाली इस फिल्म को स्वीकृत कैसे दे दी, इसकी स्क्रीनिंग होना चाहिए। फिल्म का शीर्षक, इसकी थीम, इसकी पूरी कहानी और संवाद न केवल भारतीय मुसलमानों की छवि को धूमिल करने की कोशिश करते है बलकि फिल्म इस्लाम धर्म और उसकी शिक्षाओं पर भी आक्रामक हमला करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्मों में कई बार इस्लाम और मुसलमानों की छवि को विकृत किया गया है।

# जीआईसी के शिक्षकों को ट्रेनिंग देगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गांधी नगर में मिलेगा पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण
- इस साल बोर्ड परीक्षा में शहर के तीन स्कूलों ने दिए मेधावी

**अमृत विचार।** जिले के पांच शिक्षकों को आईआईटी गांधी नगर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को पढ़ाई के नए तरीके सिखाए जाएंगे। पांच दिन के इस प्रशिक्षण में तीन जीआईसी को शामिल किया गया है। यह वे स्कूल है, जिन्होंने इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस तरह के प्रशिक्षण में जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षक पहली बार शामिल होने जा रहे हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार जिले के राजकीय इंटर कॉलेजों ने लंबे समय बाद मेरिट में अपना स्थान बनाया है। इन स्कूलों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजय नगर, राजकीय इंटर कॉलेज नरवल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिधनू को शामिल किया गया है। इन तीनों ही स्कूलों के मेधावियों ने इस बार 97 फीसदी सं अधिक अंकों को हासिल कर बोर्ड की मेरिट सूची में अपना स्थान पक्का किया था। राजकीय इंटर कॉलेजों की इस उपलब्धि पर आईआईटी की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिए जाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि 5 से शुरू होने वाले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के नवीन तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा कम संसाध्रनों में अधिक आउटपुट के लिए पाठ्यक्रम के विशेष समायोजन का भी तरीका समझाया जाएगा। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पहली बार जीआईसी के शिक्षकों को आईआईटी गांधी नगर में होने वाली विशेष ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। इस ट्रेनिंग से विभाग को बेहतर लाभ होगा। सबसे अधिक लाभ स्कूल के विद्यार्थियो को इस प्रशिक्षण के जरिए हो सकेगा।

### बौद्धिक क्षमता भी परखना सीखेंगे

शिक्षा अधिकारियों की ओर से बताया गया कि पांच दिन तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण में शिक्षक मनोविज्ञान संबंधी जानकारियां भी हासिल करेंगे। शिक्षण कार्य के दौरान छात्र–छात्राओं का बौद्धिक स्तर की जानकारी हासिल कर उन्हें किस तरह से पढ़ाना है यह भी सीखेंगे। इसके अलावा बेहतर बौद्धिक स्तर वाले विद्यार्थियों को किस तरह से बेहतर अंक के लिए तराशना है उसका भी तरीका उन्हें बताया जाएगा।



नाले की स्लैब को हटाकर फुटपाथ पर रख दिया गया है। अमृत विचार

# हमीरपुर रोड पर स्लैब हटाकर भूले

**कानपुर।** हमीरपुर रोड पर नाला सफाई के दौरान स्लैब हटाकर नगर निगम के ठेकेदार भूल गये हैं। नगर निगम की ओर से नाले की सफाई कार्य चल रहा है। नौबस्ता चौराहे से बौद्ध नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सफाई के दौरान नाले के स्लैब हटा दिये गये हैं, और सिल्ट को निकालकर सड़क पर रख गया है। इससे जहां मार्ग अवरुद्ध हो रहा है तो वहीं दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। यूपीएमआरसी ने नालों को बंद करने के लिये नगर निगम को पत्र लिखा है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जूही हमीरपुर रोड पर नाला सफाई कार्य हो रहा है। नगर निगम के ठेकेदार सफाई कार्य के दौरान नाले की स्लैब को हटा दे रहे हैं, और सिल्ट निकालकर बाहर रख रहे हैं। कई जगह नाले के बड़े-बड़े स्लैब को हटाकर सड़क व फुटपाथ पर रख दिया गया है, जिससे कई जगह मार्ग अवरुद्ध हो गया है। साकेत नगर में भी सफाई के दौरान नाले की स्लैब हटा दी गई है। मेट्रो परियोजना प्रबंधक अर्जुन श्रीवास्तव ने नगर निगम के अधिशाषी अभियंता जोन 3 को पत्र लिखकर कहा है कि ठेकेदारों ने नाला सफाई के दौरान नाले की स्लैब उठाकर सड़क पर रख दिया है। इससे मार्ग अवरुद्ध है।

राष्ट्रीय कैंसर सरवाइवर दिवस

## हमीरपुर के जयराम और जहानाबाद की कुसुम ने जीती कैंसर से जंग, अब दूसरों का बढ़ा रहीं हौसला

# घबराएं नहीं, बल्कि डटकर करें मुकाबला, ठीक होता कैंसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ.प्रीति शुक्ला।



कुसुम।



जयराम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कैंसर रोग से घबराएं नहीं, बल्कि डटकर मुकाबला करें और विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह लें। आधुनिक मेडिकल प्रणाली में काफी हद तक इलाज संभव है। अपनी इन्हीं सकारात्मक सोच और जिंदादिली के दम पर सैंकड़ों कैंसर पीड़ितों की ताकत हमीरपुर के जयराम बन चुके हैं। वह खुद कैंसर को मात देकर लोगों को और कैंसर पीड़ितों को खुश रहने का मंत्र दे रहे हैं। वहीं, लोगों को कैंसर से बचाव व रोकथाम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दो जून को राष्ट्रीय कैंसर सरवाइवर दिवस मनाया जाता है।

हमीरपुर निवासी जयराम को करीब 14 वर्ष पहले मुख कैंसर हो गया था। बताया कि जैसे ही उनको पता चला तो वह काफी परेशान हो गए थे और परिजन सदमे में आ गए थे। लेकिन उन्होंने स्थिति को भापते हुए खुद को संभाला और परिजनों को भी हंसी-खुशी रहने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने नियमित दवा और सिकाई की। सही इलाज मिलने पर वह अब पूरी तरह स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कैंसर को मात देने के बाद वह अब लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने और कैंसर रोगियों को सही से इलाज कराने की भी सलाह दे रहे हैं।

इसी तरह जहानाबाद की कुसुम भी ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को मात दे चुकी हैं। उनको करीब 16 वर्ष पहले ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। सर्जरी, कीमो थेरेपी और सिकाई के द्वारा इलाज के बाद अब वह पूरी तरह कैंसर मुक्त जीवन जी रही है।

कैंसर को मात देने के बाद वह कैंसर रोगियों की प्रेरणा स्त्रोत भी बनी हुई है, कई रोगी इनसे संपर्क करते है और कैंसर के दौरान क्या करना चाहिए, कैसे दवा लेनी, कब थेरेपी करानी और सबसे अहम बात कैसे जीवन व्यतीत करना है, इस संबंध में काफी अहम जानकारी देने का काम कर रही है। जयराम और कुसुम दोनों लोगों का कहना है कि खुश रहकर बीमारी को मात देने का नुस्खा काफी कारगर सिद्ध हुआ है, जिस कारण कैंसर को हार माननी ही पड़ी। खुशी का यही मंत्र अब वह अन्य मरीजों को भी बांट रहे हैं।

### यहां हर महीने के पहले शनिवार को फ्री कैंसर ओपीडी

**कानपुर।** नवीन नगर स्थित दि पनेशिया हॉस्पिटल में रविवार को राष्ट्रीय कैंसर सरवाइवर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अस्पताल में मौजूद लोगों को कैंसर के संकेत, जोखिम व बचाव के सटीक उपाय बताए गए। इसके साथ ही दि पनेशिया हॉस्पिटल में प्रतिमाह के प्रथम शनिवार को फ्री कैंसर ओपीडी का संचालन किया जाएगा, ताकि किसी भी कैंसर रोगी को कोई सलाह या जरूरत होने पर उसे निशुल्क देखा जा सके। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीती शुक्ला ने बताया कि कैंसर सरवाइवर दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका लोकल कम्युनिटी में सेल्फ सर्विस देना है और कैंसर से बचाने में लोगों की मदद करना है। कैंसर रोगी के बहुत सामाजिक आर्थिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। समाज के लोगों को आगे आकर उनका सहारा बनना होगा। कहा कि पूरे विश्वास के साथ अगर इलाज किया जाए तो कैंसर पर जीत पाई जा सकती है। इसी कड़ी में कैंसर को मात दे चुके मरीजों की चर्चा की गई, जो रोगियों के प्रेरणा स्त्रोत है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रेया सिंह पुत्री उपेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी– ग्राम–भवानीपुर, पोस्ट– रायपुर, तहसील– लालगंज, जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरा सही नाम श्रेया सिंह है। एल.आई.सी. की पालिसी संख्या– 217365682 के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मान्सी सिंह लिख गया है, जो कि गलत है।

केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
गोला गोकर्णनाथ–खीरी

आवश्यकता है

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/–**

अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।

प्रबन्धक/प्राचार्य

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

| 43.0° अधिकतम तापमान | 30.4° न्यूनतम तापमान |
| --- | --- |
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 : 58 |

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिपाठी को पितृ शोक

**कानपुर।** वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिपाठी के पिता विद्या नारायण त्रिपाठी (85) का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। स्व. त्रिपाठी आर्डनेंस फैक्ट्री से सेवानिवृत्त थे। वह अपने पीछे पत्नी कैलाशा त्रिपाठी, तीन बेटे, तीन बेटियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके मंझले पुत्र अजय त्रिपाठी राजकीय पशु चिकित्सक हैं और छोटे पुत्र संजय त्रिपाठी भी पत्रकार हैं। सोमवार को निज निवास 201\8 विजय नगर से अंतिम यात्रा ब्रह्मावर्त बिठूर के लिए प्रात: साढ़े नौ बजे प्रस्थान करेगी।



विद्या नारायण त्रिपाठी।

### ट्रैफिक के हिसाब से सिग्नल

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह ने गर्मी को देखते हुए सभी सेक्टर प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि यातायात के अनुसार ट्रैफिक सिग्नल की अवधि कम कर सकते हैं। शहर के टाटमिल, फजलगंज, विजयनगर सिग्नल ट्रैफिक के अनुसार चल रहे हैं।

## अवैध तरीके से निर्माण पर शहर में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# अवैध निर्माण पर केडीए सख्त, 29 भवन सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए ने रविवार की तड़के अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। जोन एक में अभियान चलाकर मानक के विपरीत बने 29 व्यवसायिक और आवासीय भवनों को सील कर दिया गया। रात के अंधेरे में शुरू हुई कार्रवाई सुबह तक चली, जिसकी भवन निर्माण कराने वालों को भनक तक नहीं लगी। केडीए की टीम सील लगाने के बाद नोटिस चस्पा कर निकल गई। केडीए के अधिकारियों के अनुसार अवैध व अनाधिकृत रूप से निर्माण कराने वालों को पहले ही सचेत किया गया था। कई नोटिसों के बाद भी जब निर्माण नहीं रोका गया तो कार्रवाई की गई है। शहर में यह केडीए की अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई है।

कानपुर विकास प्राधिकरण के वीसी मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर रविवार तड़के प्रवर्तन जोन-1 के विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह, जेएन पांडेय और अवर अभियंता प्रवीण शर्मा सीबी पांडेय ने अलग-अलग क्षेत्रों में सुपरवाइजरों व पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने जाजमऊ, सिविल लाइन्स, कृष्णापुरम, कोपरगंज, सिंहपुर कछार, मंधना, रावतपुर, कल्याणपुर में अवैध निर्माण को सील कर दिया और भवनों में नोटिस चस्पा कर दी।

केडीए के अवर अभियंता प्रवीण शर्मा ने जाजमऊ, सिविल लाइंस, कृष्णापुरम, दवा मार्केट में कुल पांच अवैध निर्माण सील किए। सहायक अभियंता जेएन पाण्डेय और उनकी टीम ने कोपरगंज में सबसे ज्यादा 20 अवैध निर्माणों को सील किया। इसी तरह अवर अभियंता सीबी पांडेय ने कछार, मंधना, रावतपुर और कल्याणपुर में चार अवैध रूप में बन रहे निर्माणों को सील कर नोटिस चस्पा कर दी। केडीए के अधिकारियों ने अभियान चलाकर कुल 29 व्यवसायिक और आवासीय परिसर सील किये।



अवैध रूप से बन रहे मकान को सील करती केडीए की टीम। अमृत विचार

### इन भवनों पर की गई सीलिंग की कार्रवाई

- परिसर संख्या-22 ब्लाक-एफ जाजमऊ, मो. जुहैब अख्तर, परिसर सं-15/250बी सिविल लाइन्स, वैभव गुप्ता, परिसर सं-15/250ए सिविल लाइन्स, अरविन्द गुप्ता एवं एस गुप्ता, परिसर सं-एक्स-1-एस-14 कृष्णापुरम्, सुशील कुमार विश्वकर्मा, परिसर सं-59/13 दवा मार्केट, राजेश महेश्वरी व अन्य इसी तरह कोपरगंज में परिसर सं0-80/80 अक्षत अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल ओम व संतोष, तरूण कुमार पमनानी, प्रवीण अग्रवाल, महेश गांधी, फैयाज, अमित कुमार, सुशील रमानी, मूलचन्द्र खत्री, हरीश व विकास, विकास शुक्ला, रेनू जैन, हरीश मर्दानी, धर्मेन्द्र, नीवा अग्रवाल, मो. इस्माइल व मो. रईस, राजेश अग्रवाल, प्रबन्धक एनवीके, संजय अग्रवाल, परिसर सं-80/71पार्ट गंगा आयल मिल मो. अब्दुल शफीक परिसर सं-80/80 जतिन राम चन्दानी, आराजी सं-788 सिंहपुर कछार महेन्द्र सिंह, आराजी सं-बनखण्डेश्वर मंदिर सिंहपुर चौराहा से मंधना रोड अक्षय मिश्रा, परिसर सं-201 ब्लाक-बी न्यू हाईवे सिटी जीटी नारामऊ कछार चन्द्रमणि त्रिपाठी, कल्यानपुर मेट्रो स्टेशन के बगल में राजीव गुप्ता के भवन को सील कर दिया गया।

## क्रिकेट के विवाद में सगे भाइयों पर हमला, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में क्रिकेट के विवाद में सगे भाइयों पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्याम नगर के डी ब्लॉक निवासी विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि 26 मई को उनका क्रिकेट खेलने के दौरान आरोपी यश से विवाद हो गया था। जिस पर यश ने मारपीट की थी। उनके अन्य साथियों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हो गया था। सभी अपने अपने घर चले गए थे। अगले दिन 27 मई को वह घर के पीछे की दुकान पर कोल्डड्रिंक लेने गए थे। जहां पर उन्हें यश खड़ा मिला। जिसके बाद दोनों में फिर कहासुनी होने लगी।

विजय ने बताया कि सूचना पाकर उनकी मां और भाई भी मौके पर पहुंचे। जिस पर यश की तरफ से उसके पिता गगन, मां गुड़िया, साथी विक्रम, अर्जन, दुन्नी और गुल्लू आ गए। इस पर आरोपियों ने विजय समेत उनके भाई से मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



जूही यार्ड में आरवीएनएल दफ्तर के सामने मेंटीनेंस क्रेन में लगी आग। अमृत विचार

# ट्रैक पर खड़ी मेंटीनेंस क्रेन में भड़की आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दमकल जवानों ने आग पर काबू पाया, जांच के आदेश

**अमृत विचार।** जूही यार्ड में ट्रैक पर खड़ी मेंटीनेंस क्रेन (आरबीएमवी मशीन) में आग लग गई। अचानक लगी आग से कर्मियों में कड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से ट्रैक मेंटीनेंस क्रेन में आग लगना माना जा रहा है, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं।

जूही यार्ड में खड़ी ट्रैक मेंटीनेंस क्रेन में रविवार दोपहर शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रिक वायर में आग लग गई। देखते ही देखते क्रेन के इलेक्ट्रिक वायर जलने लगे। लपटे उठती देख क्रेन पर मौजूद कर्मी उतरकर दूर भागे व कुछ ही देर में लपटे और तेज हो गई। कर्मियों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी और खुद बाल्टी व वाटर लाइन से आग बुझाने का प्रयास किया। करीब दस मिनट बाद पहुंचे दमकल जवानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक मेंटीनेंस क्रेन से लाइनों पर काम किया जा रहा था। तेज धूप होने के कारण कर्मियों ने कुछ देर के लिए क्रेन लाइन पर खड़ी कर दिए थे, इसी बीच अचानक आग लग गई। हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे आरवीएनएल दफ्तर के सामने हुआ। अधिकारियों ने संभावना जताई है कि गर्मी की वजह से बिजली के तार जलने लगे थे। आग पर करीब एक घंटे बाद काबू पाया जा सका है। इस मामले में रेलवे अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं, कि आग गर्मी के कारण लगी है या कोई और मामला है।



साकेत नगर डब्ल्यू-1 के सामने के पार्क में अवैध रूप से लोगों का कब्जा है।

# पॉश एरिया के पार्कों में डेरा, टट्टर लगाकर घेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साकेत नगर डब्ल्यू-1 में पार्क की हालत बदतर, घर का कबाड़ भी फेंका
- क्षेत्रवासियों ने बना लिया पार्किंग, बेसहारा जानवरों का भी लगा रहता मजमा

**अमृत विचार।** शहर में पार्कों की स्थिति बदहाल है। कब्जेदारों को जहां मौका मिलता है अपना बसेरा बना लेते हैं। आउटर की तरह ही पॉश क्षेत्रों में भी कई पार्क बदहाल हैं। जिनकी सुध लेने पाला कोई नहीं है। साकेत नगर डब्ल्यू-1 ब्लॉक में पार्क में लोगों का कब्जा है। यहां पार्क में टट्टर लगाकर कुटिया बना रखी है तो वहीं घरों का कबाड़ लाकर खुले स्थान पर उड़ेल दिया गया है। सरकारी विभाग भी अपनी मशीनरी को यहा डंप कर रहे हैं। जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। क्षेत्र वासियों ने भी पार्किंग बना दी है। वहीं, बेसहारा जानवरों को दिन भर पार्क में डेरा रहता है।

किदवई नगर थाने के सामने केडीए की साकेत नगर योजना बसी हुई है। यहां के अधिकतर पार्क चमाचम हैं। लेकिन डब्ल्यूवन ब्लॉक के एक पार्क की हालत बद से बदतर है। पॉश क्षेत्र के बीचों-बीच खाली पड़ी जगह को डंप बना रखा है। किसी ने अपना जनरेटर लगा दिया है तो किसी ने घेराबंदी कर कुटिया बना ली है। जिसको बकायदा ताला लगाकर बंद किया जाता है।

### पार्क में बाउंड्री है न सफाई अराजकतत्वों का जमघट

क्षेत्र के अजय ने बताया कि पार्क में न तो बाउंड्री है और न ही सफाई, इस वजह से दिन में अराजकतत्व आकर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय जब गर्मी पड़ रही है तो पूरे क्षेत्र में दोपहर में सन्नाटा रहता है, डर की वजह से लोग दिन में और देर रात नहीं निकलते हैं। क्षेत्र में मार्ग प्रकाश व्यवस्था भी खराब है। जिससे लोग परेशान है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।

पार्क डेवलप न होने की वजह से लोगों ने इसे पार्किंग स्थल के रूप में इस्तमाल करना शुरू कर दिया है। बड़े-बड़े पेड़ों से घिरी इस जगह पर ध्यान न देने की वजह से गंदगी का अंबार लग गया है। लोग अपने घरों का कूड़ा तक डंप कर रहे हैं। आस-पास के बेसहारा जानवर पार्क में मंडराते रहते हैं। इससे स्थानीय लोग निकलने में डरते हैं।

# ट्रेन का सफर नहीं रहा आसान, जोखिम में रहती जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली, हावड़ा व झांसी रूटों पर दौड़ रहीं ट्रेनों में यात्री जबरदस्त दुश्वारियां झेल रहे हैं। जनरल कोच ही नहीं स्लीपर व एसी कोचों का भी यही हाल है। यात्रियों से ठसाठस भरे जनरल कोचों में बैठना तो दूर खड़े होने की जगह मिलना संभव नहीं है। इस भीषण गर्मी में पंखे और एसी भी धड़ाम हैं। ऐसे में यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। रविवार को पनवेल एक्सप्रेस में एक मां बुखार से तप रहे अपने मासूम बेटे को गोद में लेकर सफर करते दिखी।

समर स्पेशल और रूटीन ट्रेनों में व्यवस्था और शेड्यूल करीब एक माह से बेपटरी है। लंबे रूट की ट्रेनें दम घुटाने वाली भीड़ साथ लेकर चल रहीं हैं। आलम यह है कि यात्रियों से ट्रेनों के शौचालय तक भरे होते हैं। ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को टॉयलेट की भी सुविधा नहीं मिल पा रही है। रविवार को सेंट्रल स्टेशन से गुजरी कई ट्रेनों में यात्रियों की हालत बिगड़ रही। सीमांचल एक्सप्रेस के जनरल कोच में खड़े होने की भी जगह नहीं थी। यात्री कपड़े का झूला बनाकर उसमें बैठकर सफर करते दिखे। बेहाल कर देने वाली इस गर्मी में जनरल कोच के पंखे भी बंद मिले।

वहीं पनवेल एक्सप्रेस का नजारा परेशान करने वाला था। बुखार से तप रहे मासूम बेटे को गोट में लिए मां कोच के दरवाजे के पास बैठी थी। पूछने पर महिला ने बताया कि बेटे को बहुत तेज बुखार है। गर्मी के कारण बुखार बढ़ता ही जा रहा है। कोच के अंदर बैठने की जगह नहीं है और पंखा भी नहीं चल रहा है। मजबूरी में गेट पर बैठ गए है, जिससे बेटे को कुछ हवा मिलती रहे।

वहीं मां की गोद में बच्चा बेसुध पड़ा था। इन दोनों ट्रेनों में उमस व गर्मी से बच्चे और बुजुर्ग बेहाल दिखे। ट्रेन के गेट पर यात्री लटकने ऐसी हालत में सफर करते दिखे। नाक पर रुमाल लगाकर यात्री शौचालय के बाहर खड़े होकर यात्रा करते दिखे।

यात्रियों ने कहा कि स्पेशल ट्रेन 25-30 घंटे तक लेट चल रही हैं। इस कारण उसमें सफर करने से लोग कतरा रहे है। वहीं रूटीन ट्रेनों में जान जोखिम में डालकर यात्रा की जा रही है।



बुखार में तप रहे बच्चे को लेकर पनवेल एक्सप्रेस के गेट पर लेकर बैठी मां। अमृत विचार



ठसाठस यात्रियों से भरी सीमांचल एक्सप्रेस में पंखा भी नहीं चला। अमृत विचार

### स्लीपर में जनरल कोच के यात्री, खड़े होकर यात्रा

- इस समय ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं है। ट्रेनों में जनरल कोच की कमी के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। स्थिति यह है कि लोग बिहार से दिल्ली तक का सफर खड़े होकर और बाथरूम के बाहर बैठकर पूरा कर रहे हैं। स्लीपर कोचों में जनरल टिकट वाले यात्रियों की भीड़ रहती है। ऐसे में यात्री न तो आरक्षित सीट पर लेट पा रहे हैं और न ही ठीक से बैठकर यात्रा कर पा रहे हैं।

### छह घंटे बगैर एसी के सफर

- सियालदह अजमेर एक्सप्रेस में रविवार को छह घंटे तक एसी ठप रहने से यात्री बेहाल रहे। ट्रेन नंबर 12987 सियालदह अजमेर एक्सप्रेस, कोलकाता सियालदह रेलवे स्टेशन से चलकर अजमेर जा रही थी। यात्री अश्वनी वैष्णव ने बताया एसी कोच में हर यात्री पसीना से भीगा है। ट्वीट समेत अन्य प्रकार से बार-बार शिकायत के बाद सुनवाई नहीं है। टेक्निकल फाल्ट बताया जा रहा है। तकनीकी स्टाफ फाल्ट नहीं तलाश पाया।

## दुष्कर्म का मुकदमा वापस नहीं लेने पर मिली धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में एक युवती को दुष्कर्म के आरोपी के परिजन रास्ते में रोककर जबरन मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे है। बात न मानने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

नौबस्ता निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि मार्च 2024 में प्रांजल शर्मा और उसके परिवार के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और दबाव डालने पर धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से आरोपी और उसके परिजन लगातार उन पर समझौता करने और मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे है। आरोप है, कि दो अप्रैल को वह मुकदमे से संबधित जानकारी लेने के लिए थाने गई थी। जहां से वापस लौटते वक्त नौबस्ता गल्ला मंडी के पास आरोपी प्रांजुल शर्मा के भांजे युगांत ने अपने साथी सिद्धार्थ के साथ जबरन उनकी स्कूटी को रोक लिया। मुकदमा वापस लेने का दबाव डाला। विरोध पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# सूरज की तपिश में बादलों की छांव बेअसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा अधिकतम तापमान
- खाली पेट घर से मत निकलें बेल समेत पिएं ठंडे पेय पदार्थ

**अमृत विचार।** बादलों के बावजूद भी सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से कानपुर मंडल समेत उत्तर प्रदेश भी गर्म है। रविवार को कानपुर नगर में पारा सामान्य से 2.6 डिग्री ऊपर चढ़कर 43.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में धूल भरी आंधी के साथ ही हल्की बारिश की भी संभावना है।

एक ओर लू के थपेड़ों से राहगीर परेशान हैं वहीं बदली के बाद भी सूरज की तपिश लोगों को सता रही थी। बता दें सुबह से ही गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी पैदा करने लगती हैं। लू के थपेड़े सुबह से ही चलने लगने लगते हैं। चटक धूप के चलते सुबह 10 बजे ही तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। दो घंटे के भीतर ही दोपहर 12 बजे पारा 37 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। लू के थपेड़े 6.6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले।सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.8 डिग्री ऊपर चढ़कर 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी अधिक है, जिससे रात में भी गर्मी परेशान करती है। कभी पश्चिमी विछोभ एवं बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आर्द्र हवाओं के आने से भी रिलेटिव ह्यूमिडिटी भी बढ़ जाती है। रविवार को भी अधिकतम आर्द्रता 41 एवं न्यूनतम 19 फीसद रिकार्ड की गई। तीन दिन में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश के आसार है। आसमान में बदली रहेगी लेकिन तापमान अधिक ही रहेगा।

**ऐसे करें बचाव:** डा. पांडेय ने बताया कि लू से बचाव करें, इससे परेशानी की आशंका रहती है। घर से खाली पेट मत निकलें। लस्सी, मट्ठा, बेल, पना, नीबू की शिंकजी आदि ठंडे पेय पदार्थ का सेवन इन दिनों फायदेमंद रहता है। तरबूज, खरबूजा, ककड़ी-खीरा आदि फल ठंडा करके ही प्रयोग करें।



घर से निकलते ही धूप से झुलसने लगता बदन। अमृत विचार

**क्लब फुट दिवस आज**

## क्लब फुट एक प्रकार की पैर से संबंधित जन्मजात विकृति, हैलट की आर्थो ओपीडी में हर हफ्ते पहुंच रहे 20 बच्चे

# टेढ़े-मेढ़े पैरों से कतई न हों परेशान, इलाज से मिलता आराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** क्लब फुट एक प्रकार की पैरों से संबंधित जन्मजात विकृति है, जिसमें जन्म के समय से ही बच्चे का पैर उसके सामान्य आकार का नहीं होता है। बच्चों के पैर बाहर की ओर या अंदर की ओर मुड़े होते हैं, जो यह नवजात में पाई जाने वाली आम विकृति है। यह हड्डियों और जोड़ों से संबंधित है। ऐसे में अभिभावक को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष तीन जून को क्लब फुट दिवस मनाया जाता है। वहीं, समय पर नवजात को लेकर हैलट अस्पताल पहुंचने पर पैरों का टेढ़ापन दूर हो जाता है।

हैलट अस्पताल के आर्थो विभाग की ओपीडी में एक सप्ताह में करीब 15 से 20 बच्चे क्लब फुट की समस्या से ग्रस्त आते हैं। इन बच्चों के पैर का आकार टेढ़-मेढ़ा होता है, जो जन्म के बाद ही नजर आने लगते है। ऐसे में अगर अभिभावक लक्षणों को नजर अंदाज करते है तो फिर बच्चों में दिक्कत बढ़ जाती है। आर्थो विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ.रवि गर्ग ने बताया कि क्लबफुट सामान्य भी हो सकता है और कुछ परिस्थितियों में यह स्थिति गंभीर भी हो सकती है। यह नवजात के एक पैर या दोनों पैरों में भी दिखाई दे सकती है।

पैर की मांसपेशियों को पैर की हड्डियों से जोड़ने वाले टेंडेंस के छोटे और तंग होने के कारण यह विकृति होती है, जिस कारण शिशु का पैर अंदर की तरफ मुड़ जाता है। अगर गंभीर स्थिति न हो तो बच्चे को प्लास्टर लगाकर ठीक किया जा सकता है।

वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ.फहीम अंसारी ने बताया कि कभी-कभी कुछ बच्चों में प्लास्टर लगाने के बाद भी पैरों में पूरी तरह से टेढ़ापन दूर नहीं होता है। जब क्लब फुट ज्यादा गंभीर स्थिति में होता है तो ऐसी स्थिति में बच्चे के लिए सर्जरी बेहतर विकल्प हो जाता है।

सर्जरी में बच्चे के पैर के टेंडेंस, लिगामेंट्स, हड्डियों और जोड़ों को उनकी सही जगह पर किया जाता है। सर्जरी के बाद बच्चे को काफी आराम मिलता है और उसे चलने-फिरने में भी अधिक दिक्कत नहीं होती है।



डॉ.फहीम अंसारी। अमृत विचार



डॉ.रवि गर्ग। अमृत विचार

### जन्म से एक माह का समय काफी महत्वपूर्ण

- डॉ.फहीम अंसारी ने बताया कि अगर जन्म के समय किसी बच्चे के पैर में टेढ़ापन हो तो उसे आम समस्या बिल्कुल नहीं समझनी चाहिए। यह क्लबफुट का संकेत हो सकता है। एक या दो सप्ताह में इसके लक्षण पैरों में दिखने लगते है। ऐसे में बिना समय गवाएं अभिभावकों को हैलट के आर्थो विभाग में इलाज के लिए आना चाहिए। ताकि समय पर आने पर स्थिति को विकराल रूप लेने से बचाया जा सके और पैरों का टेढ़ापन दूर हो। अभिभाव बच्चे को जन्म से एक माह तक लाते है तो बच्चे के पैर ठीक होने की संभावना अधिक होती है। लेकिन यही अगर अभिभावक खुद तेल मालिश कर उसे सही करने के प्रयास में समय गवाते है तो बच्चे की दिक्कत बढ़ती है। हैलट में क्लब फुट से ग्रस्त बच्चे को निशुल्क प्लास्टर लगाया जाता है।

# बड़ा चौराहे पर सड़क का एक हिस्सा खोला गया

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो बारिश से पहले परियोजना कार्य से जुड़े सभी मार्गों को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रहा है। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक बड़ा चौराहा में मेट्रो चरणबद्ध ढंग से सड़कों को खोल रहा है। रविवार को जेड स्क्वायर मॉल के पास सड़क का एक हिस्सा खोल दिया गया, जिससे ट्रैफिक में मदद मिली है।

अधिकारियों के अनुसार सड़कों का सुधार और निर्माण कार्य भी मेट्रो के कार्य के समानांतर किया जा रहा है। मेट्रो ने बताया कि हाल के महीनों में कानपुर मेट्रो ने बारादेवी से नौबस्ता तक और चुन्नीगंज-नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन के निकट विभिन्न मार्गों पर बैरिकेडिंग हटाई है, जिससे राहगीरों के लिए आवाजाही पहले के मुकाबले सुगम हुई है। धूल उत्सर्जन के शमन के लिए सभी मार्गों पर सतत रूप से प्रयास भी किए जा रहे हैं।



बड़ा चौराहा पर नई सड़क का एक हिस्सा खोला गया। अमृत विचार

# बुर्कानशी अपहर्ता का कोई सुराग नहीं

**❍ अपहरणकर्ता का पोस्टर बनवाकर बच्चे को ढूंढ़ रहे दंपति ❍ बेकनगंज का मामला, सीसीटीवी में घटना कैद**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेकनगंज थाना क्षेत्र में नौ महीने के बच्चे के अपहरण के मामले में पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल सका। पुलिस 48 घंटों से सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने में जुटी है, लेकिन ऑपरेशन त्रिनेत्र भी पूरी तरह से फेल है। नौ महीने के बच्चे के अपहरण के बाद माता-पिता और उसके भाई बहन दहशत में हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

बिजली न आने के कारण नौ माह के बच्चे ईशान को उसकी बहन सिमी और मिमी बेकनगंज चूड़ी बाजार में लेकर निकली थीं। सिमी के अनुसार एक बुर्का पहने महिला ने उन लोगों को पहले पानीपूरी (गोलगप्पा) खिलाया, फिर लस्सी लाने के पैसे दिए। वह जब लस्सी लेने के लिए गई तो इतने में वह महिला उसके भाई को लेकर गायब हो गई। दोनों बहनों ने बाजार में काफी ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह निकल गई। फिलहाल पुलिस ने संदेह के आधार पर उन्नाव की महिला समेत अन्य संदिग्धों को उठाया था, लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला। बेकनगंज पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी महिला की तलाश में जुटी है।

मूलरूप से झारखंड के पाकुड़ के रानीपुर जिले के रहने वाले आफताब ने बताया कि वह परिवार के साथ बेकनगंज में तीन महीने पहले रहने आया था। उसके छह बच्चे इमरान, सिमी, मिमी, तबस्सुम, इस्लाम और नौ माह का ईशान हैं। 29 मई को शाम सात बजे बेकनगंज इलाके में बिजली नहीं आ रही थी और बच्चा ईशान रो रहा था। इसी दौरान पत्नी मोमिना ने गर्मी के कारण बेटी सिमी और मिमी से बाजार घुमा कर आने के लिए कह दिया था। दोनों बोटियों ने पुलिस को बताया कि इस दौरान चूड़ी बाजार के पास बुर्का पहने हुए एक महिला आई और दोनों बहनों के साथ बच्चे को दुलारने लगी।

**● घटना के बाद से दहशत में हैं दंपति और उनके बच्चे**


घटना की जानकारी देते परिजन व बच्चे। अमृत विचार


पोस्टर दिखाकर बाजार में लोगों से आरोपी की पहचान कराते परिजन। अमृत विचार

### गली-गली बच्चे को ढूंढ़ रहा परिवार

- नौ महीने के बच्चे का अपहरण होने के बाद मां मोमिन का रो-रो का बुरा हाल है। उनका कहना है कि दो दिन बीत गया है, लेकिन पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। दंपति थाने-चौकी के चक्कर काटने के साथ ही तपती दोपहरिया में गली-गली अपहर्ता महिला का पोस्टर लेकर ढूंढ रहे हैं। परिजनों ने शुक्लागंज, डिप्टी पड़ाव, चमनगंज, बांसमंडी, बेकनगंज आदि क्षेत्रों में दीवारों पर पोस्टर चस्पा किया है और लोगों से मदद मांगी है।

### पड़ोसी जिलों की पुलिस से संपर्क

- बेकनगंज थाना प्रभारी पकंज त्यागी ने बताया कि मामले में क्राइम ब्रांच की टीम भी काम कर रही है। प्रथम दृष्यटा महिला आपराधिक प्रवृत्ति की लग रही है। पुलिस ने कानपुर के साथ ही आसपास जिले की पुलिस को महिला बच्चा चोर की फोटो शेयर की है। जल्द ही बच्चे को बरामद करके आरोपी महिला को जेल भेजा जाएगा।

### पहले गोलगप्पा खिलाया फिर दिए लस्सी के पैसे

- **कानपुर।** दोनों बेटियां को पानी पूरी खिलाया। इसके बाद 50 रुपये देकर लस्सी लाकर पीने के लिए कहा। इसके बाद उस बुर्के वाली महिला ने ईशान को गोद में ले लिया। वह दोनों जब लस्सी लेकर लौटी तो महिला बच्चे का अपहरण करके भाग गई थी। बहनों ने बताया था कि वह भागते-भागते घर पहुंची और घटना की जानकारी मां और पिता को दी। जिसे सुनकर उन लोगों के होश उड़ गए। सूचना पर पिता आफताब बेकनगंज थाने पहुंचे और बच्चे का अपहरण होने की जानकारी दी।

### सीसीटीवी फुटेज से कोई कामयाबी नहीं

सूचना पर बेकनगंज पुलिस ने जांच शुरू की तो पूरी कहानी सही पाई गई। दोनों बहनों ने जैसा बताया था सीसीटीवी फुटेज में ठीक उसी तरह बच्चे को ले जाते हुए एक बुर्का पहने हुए महिला दिखाई पड़ी। बेकनगंज पुलिस के अतिरिक्त निरीक्षक रिजवान खान ने बताया कि घटनास्थल से लेकर आसपास इलाके के सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं, लेकिन किसी दुकानदार का कैमरे केवल उसकी दुकान का कवर कर रहा है, या किसी दुकान में लगा कैमरा बाहर की तरफ है जिसमें काफी खराब फुटेज हैं। उसमें कुछ भी स्पष्ट नहीं दिख रहा है।

## कब्जे का विरोध करने पर मारपीट

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में किराए पर रहने आए आरोपी परिवार ने चार फ्लैटों पर कब्जा कर लिया। आरोप है, कि इस बात का विरोध किया तो मारपीट कर दी। पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जाजमऊ के एमरॉल्ड गुलिस्तां निवासी नौशाद अहमद के अनुसार कुछ वर्ष पहले उन्होंने अपनी पत्नी के नाम से पोखरपुर में एक प्लॉट खरीदा था। जिसमें उन्होंने बिल्डर के साथ मिलकर अपार्टमेंट बनवाया। उस अपार्टमेंट में चार फ्लैट उनके थे। वर्ष 2018 में उन्होंने एक फ्लैट नियाज अहमद और उनकी पत्नी महलका को किराए पर दिया। वे अपने परिवार के साथ रहने लगे। कुछ माह तक तो किराया मिलता रहा। लेकिन उसके बाद किराया देना बंद कर दिया। इस पर उन्होंने आरोपियों से बात की तो वे उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और मारपीट करने लगे।

आरोप है, कि उन्होंने कई बार जाजमऊ थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नौशाद ने बताया कि 19 फरवरी को वे अपने फ्लैट पर गये थे जहां नियाज समेत उनके बेटे अमस अहमद, माज अहमद, बेटी साहिबा समेत अन्य लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनसे मारपीट की और सिर पर तमंचा लगा दिया। किसी तरह से वे अपनी जान बचाकर वहां से निकले।

# छह दिन में मिले 58 शव अभी अबूझ पहेली बने

- रविवार को 14 शवों का पोस्टमार्टम, 35 शवों को रोका गया
- कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मिल रहे अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी में रोजाना कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में अज्ञात शवों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। नौतपा में गर्मी कहर बनकर लोगों पर टूट रही है। दो जून को देर शाम तक चार अज्ञात शव महाराजपुर, नौबस्ता, कलक्टरगंज और घाटमपुर में पड़े पाए गए। जिनकी शिनाख्त नहीं की सकी। पिछले 28 मई से लेकर दो जून तक कुल 68 अज्ञात शव पड़े पाए गए। जिसमें से 10 की पहचान हो गई। आखिर ये 58 अज्ञात शव किसके हैं, जो जिन्हें गुमनामी का कफन ओढ़ा दिया गया।

सड़क पर मृत मिले इन लोगों की मौत को जिला प्रशसन ने बीमारी और अन्य कारण बताएं लेकिन हीट स्ट्रोक और प्रचंड गर्मी से पुष्टि नहीं की। पहली बार इतनी बढ़ी संख्या में गर्मियों में अज्ञात शवों के मिलने के चलते हड़कंप मचा पड़ा है। पोस्टमार्टम से लेकर मार्चुरी तक चारों ओर केवल शवों से सडांध उठ रही है। चूंकि, अज्ञात का पोस्टमार्टम 72 घंटे बाद होता है, इस कारण रविवार को कुल 14 अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

वहीं अज्ञात और अज्ञात शवों के पोस्टमार्टम नहीं हो सके। वहीं शनिवार को अपर जिलाधिकारी राजेश सिंह और सीएमओ आलोक रंजन ने पोस्टमार्टम में फैली अव्यवस्था की जानकारी होने पर निरीक्षण किया था। इसके बाद वहां पर दो कूलर, एक एसी व स्ट्रेचर के साथ नगर निगम से पानी टैंकर की सुविधा उपलब्ध कराई थी।

### रविवार को यहां मिले अज्ञात शव

नौबस्ता थानाक्षेत्र में बसंत विहार जिओ ऑफिस के बाहर 40 वर्षीय ई रिक्शा चालक का शव रिक्शे में पड़ा पाया गया। आसपास के लोगों ने हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जताई। वहीं कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में झकरकटी ओवरब्रिज के पास सर्विस लेन पर 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। इसी प्रकार महाराजपुर थानाक्षेत्र में लव द ढाबा छीवली नदी के पास फ़तेहपुर से कानपुर जाने वाली लेन पर ट्रक में ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को मार्चुरी हाउस भिजवा दिया। वहीं घाटमपुर इलाके में भी एक अज्ञात शव पड़ा पाया गया। पहचान न होने के कारण शव को मार्चुरी भिजवा दिया गया।

# एसीपी ने लिए दुकानदारों के बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● बर्रा में पुलिस कर्मियों ने होटल संचालक और कर्मचारियों से की थी मारपीट**

**अमृत विचार।** बुधवार रात बर्रा थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों द्वारा होटल संचालक और कर्मचारियों से मारपीट की गई थी। इस मामले की जांच करने रविवार को एसीपी नौबस्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस प्रकरण में आसपास के दुकानदारों के बयान दर्ज करेगी।

रतनलाल निवासी शुभम सिंह का बर्रा पाल टावर के पास नानवेज का होटल है। 29 मई को होटल बंद होने के बाद कार सवार पुलिस कर्मियों ने खाना न मिलने पर होटल संचालक व कर्मचारियों से मारपीट की। इस दौरान वीडियो बनाने पर दरोगा हिमांशु चौधरी और अरुण कुमार ने मोबाइल छीनकर तंदूर में डाला दिया।

आरोप है कि मौके पर पहुंचे जनता नगर चौकी प्रभारी कमलदीप ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की तो एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह को जांच सौंपी गई। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने होटल संचालक और कर्मचारियों समेत पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

वह रविवार को घटनास्थल के आसपास दुकानदारों का बयान दर्ज करने गए थे लेकिन, रविवार को दुकानें बंद होने के कारण बयान दर्ज नहीं हो सके। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में भी अभी कुछ नहीं मिला है। सोमवार को वह दोबारा दुकानदारों को बयान दर्ज करने जाएंगे। साथ ही अन्य जांच भी की जाएगी। जिसके बाद ही घटना की सही जानकारी होगी।

# डिपार्टमेंटल स्टोर से माल चोरी, गार्ड पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में स्थित एक डिपार्टमेंटल स्टोर से लाखों का माल पर हो गया। इस पर स्टोर संचालक ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो उसमें स्टोर में तैनात गार्ड चोरी करते दिखा। जिसके बाद संचालक ने गार्ड पर मुकदमा दर्ज कराया है। गांधीनगर निवासी सानन्द मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनका एल्पाइन एक्सप्रेस के नाम से जाजमऊ के डिफेंस कॉलोनी में डिपार्टमेंटल स्टोर है। पिछले कुछ दिनों से रोजाना ऑडिट में माल कम हो रहा था। एक अंजान नंबर से फोन आया, जिसने बताया कि उनके स्टोर से माल चोरी कर बाजार में बेचा जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में करीब चार लाख का माल चोरी हो गया। उन्होंने स्टोर में लगे सीसीटीवी में देखा तो वहां तैनात गार्ड पटेल नगर निवासी अखिलेश सिंह झोले में माल चोरी कर जाते दिखा।

# बहू को छेड़ा, गला दबाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● बाबूपुरवा का मामला, पति के अवैध संबंध का पता लगाने पर रोका था**

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में पति के अवैध संबंध का पता लगाने निकली विवाहिता को ससुरालीजनों ने रोक लिया। आरोप है, कि इस दौरान ससुर ने छेड़खानी की और विरोध करने कर मारपीट करते गला दबाने का प्रयास किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पनकी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनका विवाह बाबूपुरवा में रहने वाले युवक से हुआ था। कुछ समय बाद उन्हें जानकारी हुई की पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध है। जिस कारण वह पनकी स्थित अपने मायके में रहने लगी। 29 मई को वह पति के अवैध संबंध की जानकारी करने लिए गई थी। इस दौरान किदवई नगर चौराहा पर ससुर ने उन्हें देख लिया। जिसके बाद ससुर उनसे छेड़खानी करने लगे। इस दौरान वह खुद को बचाने के लिए एक घर में घुस गई।

आरोप है कि ससुर ने परिवार के अन्य सदस्यों को बुला लिया। जिसके बाद ससुरालीजन ने पहुंचकर गाली-गलौज व मारपीट की। इस बीच आरोपियों ने दुपट्टे से उनका गला कसकर जान से मारने की प्रयास किया। वह बेसुध हो गई तो आरोपी ससुरालीजन उन्हें मृत समझकर भाग गए। इतना ही नहीं आरोपी ससुरालीजन उनके मायके वालों को जान से मारने की धमकी दे रहे है। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कस्टमर केयर अधिकारी बन उड़ाए 1.40 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने के बाद आरोपी पर दर्ज की गई रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** पनकी थाना क्षेत्र में शातिर साइबर ठग ने कस्टमर केयर अधिकारी बनकर एक युवक के खाते से 1.40 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित का आरोप है, कि मामले की शिकायत साइबर सेल में की मगर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

गंगागंज गांव निवासी हृदयेंद्र कुमार के अनुसार 16 मई को वह ऑनलाइन खरीदारी एवं बेचने के लिए सेलर आईडी बनाने के लिए फ्लिपकार्ड कस्टमर केयर का नंबर गूगल पर सर्च कर रहे थे। तभी उसमें एक नंबर मिला, बात करने वाले ने खुद को कस्टूमर केयर अधिकारी बताते हुए उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक खोलते ही उनके खाते से कई बार में 1.40 लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। जब उन्होंने दोबारा कॉल किया तो फोन नहीं लगा। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी।

# पान-मसाला के नए नियम से होगा उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● खाद्य सुरक्षा व औषधि राज्यमंत्री ने विचार की बात कही**

**अमृत विचार।** तंबाकू व पान-मसाला की एक साथ बिक्री पर रोक के संबंध में रविवार को कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन व व्यापारियों की बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों ने कहा कि जारी आदेश की गलत व्याख्या की जा रही है। आदेश में निर्माण इकाइयों का जिक्र है, मगर अब उसमें शहर के छोटे दुकानदारों को भी शामिल किया जा रहा है। यह भी कहा कि व्यापारियों को पास जो माल है, वह उसे कहां ले जाए। इस पर अधिकारियों ने दो दिन की मोहलत दी है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना में एक परिसर में पान-मसाला व तंबाकू निर्माण, बिक्री रोकने का आदेश है। इसी पर रविवार को व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों संग बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त-खाद्य विजय प्रताप सिंह रहे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि संबंधित आदेश की गलत व्याख्या की जा रही है। आदेश केवल निर्माण इकाइयों पर लागू है। इसमें छोटे दुकानदारों को घसीटा जा रहा है। माल भंडारण का हवाला देने पर अधिकारियों ने दो दिन का समय दिया। बैठक के बाद व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रसाशन राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु से फोन पर वार्ता की और पूरी जानकारी दी। इस पर उन्होंने मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने अपर जिलाधिकारी को भी आदेश के संबंध में दोबार विचर करने को कहा। वहीं सहायक आयुक्त-खाद्य ने कहा कि आदेश गुमटी लगाने वालों से लेकर सभी व्यापारियों पर लागू होता है।


कारोबारियों के साथ बैठक करते एडीएम सिटी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


स्वास्थ्य शिविर में जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

### रोटरी क्लब के कैंप में 150 लोगों ने कराई दिल की जांच

**कानपुर।** सिंधी कॉलोनी संत कंवर हाल में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साउथ, जीआरएस हॉस्पिटल व ओल्ड सक्खर पंचायत ने निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए जसबीर सिंह भाटिया ने किया। उन्होंने कहा कि सबको नियमित अपनी जांच कराना चाहिए। ताकि समय से बीमारी का पता चल सके। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज वरयानी ने कैंप में 150 से अधिक लोगों के दिल की निशुल्क जांच करने के साथ उनको परामर्श दिया। रोटरी क्लब कानपुर के अध्यक्ष अमित खत्री ने बताया कि इस भयंकर गर्मी में हृदय रोग से होने वाली मौतों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसलिए हृदय की नियमित जांच जरूर करानी चाहिए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि घनशयाम छाबड़ा, सचिव सुमित खन्ना, जेअस भाटिया, अमित खत्री, अनिल डोडवानी, ललित श्यामदासानी, गौरव सेवानी, विकास खत्री , अजय देहर, अजय आहूजा, सभासद अरविंद यादव आदि रहे।

### फर्जी आईडी बनाकर की आपत्तिजनक पोस्ट

**कानपुर।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में फेसबुक पर युवक की फर्जी आईडी बनाकर साइबर ठग ने उनके परिचित लोगों को धमकी देते हुए उनकी अश्लील फोटो पोस्ट कर दी। जानकारी पर पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंद नगर थाने में की। गोविंद नगर के पीली लेबर कालोनी निवासी राकेश गुप्ता के अनुसार कुछ दिनों पहले उनके नाम से किसी ने सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर उनकी फोटो लगाकर उस आईडी से आपत्तिजनक फोटो पोस्ट की। इसके अलावा उनके दोनों नंबरो को डालने के साथ ही जानने वालों को जान से मारने की धमकी के मैसेज भेज रहा है। जिसके चलते वह अवसाद में रहने लगे है। पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंद नगर थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### स्वदेशी कॉटन मिल से आठ जुआरी गिरफ्तार

**कानपुर।** शनिवार शाम जूही थाने से एक किमी दूरी पर स्थित स्वदेशी कॉटन मिल में पुलिस ने आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 15 दिनों से यहां पर जुआड़खाना संचालित हो रहा था। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर शनिवार शाम जूही पुलिस ने स्वदेशी मिल में छापा मारकर आठ जुआरियों को पकड़ा। जिसमें प्रदीप जायसवाल, अफजाल अहमद, राजबहादुर यादव, साबिर हुसैन समेत आठ लोग शामिल थे। आरोपियों के पास से 28,460 रुपये बरामद हुए हैं। मामले में जुआड़खाना संचालक तलहा अख्तर उर्फ जैन और मासूम पुलिस को फरार हो गए। दोनों मूलगंज रोटीवाली गली में जुआड़खाना चला रहे थे। जूही कार्यवाहक थाना प्रभारी विधिचन्द्र यादव ने बताया कि जुआ अधिनियम में कार्रवाई की गई है।

### दो स्थानों पर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** दबौली रतनलाल नगर निवासी हिमांशु गौतम साढ़ स्थित राजकीय नलकूप असेनिया पर कार्यरत है। 22 मई को चोरों ने राजकीय नलकूप के बाहर परिसर से 11 कालम पाइप चोरी कर ले गये। किसानों द्वारा उन्हें घटना की जानकारी हुई। इस पर उन्होंने मामले की शिकायत साढ़ थाने में की। वहीं, पनकी गंगागंज निवासी जितेंद्र सिंह के अनुसार घर पर ही उनकी किराने की दुकान है। 31 मई को दो लड़के सुमित व आर्यन ने दुकान में रखी गुल्लक से 11 हजार रुपये चोरी कर लिये। जब उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो वह लोग भाग निकले। पीड़ितों ने मामले की शिकायत थानों में की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

**बड़ी मुसीबत** — शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, मिनी कंट्रोल रूम में सूचना पर पहुंची दमकल

# आग ने मचाई आफत, दिन भर दौड़ती रहीं दमकल गाड़ियां


हूलागंज में जली पड़ी नमकीन कारखाने की दुकान।


पनकी में धू-धूकर जलते टायर को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को सुबह से लेकर रात तक अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं होती रहीं। मिनी कंट्रोल में आई सूचना के बाद पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में पीड़ितों का काफी नुकसान हो गया।

### पहली घटना — पनकी मौरंग मंडी के पास ढाबा समेत तीन दुकानों में लगी आग

पनकी थानाक्षेत्र में मौरंग मंडी के पास स्थित पंचर की दुकान में रखें टायरों में लगी आग ने बगल में स्थित ढाबे व एक अन्य दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पूरे इलाके में धुआं फैल गया। पनकी पडाव़ स्थित मौरंग मंडी के सामने रेलवे लाइन के किनारे रविवार शाम सिट्ठा के पेड़ों की झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते हवा के तेज बहाव से बढ़ने लगी। रेलवे लाइन के किनारे स्थित गंगागंज निवासी राहुल ठाकुर और सोनू चौहान का दद्दा होटल और गंगागंज निवासी हरीश चन्द्र दुबे की रोहित लुब्रिकेटिंग ऑयल तथा उसके आगे स्थित अमजद की पुराने टायरों के गोदाम आग की चपेट में आ गए। धू-धूकर जल रही आग देख सामने स्थित सिंह फ्यूल सेन्टर के मालिक देवेंद्र सिंह गौर ने फॉयर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी। सूचना पर बगल में स्थित पड़ाव सब स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन उसका पानी खत्म हो गया। तब तक आग ने तीनों दुकानों को पूर्ण रूप से अपनी चपेट में ले लिया, और आसपास का इलाका धुएं से भर गया। वहां रहने वालों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी। बगल में स्थित धुलाई सेंटर से पानी लेने की कोशिश की गई लेकिन तब तक आग के चलते विद्युत सप्लाई बंद करवा दी गई। सूचना पर फजलगंज से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, और आग पर काबू पाने की कोशिश की। तभी रोहित लुब्रिकेटिंग ऑयल की दुकान में रखे ड्रम तेज आवाज से फटने लगे जिससे अफरा तफरी मच गई। इसके साथ ही बगल में स्थित टायर गोदाम में रखे करीब 100 नए, पुराने टायर भी जलने लगे। इसके बाद मीरपुर, किदवई नगर व कर्नलगंज से अतिरिक्त दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। लगभग 25 टैंकर पानी से लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक तीनों दुकान जलकर राख हो गईं।

### हूलागंज के नमकीन कारखाने में आग लगने से हड़कंप

**दूसरी घटना** शनिवार देर रात हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र के हूलागंज इलाके में देर रात नमकीन कारखाने में आग से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया, देर रात 1:55 बजे विकास गुप्ता ने फायर स्टेशन पर हूलागंज चौराहे के पास दुकान में आग लगने की जानकारी दी। तत्काल लाटूश रोड फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियों को रवाना किया। संवेदनशील क्षेत्र होने के चलते एक फायर टेंडर कर्नलगंज फायर स्टेशन से भी भेजा गया। एफएसओ कैलाश चंद्रा के नेतृत्व में दमकल टीम ने अगल-बगल स्थित किराना दुकानों को भी खाली कराया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से लाखों का नुकसान हो गया है।

### तीसरी घटना — कोयले की बोगी में लगी आग

जूही यार्ड में खड़ी कोयले की बोगी में आग की सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं ग्वालटोली क्षेत्र में एल्गिन मिल के जंगल में आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं गुजैनी के तात्या टोपे नगर में पार्क में आग की सूचना पर एफएस फजलगंज से यूनिट पहुंची एवं आग को बुझाया।

# तैयारियां पूरी, कल होगी मतों की गिनती

## जुलूस निकालने पर पूरी तरह से रहेगी रोक, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल नौबस्ता गल्लामंडी में कानपुर में हुए लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। डीसीपी पूर्वी की जहां व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी होगी वहीं यातायात व्यवस्था का जिम्मा डीसीपी ट्रैफिक पर सौंपा गया है।

डयूटी में तीन एडीसीपी और 14 एसीपी पूरे परिसर की निगरानी करेंगे। व्यवस्था में दो कंपनी एसएसबी, दो कंपनी पीएसी और चार हजार जवान तैनात रहेंगे। तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जाएगी। जीतने वाले प्रत्याशी की सुरक्षा का जिम्मा भी पुलिस पर होगा। जुलूस निकालने पर पूरी तरह से रोक है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा:** पहले घेरे में परिचय पत्र के बिना किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यहां से दूसरे घेरे में पुलिसकर्मियों द्वारा अंदर दाखिल होने वालों की चेकिंग की जाएगी। महिलाओं की चेकिंग महिला पुलिस या होमगार्ड करेंगी।

**विजेता का घर तक ले जाएंगे थाना प्रभारी:** मतगणना के बाद प्रत्याशी के विजयी घोषित होने के बाद उन्हें घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थाना प्रभारी की होगी। उनके साथ दो एसआई और नौ कॉन्स्टेबल और दो महिला आरक्षी मौजूद रहेंगी।

### इंट्री गेट पर रहेगी यह व्यवस्था

- मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों समेत प्रत्याशी व उनके एजेंट को रिटर्निंग अफसर द्वारा दिए पास दिखाकर यहां से प्रवेश ले सकेंगे।
- मोबाइल, विस्फोटक, आर्म्स, लाइटर, मॉचिस, सिगरेट आदि पर प्रतिबंध रहेगा।
- मुख्य द्वार पर ही फायर टेंडर, टीयर गैस, घुड़सवार पुलिस, डीएफएमडी व दंगा नियंत्रण उपकरण आदि उपलब्ध रहेंगे।
- एंटीसेबोटाज, माइंस डिटेक्टर व डॉग स्क्वायड परिसर का निरीक्षण करेंगे।
- स्ट्रांग रूम से काउंटिंग स्थल तक ईवीएम को सुरक्षित ले जाने के लिए कॉरिडोर बनाया गया है, जिसकी जिसके इंचार्ज एक एसआई होंगे।
- काउंटिंग सेंटर पर ही कंट्रोल रूम बनाया गया है, रेडियो विभाग के कुशल परिचालकों को यहां नियुक्त किया जाएगा।

### इनको मिली खास जिम्मेदारी

- एलआईयू अपराधियों, असामाजिक तत्वों व शरारती तत्वों के संबंध में अभिसूचना जुटाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।
- 4 जून की सुबह 6 बजे से पहले मतगणना परिसर की एंटीसबोटाज चेकिंग कराकर सभी मतगणना केद्र के संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी को प्रमाण पत्र सौपेंगे।
- पर्याप्त फायर टेंडर उपलब्ध कराना मुख्य अग्निशमन अधिकारी की जिम्मेदारी होगी।

# हमीरपुर रोड पर डायवर्जन

**कानपुर।** गल्लामंडी में कल होनी वाली मतगणना को लेकर कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह के अनुसार लखनऊ से हमीरपुर को जाने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन और मध्यम मालवाहक वाहन नौबस्ता से आगे नहीं जा सकेंगे। ये नौबस्ता से सचेंडी मूसानगर भोगनीपुर होते हुए घाटमपुर की तरफ से जा सकेंगे।



वहीं घाटमपुर से कानपुर की तरफ आने वाले भारी व मध्यम मालवाहक वाहन नौबस्ता की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन चौड़गरा मूसानगर भोगनीपुर होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे। ये डायवर्जन तीन जून की रात 12 बजे से चार जून की रात 10 बजे तक लागू रहेगा। डीसीपी ने सभी जनमानस से अपील की है कि अपने गन्तव्य के लिए समय से निकले व आवश्यकतानुसार वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

### इन रास्तों से होकर गुजर सकेंगे हल्के वाहन

सभी हल्के वाहन नौबस्ता बंबा वैष्णवी हॉस्पिटल से बाएं मुड़कर आवास विकास होते हुए समाधि पुलिया होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। वहीं सेन पश्चिमपारा चौकी से नौबस्ता के तरफ कोई भी हल्के वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन सागरपुरी मोड़ से होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। ये डायवर्जन चार जून को सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक लागू रहेगा।

### यहां पार्किंग व्यवस्था

मतगणना अधिकारी, ऑपरेटर व अन्य कर्मचारियों के सभी वाहन नवीन गल्ला मंडी गेट नंबर 01 से अंदर जाकर एसबीआई से सीधे सड़क व दाहिने मुड़कर रोड़ के दोनों तरफ चार पहिया व दोपहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है।

# 10 संसदीय क्षेत्रों का लेखा-जोखा एकत्र करेगा भाजपा क्षेत्रीय दफ्तर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक कर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बनाई पुख्ता रणनीति
- क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ मॉनीटरिंग टीम के सदस्य सुबह से संभालेंगे मोर्चा

**अमृत विचार।** चार जून को मतगणना के दिन कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 10 लोकसभा क्षेत्र में जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी अपने-अपने जिलों और लोकसभा में उपस्थित रहेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में तय किया गया कि क्षेत्रीय मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय पदाधिकारी और मॉनिटरिंग टीम के सदस्य सुबह आठ बजे से मोर्चा संभालेंगे। कंट्रोल रूम में मौजूद पदाधिकारी हर राउंड का लेखा-जोखा एवं कहीं भी मतगणना स्थल पर किसी प्रकार की सूचना आने पर संबंधित अधिकारियों एवं अपने नेताओं को सूचित करेंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा एनडीए गठबंधन का बहुमत आते ही क्षेत्रीय मुख्यालय पर शाम छह बजे जश्न मनाया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी आनंद राजपाल सुनील बजाज एवं लालू गंगवानी संभालेंगे। बैठक के बाद एग्जिअ पोल में अरुणंचल प्रदेश में भाजपा के दो तिहाई बहुमत प्राप्त होते ही एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर बधाई दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी उससे पहले ही अरुणाचल प्रदेश में दो तिहाई बहुमत यह स्पष्ट संकेत देता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 400 पार सीटों के साथ सरकार बनने जा रही है। क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि 4 जून को बहुमत प्राप्त होते ही क्षेत्रीय मुख्यालय को बिजली की झालरों से जगमग किया जाएगा। मुख्यालय पर क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वीना आर्य, अखिलेश बाजपेई, राम कुमार द्विवेदी, प्रमोद अग्रहरी, मोहित पांडे, दीप अवस्थी, मयंक भट्ट, हर्ष द्विवेदी, वीरेंद्र तिवारी, पवन पांडे, मोहित सोनकर कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी संभालेंगे।




### एग्जिट पोल के रुझान पर भाजपाइयों ने लस्सी पिलाई

**कानपुर।** एग्जिट पोल में अरुणाचल प्रदेश में सरकार बनने की खुशी में भाजपा दक्षिण जिला इकाई के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने साइट नंबर वन में स्टाल लगाकर राहगीरों को लस्सी पिलाई। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं विधायक सुरेंद्र मैथानी ने राहगीरों को लस्सी पिलाई। गर्मी से बेहाल राहगीरों ने ठंडी लस्सी पीकर राहत की सांस ली। जसविंदर सिंह, विनोद मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, अर्जुन बेरिया, संजीव बेरी, योगेंद्र सिंह, नरेश कठेरिया, कमलजीत सिंह बग्गा, प्रवीण मिश्रा, विक्की मुर्जानी आदि मौजूद रहे।

# चैंपियनशिप के लिए कड़ी प्रैक्टिस करें खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


वार्षिक एजीएम में बैडमिंटन संघ की वेबसाइट लांच करते अध्यक्ष डॉ. एके अग्रवाल। अमृत विचार

- जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की वेबसाइट लॉन्च

**अमृत विचार।** बैडमिंटन संघ की वार्षिक एजीएम में अगस्त माह में अंडर-15 व 17 की राज्य स्तरीय चैंपियनशिप की घोषणा के साथ जिला बैडमिंटन संघ की वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर बैडमिंटन संघ के सदस्यों ने सालभर आयोजित होने वाले खेलों की रूपरेखा भी तैयार की।

जिला बैडमिंटन संघ का वार्षिक एजीएम रविवार को तिलक नगर स्थित एक प्रतिष्ठान में हुआ। जिसमें जिला बैडमिंटन संघ की वेबसाइट का लोकार्पण संघ के अध्यक्ष डॉ. एके अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया अब kdba.co.in वेबसाइट पर बैडमिंटन से संबंधित सभी कार्यक्रम व आगामी प्रतियोगिताएं, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं एक क्लिक पर घर बैठे मिल सकेंगीं। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि आने वाला समय डिजिटल का है। इसलिए समय रहते हमें खुद को इस आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। इसमें खिलाड़ियों का भी हित है।

उन्होंने बताया कि शहर में नौ से 12 अगस्त तक अंडर-15 व 17 की राज्य स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता होनी है। उसकी तैयारी में अभी से जुट जाए। खिलाड़ियों को चैंपियनशिप के लिए तैयार करना शुरू कर दें और खिलाड़ी भी प्रैक्टिस में पसीना बहाएं। इस मौके पर बैडमिंटन संघ के सचिव डीपी सिंह, वाइस प्रेसिडेंट सुशील गुप्ता, महीप सक्सेना, सौरभ श्रीवास्तव, आशुतोष सत्यम झा, ट्रेजरार केशव द्विवेदी, आशीष गौड़, रवि दीक्षित, इरशाद अहमद, मनीष सिंघल आदि मौजूद रहे।

# अध्यक्ष और महामंत्री पद पर कांटे का मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव, आठ जून को मर्चेंट चेंबर में पड़ेंगे वोट

**अमृत विचार।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव में एक ओर अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर जहां सीधा मुकाबला है तो दूसरी ओर एडमिन एवं सांस्कृतिक सचिव पद पर भी मुकाबला है।

सत्र 2024-25 के लिए सेल्स के लिए टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव आठ जून को मर्चेंट चेंबर सभागार में सुबह 10.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक मतदान होगा। अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर कांटे का मुकाबला होगा। रविवार को कोई भी नामांकन वापस नहीं हुआ। नाम वापसी का समय बीत जाने के बाद अब स्थिति स्पष्ट हो गई है। चुनाव के चलते प्रत्याशियों के साथ ही सेल्स टैक्स से जुड़े समर्थक अधिवक्ता भी चुनावी गणित लगा रहे हैं। मुकाबले वाले पदों के प्रत्याशी वोट मांगने में जुटे हैं और अपने-अपने पक्ष में प्रचार भी कर रहे हैं। रविवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष रियाजुद्दीन जुनैदी ने बताया कि कोई भी नाम वापसी नहीं हुई है।

अध्यक्ष पद पर विमल कटियार एवं एसके अग्निहोत्री के बीच मुकाबला है तो महामंत्री पद पर अरविंद शुक्ल एवं मुकुंद दास गुप्ता के बीच चुनाव है। एडमिन सचिव पद पर दीपक द्विवेदी एवं मनोज कुमार सिंह के बीच चुनाव हो रहा है तो सांस्कृतिक सचिव पद पर रमेश चंद्र यादव एवं प्रमोद कुमार तिवारी के बीच मुकाबला होगा। अन्य पदों पर एक-एक ही आवेदन आया है।

## सार-संक्षेप


रैली निकालते दिव्यांग एसोसिएशन के लोग। अमृत विचार

### 'हेलमेट नहीं लगाओगे तो दिव्यांग हो जाओगे'

**कानपुर।** विकलांग एसोसिएशन ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए विजय नगर चौराहे से जागरूकता रैली निकाली| रैली में दिव्यांगजन हाथों में तख्ती लेकर चल रहे थे। जिसमें जागरूकता संदेश लिखे हुए थे। रैली में तख्ती के माध्यम से संदेश दिया गया। हेलमेट नहीं लगाओगे तो हम जैसे (दिव्यांग) हो जाओगे, नशा करके गाड़ी चलाओगे तो यमलोक पहुंच जाओगे। सुरक्षा बिना सब व्यर्थ है। विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अधिकतर दुर्घटना बिना ड्राइविंग लाइसेंस के अनट्रेन्ड व्यक्तियों के वाहन चलाने और ओवरलोडेड वाहनों से होती हैं। मार्ग दुर्घटना में 20 फीसदी के लगभग लोग दिव्यांगता के शिकार हो जाते हैं। यातायात नियमों का खुद पालन करें और दुसरों को भी जागरूक करें। रैली में जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, त्रिप्ती खरे, राजेश कुमार शुक्ला, रोली शुक्ला, दिलीप कुमार, अर्जुन कुमार, रंजीत सिंह, रोहित आदि शामिल थे।


साइकिल राइड में छात्रों के साथ शामिल नगरवासी। अमृत विचार

### साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कानपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्रों ने रविवार को साइकिल चलाई। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कैंपस से 14 किमी की साइकिल राइड के बाद छात्र वापस लौटे। छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन, द राइडर्स ग्रुप, कानपुर एवं जल संचयन, प्रबंधन एवं संवर्धन के क्षेत्र में कार्यरत संस्था फ्लोटा के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल यात्रा-इको राइड का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने हरा झंडा दिखाकर साइकिल राइड का शुभारंभ किया। वह खुद भी साइकिल राइड में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा एवं समग्र स्वास्थ्य, परिवेश प्रेम, पर्यावरण संरक्षण एवं विकास के लिए नगरवासियों को जागरूक करना है। विषय प्रवर्तन इनोवेशन फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्र ने किया। साइकिल राइड में छात्रों एवं नगरवासियों ने निर्धारित मार्ग (सीएसजेएमयू के मुख्य गेट से निकलकर, गुरुदेव चौराहा, कंपनी बाग से होकर विश्वविद्यालय के पिछले गेट से परिसर तक) पर लगभग 14 किमी की राइड पूर्ण करी। कुल सचिव अनिल कुमार यादव, भुवन भाटिया, रवि शास्त्री आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रबंधन एवं स्मृतिचिह्न वितरण में कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक, आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संचालन अधिष्ठाता इनोवेशन एवं स्टार्टअप डॉ शिल्पा कायस्था डीन ने किया।



गोविंद नगर में शांति मार्च निकालते सिख समाज के लोग। अमृत विचार

# शांति मार्च निकाल मनाया काला दिवस

**कानपुर:** जून 1984 में श्री अकाल तख्त साहिब पर हुए हमले के विरोध में सिख समाज ने काला दिवस मनाते हुए शांति मार्च निकाला और वाहे गुरु-वाहे गुरु का जाप किया। शांति मार्च में महिलाओं ने काला दुपट्टा ओढ़ रखा था, जबकि पुरुषों ने काले रंग की पगड़ी बांध रखी थी।

गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारा माता गुजरी जी लेबर कालोनी से देर शाम सिख समाज के लोगों ने शांति मार्च निकाला। शांति मार्च में वाहे गुरु-वाहे गुरु का जाप करते हुए शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दे रहे थे। शांति मार्च नटराज सिनेमा, बाटा चौराहा, कोतवाली होते हुए चावला मार्केट पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में सरदार रंजीत सिंह, राजिंदर संह जिंदी, गुरदीप सिंह, टीपी सिंह सोनू, बलविंदर सिंह छाबड़ा आदि रहे।

# यूपी बोर्ड की मार्कशीट नहीं आने से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 20 अप्रैल को जारी हुआ था परीक्षा परिणाम, 15 जून तक आने की संभावना
- अंकतालिकाएं न आने से इंटर के छात्रों को सबसे अधिक परेशानी, प्रवेश में दिक्कत

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की अंकतालिकाएं मई महीने में भी नहीं आ सकी। अंकतालिकाओं के न आने से शिक्षा विभाग का दावा तीसरी बार फेल हो गया। अंकतालिकाओं के न आने से सबसे ज्यादा परेशानी इंटर के छात्रों को हो रही है। उधर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक बार फिर यह दावा किया है कि 15 जून तक जिले में अंकतालिकाओं का वितरण कर दिया जाएगा।

यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम इस बार 20 अप्रैल को जारी किया गया था। परीक्षा में जिले में हाई स्कूल के 50,434 व इंटर के 45,687 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद शिक्षा विभाग का दावा कि दो सप्ताह के भी मई के पहले सप्ताह में अंकतालिकाओं का वितरण कर दिया जाएगा। अंकतालिकाएं न आने पर वितरण की तिथि को और आगे बढ़ाकर मई के अंतिम सप्ताह में वितरण की योजना बनी थी।

महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया आधे दौर में पहुंच गई है। प्रवेश के तुरंत ही बाद इंटर में पास हुए छात्र-छात्राओं को अंकतालिकाएं प्रस्तुत करनी होंगी। इसके अलावा कई अन्य विश्वविद्यालयों में भी इच्छुक छात्र-छात्राओं को भी अंकतालिकाओं की जरूरत पड़ रही है। शिक्षा विभाग की ओर से अंकतालिकाओं का वितरण न होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। उध शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि 15 जून के आस-पास अंकतालिकाओं का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

अधिकारियों ने यह भी दावा किया है कि उनकी तैयारी पूरी है अंकतालिकाएं और प्रमाणपत्र आने के बाद उनका वितरण तुरंत ही शुरू कर दिया जाएगा। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि किन्ही वजहों के चलते बोर्ड की अंकतालिकाएं अभी तक नहीं पहुंच सकी है। जून के मध्य सभी स्कूलों से अंकतालिकाएं छात्र-छात्राओं को उपलब्ध करा दी जाएंगी।

### ट्रांसपोर्ट भी एक वजह

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि अंकतालिकाओं के आने में देरी होने की एक वजह इस बार ट्रांसपोर्ट का सुगमता से न उपलब्ध होना है। अंकतालिकाओं के लिए सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की जरूरत होती है जो इस बार उपलब्ध होने में परेशानी हो रही है। बोर्ड की ओर से जल्द ही इस परेशानी को दूर कर अंकतालिकाओं को छात्रों तक पहुंचा दिया जाएगा।

**आह्वान** विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त की ओर से युवा शक्ति बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

# युवा अपने को सक्षम बनाएं : चंपत राय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त की युवा शक्ति बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन रविवार को बतौर मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने कहा कि हिन्दू युवाओं के आत्मबल का विकास होना बहुत ही जरूरी है। हिन्दू युवा ऐसा बनें कि जहां भी जाएं, विजय पाएं।

उन्होंने कहा कि संगठित होकर विचार करना, संगठित होकर कार्य करना, संगठित होकर समाज के लिए चलना, इसके लिए छोटी आयु से ही संगठित होने के संस्कार मिले, कठिनाइयों से संघर्ष करने का उत्साह, प्रयत्न करना ईश्वर पर विश्वास, स्वयं का पूरा प्रयत्न यह भाव प्रशिक्षुओं में जागृत हो, प्रशिक्षण वर्ग का यही उद्देश्य है।

पनकी हनुमान मंदिर के महंत जितेन्द्रदास, कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र पराक्रमादित्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघचालक भवानीभीख, विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, प्रान्त मंत्री श्री राजू पोरवाल, वर्गाधिकारी गौरांग, विभागाध्यक्ष नरेश माहेश्वरी, बजरंग दल प्रांत संयोजक आचार्य अजीतराज की उपस्थिति में श्रीरामजानकी दरबार का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।

इस दौरान सारांश और दिव्यांश ने स्वरचित छंदों और गीतों का गायन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। बजरंगियों ने शौर्य प्रदर्शन भी किया। बजरंग दल प्रान्त सह संयोजक अमरनाथ, शुभम कौशिक, आशीष त्रिपाठी, यशवंत, विकास, निखिल, मुकेश की अगुवाई में बजरंगियों को बौद्धिक, सुभाषित, आचार्य पद्धति के साथ ही सामूहिक सूर्य नमस्कार, नियुद्ध, यष्टि, दण्ड, बाधा, विशेष, लक्ष्य भेद का प्रशिक्षण हुआ। शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में दीक्षित बजरंगियों ने अपने शौर्य का भी प्रदर्शन किया। विहिप प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर, प्रांत सहमंत्री अभिनव दीक्षित, पीयूष, गंगा नारायण मिश्र, आशीष गुप्ता, अवधेश शर्मा, नवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

# गर्मी के बीच छात्रों की सवालों से जंग

**कानपुर।** रविवार को भीषण गर्मी के बीच हुई सीएसजेएयू की परीक्षा में छात्रों की जंग सवालों से खूब हुई। बीबीए, बीसीए एवं बीएससी पाठ्यक्रम के तमाम परीक्षार्थी कठिन सवालों में उलझे रहे। डीबीएस कालेज में कर्मियों के बीच चर्चा रही कि बिजली ने कम परेशान किया, जिससे जनरेटर लोड कम पड़ा।

एक ओर आसमान से आग बरस रही है वहीं दूसरी ओर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की परीक्षा केंद्रों पर जारी है। बता दें सीएसजेएमयू से संबद्ध संस्थानों, कालेजों आदि की परीक्षाएं अभी 23 जून तक चलेंगी।

रविवार को डीबीएस कालेज परीक्षा केंद्र पर तीनों पालियों पर करीब 1900 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा देकर निकले पीएसआईटी के छात्रों ने कई सवाल कठिन थे। जिन्हें हल करने में समय अधिक लगा। गर्मी की वजह से छात्र असहज सा दिखे।

# भाजपा नेता की गिरफ्तारी को सतीश महाना से मिले पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से गिरफ्तारी की मांग करते परिजन। अमृत विचार

- चकेरी क्षेत्र में नाली के विवाद में युवक की हत्या की गई थी

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर में नाली के विवाद में भाजपा नेता समेत अन्य आरोपियों ने युवक को धारदार हथियार से हमला कर मरणसन्न कर दिया था, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने केवल दो लोगों को जेल भेजा है। भाजपा नेता समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिले। उन्होंने परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

रामपुरम निवासी गिरजा देवी का पड़ोसी कमलेश पासवान से नाली को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद 26 मई की रात को कमलेश अपने परिवारीजन आकाश पासवान, विकास, रामवर्मा व भाजपा नेता चंदन सिंह राजावत समेत आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर उनके बेटों को लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। जिससे सोनू की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले मे दो आरोपियों विकास और कमलेश पासवान को जेल भेजा है। बाकी आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नही हो रही है। इसी को लेकर रविवार को सोनू के परिजन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कार्यालय जाकर मिले। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही बरतने और भाजपा नेता समेत अन्य की गिरफ्तारी करने की मांग की। सतीश महाना ने पुलिस कमिश्नर से बात कर परिजनों को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# चिलचिलाती धूप से झुलसे बदन, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

## भीषण गर्मी से लोग बेहाल,पशु-पक्षी पानी के लिए तरसे

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** रविवार सुबह से ही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल हो गया। चिलचिलाती धूप से पशु पक्षी भी हाल बेहाल हो रहे हैं। लोगों को घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। 25 मई से 2 जून तक पारा 46 के नीचे नहीं उतरा। इस भीषण गर्मी से बेजुबान जानवर भी पानी की तलाश में इधर- उधर भटक रहे हैं।

भीषण गर्मी की वजह से सड़कों पर सुबह से ही सन्नाटा पसर गया। वाहन सवार मुंह में अंगौछा बांधे नजर आए। लोग शीतल पेय जल आम का पना गन्ने का जूस पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते दिखे। इस समय की पड़ रही गर्मी में एसी, कूलर, पंखा भी फेल हैं। लोगों का कहना है कि इस समय घर से बाहर निकलना भी खतरनाक लग रहा है। डॉक्टरों ने भी जरूरी काम होने पर ही घर से निकलने की सलाह दे रहे हैं।

### किसानों को सिंचाई के लिए भी नहीं मिल रहा पानी

**बिल्हौर :** एक और जहां गम गर्मी के चलते लगातार मौसम के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है वहीं दूसरी ओर राजबहे माइनर के सूखने के चलते किसानों समेत पशु-पक्षियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है गंगा नदी में अचानक जल स्तर घटने से जल आपूर्ति लगभग पूरे प्रदेश में गड़बड़ सी गई है जिसके चलते ककवन- बिल्हौर क्षेत्र के तमाम छोटी-छोटी माइनर भी सूखती नजर आ रही है । किसानों का कहना है कि धान के पौधे की बुवाई भी कुछ दिनों के अंदर ही शुरू होने वाली है जिसके चलते किसानों को भी पानी की अति आवश्यकता है। मक्का के साथ खरबूजा की खेती में भी पानी की जरूरत है लेकिन पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं जंगली इलाकों में माइनरो में पानी न होने से पशु पक्षी भी पानी के लिए भटकते देखे जा सकते हैं। ककवन क्षेत्र की कई माइनर है एकदम सूखी हैं और उनमें धूल उड़ रही है किसानों ने मांग की है कि जिले के नहर विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द माइनरों में पानी छोड़ा जाए जिससे पशु पक्षी के साथ खेती-बाड़ी का भी काम सुचार रूप से चल सके। वहीं मामले में अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है गंगा नदी का जल लगातार जलस्तर घटने से भी समस्या हुई है।

## पेयजल का संकट बढ़ा, शो पीस बने वाटर कूलर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में बिल्हौर के नगर पालिका इलाके में कई वाटर कूलर शोपीस बने हैं। राहगीर व यात्री व दुकानदार पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं लेकिन उनको पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार कस्बा ककवन में भी पेयजल को लेकर संकट बहुत ही भीषण है। स्थानीय दुकानदार लगातार पेयजल को लेकर जन प्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इधर नगर पालिका व तहसील प्रशासन की ओर से पूरे तहसील क्षेत्र में कहीं भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे यात्रियों वी अन्य वाहन चालकों को भी समस्या हो रही है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका इलाके और ग्राम पंचायत के सरकारी नालों व वाटर कूलरों के रिपेयरिंग कराई जाएगी।



यह वाटर कूलर गर्म पानी दे रहा। अमृत विचार

# बिजली की आवाजाही ने छीन लिया दिन का सुकून और रात की नींद

## मुख्यमंत्री का आदेश दरकिनार, दिन हो या रात बिजली के लिए हर कोई हो रहा परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केस्को समेत बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को बिजली व्यवस्था दुरस्त रखने के आदेश दिए थे, इसके बावजूद शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार नजर नहीं आ रहा है। लोगों को पूरी-पूरी रात बिजली नहीं मिल रही है। थोड़ी देर आने के बाद दिन में भी लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। लोग केस्को के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन समस्या का निस्तारण समय पर नहीं हो पा रहा है।


शहर के दादा मियां, सर्वोदय नगर, लखनपुर, दौलतगंज, शास्त्री नगर, चमनगंज, हुमायू बाग, नवाबगंज, मकड़ी खेड़ा, चकेरी, पहाड़पुर, हंसपुरम, सागरपुरी, गोविंद नगर समेत एक दर्जन क्षेत्रों में रात को बिजली संकट रहा। इनमें से कई ऐसे क्षेत्र शामिल हैं, जहां पूरी-पूरी रात बिजली नहीं आई। इसके अलावा रविवार को ओमपुरवा, केशवपुरम, लाजपत नगर, तिलक नगर, पी रोड, विजय नगर, बेकनगंज, गुजैनी, गोपाल नगर, पशुपति नगर समेत सौ मोहल्लों में दिनभर बिजली की किल्लत से छुट्टी बर्बाद हो गई।

बिजली न आने पर हर घंटे लोग हेल्प लाइन नंबरों और सोशल मीडिया में शिकायत करते रहे, लेकिन अधिकारियों के बताए गए समय पर लोगों को बिजली नहीं मिल सकी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक इनकमर में फॉल्ट होने से कारवालों नगर, एल्डिको व झकरकटी फीडर, हूलागंज पंजाब नेशनल बैंक के पास आग लगने से हूलागंज फीडर व सेट जॉन फीडर, फीडर बाइफर्केशन के कार्य के कारण इस्पात नगर उपकेंद्र के सभी फीडर, पोल क्षतिग्रस्त होने पर एयरपोर्ट फीडर, गार्डिंग लाइन क्षतिग्रस्त होने से केआईटी कॉलेज फीडर, एचटी लाइन आपस में चिपकने से विश्वविद्यालय फीडर, भूमिगत केबल फॉल्ट होने से जल संस्थान फीडर की बिजली, फीडर बाइफर्केशन के कार्य से केडीएमए फीडर और पेड़ छटाई से आईआईएम भवन फीडर से जुड़े घरों व दुकानों में बिजली थोड़ी समय के लिए नहीं थी।

### बोले लोग




कल्याणपुर निवासी शालिनी दुबे ने बताया कि बिजली न आने की वजह से भीषण गर्मी में काफी परेशानी हो रही है। शिकायत करने पर समस्या का समाधान समय पर नहीं हो रहा है।



प्रेमनगर निवासी मनीष प्रसाद ने बताया कि रात को गुल हो रही बिजली के कारण अगले दिन दिनभर सिर में दर्द व भारीपन रहता है। रातभर शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं होता।



विजय नगर निवासी रुचिरा त्रिपाठी ने बताया कि इस बार बिजली की समस्या से लोग अधिक परेशान है। केस्को के अधिकारी व कर्मचारी बिजली व्यवस्था को दुरुस्त नहीं रख पा रहे हैं।



आनंद बाग निवासी विराट जायसवाल ने बताया कि रात के साथ दिन में भी जमकर बिजली कटौती की जा रही है। जबकि बिजली का बिल समय पर लिया जा रहा है, तब भी समस्या बनीं हैं।

# संस्थान में नहीं है आईसीयू गैस्ट्रो लिवर मरीज ले जाओ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **जेके कैंसर संस्थान में तीमारदार से बोली डॉक्टर**

**अमृत विचार।** जेके कैंसर संस्थान में आईसीयू की सुविधा नहीं है, मरीज को गैस्ट्रो लिवर अस्पताल ले जाओ, वहां पर अच्छा इलाज हो जाएगा। तीमारदार ने गैस्ट्रो लिवर ले जाने से मरीज इंकार किया तो डॉक्टर बोले कि वो महंगा लग रहा है तो अपने मरीज को फिर ऐसे ही यहीं छोड़ दो। यहां रख लेते है, लेकिन ज्यादा इलाज नहीं दे पाएंगे। यह पूरा वाक्या प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े नाम से जाने वाले जेके कैंसर संस्थान का है।

शहर की रहने वाली ज्योतसना अग्रवाल कैंसर पीड़ित पिता को लेकर शुक्रवार रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान लेकर पहुंची थी। ज्योतसना का आरोप है कि जब वह पिता को लेकर इमरजेंसी पहुंची तो पहले तो वहां पर कोई डॉक्टर व नर्स मौजूद नहीं थी। एक घंटा इंतजार करने के बाद जब डॉक्टर आए तो उन्होंने कहा कि इनको आईसीयू में रखने की जरूरत है, लेकिन जेके कैंसर संस्थान में आईसीयू की सुविधा नहीं है। आप एक काम करो मरीज को गैस्ट्रो लिवर ले जाओ। जब ज्योतसना ने वो महंगा अस्पताल होने की बात बोली तो डॉक्टर ने कहा कि वो महंगा लग रहा है तो ऐसे ही छोड़ दो मरीज को अभी यहां रख लेते हैं, पर ज्यादा इलाज नहीं दे पाएंगे। पिता को जब भर्ती किया गया तो उसके कुछ देर बार बिजली चली गई। भीषण गर्मी में कूलर व पंखा न चलने की वजह से पिता व वार्ड में भर्ती मरीजों का बुरा हाल हो रहा था। बाथरूम भी टूटे थे और कुछ में ताला पड़ा था। आरोप है कि जब वह जेके कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो. एसएन प्रसाद से शिकायत करने गई तो एक मिनट सुनने के बाद वह बोलें कि हमें सरकार से पर्याप्त धन नहीं मिल रहा है, फिर भी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। उसके बाद उन्होंने कोई बात नहीं सुनी और अभद्र भाषा बोलते हुए गार्ड को बुलाया और तुरंत बाहर करने को बोला। मामले में निदेशक प्रो. एसएन प्रसाद का कहना है कि अस्पताल में जो साधन है, उनका उपयोग कर मरीजों का इलाज हो रहा है। आईसीयू नहीं चल रहा है। बिजली थोड़ी देर के लिए नहीं थी। वही, किस डॉक्टर ने मरीज गैस्ट्रो लिवर ले जाने को बोला, इसकी जांच की जाएगी। मरीज की तीमारदार से भी जानकारी ली जाएगी।

# आईआईटी के उपनिदेशक बने प्रोफेसर ब्रजभूषण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में उप निदेशक पद का प्रभार मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रज भूषण को दिया गया है।

संस्थान में उपनिदेशक पद पर प्रो. गणेश कार्यरत थे। उनका कार्यकाल पूरा होने पर आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने प्रोफेसर ब्रज भूषण को उपनिदेशक पद का चार्ज प्रदान किया। 27 फरवरी 2023 से कार्यवाहक कुलसिचव पद का कार्य देख रहे प्रोफेसर ब्रज भूषण मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष भी रहे हैं। आईआईटी कानपुर में एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर रहे ब्रज भूषण क्यूशू विश्वविद्यालय जापान में विजिटिंग प्रोफेसर पद पर भी रहे हैं। आईआईटी में प्रशासन के डीन पद पर भी हैं।


प्रोफेसर ब्रज भूषण को प्रभार सौंपते निदेशक प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल।

# जिंदगी की सलामती के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक महामंत्री शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने जमीअत के दिशा निर्देश पर अपनी टीम के साथ पौधरोपण का अभियान शुरू किया है। शहरकाजी ने चमनगंज की मौलाना मोहम्मद अली पार्क में रविवार को पौधरोपण करते हुए कहा कि दुनिया में जिस तेजी के साथ अवैध रूप से पेड़ों की कटान चल रही है, उससे आने वाले कुछ वर्षों में ही दुनिया पर संकट पैदा हो गया है। इस भयावह हालात से सिर्फ पेड़ ही बचा सकते हैं।

रविवार को शहर जमीअत उलमा कानपुर नगर एवं इस्लाहे मुआशरा की ओर से मौलाना मोहम्मद अली पार्क में शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कूदूस हादी, मौलाना अबू बकर कासमी समेत कई उलेमा ने पौधरोपण किया। शहरकाजी ने कहा कि जन्नत की पहचान ही बागान और पेड़ों से है। इसीलिए कहा जाता है कि पेड़ जन्नत का भी साथी है। पांच जून को पयार्वरण दिवस के पूर्व जमीअत ने पौधरोपण का अभियान शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य है। शहरकाजी ने लोगों से गुजारिश की है कि जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक शख्श पौधरोपण करे। उन्होंने उलेमा को संकल्प दिलाया कि वे इस नेक कार्य में जुट जाएं क्योंकि पेड़ दुनिया के साथ जन्नत में भी ईमान वालों का साथी है।शहरकाजी ने कहा कि जब से शहरों का विकास हुआ है, जंगल, पेड़ पौधे सब नष्ट किए जा रहे हैं जिससे जानवरों के साथ ही इंसानों की जिंदगी के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

मौलाना अबू बकर कासमी ने कहा कि हमारी जिंदगी को साफ हवा पाने और स्वस्थ रहने के लिए पेड़ पौधों का होना बहुत जरुरी है, जो जिंदगी का अहम हिस्सा है। इस दौरान हाजी मोहम्मद राशिद, मुजीब इकराम, परवेज आलम आदि रहे।


पौधारोपण करते उलेमा। अमृत विचार

**सेहत की बात** | बेहतर सेहत और जीवनशैली के लिए दिन की शुरूआत अच्छी करनी चाहिए

# भागदौड़ भरी जिंदगी बदलती जा रही जीवनशैली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की हेल्थ एवं लाइफ स्टाइल समिति का टॉक शो**

**अमृत विचार।** मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की हेल्थ एवं लाइफ स्टाइल समिति की ओर से रविवार को टॉकशो आयोजित हुआ। इस दौरान वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अवध दुबे ने जीवनशैली को बेहतर करने के लिए टिप्स दिए। कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी बदल रही जीवनशैली तेजी से बदल रही है। इससे कई तरह की बीमारियां व मौत तक हो रही है। इन सब से बचने के लिए सुबह व्यायाम जरूरी है।

टॉक शो में डॉ अवध दुबे ने कहा कि समस्याओं का समाधान शांत मन में ही मिल जाता है। असंभव कुछ भी नहीं, बस जरुरी है कि परिस्थितियों को स्वस्थिति में हावी न होने दें। अपने समय का कुछ हिस्सा अपनी सेहत, दोस्त, परिवार तथा समाज सेवा में जरूर देना चाहिए। उन्होंने इस बात पर अधिक जोर दिया कि अपने दिन की शुरुआत जरूर अच्छी करना चाहिए। आज के दौर में जीवन को संतुलित रखना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा की टालने की आदत नकारात्मक विचार अगर हमारे दुश्मन हैं तो वहीं समय का सदुपयोग सकारात्मक सोच हमारे मित्र भी हैं। जीवन की अनेक बाधाओं का सामना समुचित आधयात्मिक दृष्टिकोण से करेगें तो हमारा संकल्प बढ़ेगा और सकारात्मक सोच आएगी।

कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका सरोज नागरथ ने भी अपने विचार रखे। कहा कि सही समय पर संतुलित दिमाग से ध्यान करने पर हमारी बहुत सी समस्याओं का समाधान मिल जाता है। उन्होंने योग व ध्यान पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन चेंबर के सचिव महेंद्र नाथ मोदी व धन्यवाद डॉ एएस प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में कमेटी के एडवाइजर डॉ अतुल कपूर, बीके लाहोटी, सुशील शर्मा मुकुल टंडन, अतुल कनोडिया, विजय पंडित, सुधींद्र जैन, योगेश अग्रवाल, योगेश दुबे, प्रेम मनोहर गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, राजीव अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत करते डॉ. अवध दुबे, डॉ. अतुल कपूर व डॉ. एसएस प्रसाद।


टॉक शो में वक्ताओं के विचार सुनते गणमान्य लोग। अमृत विचार

# एडमिन इलेवन ने जीता डे-नाइट क्रिकेट मुकाबला

**कानपुर ।** ऑर्डिनेंस क्रिकेट टूर्नामेंट का डे-नाइट मुकाबला शनिवार को एडमिन इलेवन व क्यू इलेवन के बीच हुआ। एडमिन के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला आसानी से जीत लिया।

अर्मापुर स्टेट स्थित आरमरीना स्टेडियम में एक माह से 30 टीमों के बीच मुकाबला चल रहा था। ऑर्डिनेंस क्रिकेट टूर्नामेंट के इस डे-नाइट मुकाबले में शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें एडमिन इलेवन व क्यू इलेवन टीम मैदान पर उतरी। एडमिन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 206 रनों का लक्ष्य क्यू इलेवन को दिया। जवाब में उतरी क्यू इलेवन निर्धारित ओवर में 122 रन पर सिमट गई। इस तरह टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला एडमिन इलेवन ने 84 रन से जीत लिया।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिठूर।** शनिवार की देर रात बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारामऊ जीटी रोड किनारें स्थित एक निजी स्कूल के सामने बाइक से अपने घर जा रहें युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार शिवम द्विवेदी निवासी होराबांगर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौक़े पर पहुंचे परिजन ने घायल युवक को रावतपुर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद बिठूर पुलिस के द्वारा आगे की कार्यवाही की गईं।


शिवम द्विवेदी।

### तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बिठूर।** बिठूर पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर मंधना कोठी फ्लाईओवर के नीचे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान एक युवक के पास 315 बोर का तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम दानिश उर्फ़ सलमान निवासी नारामऊ बताया। पुलिस ने युवक को आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### दबंगों ने गर्भवती महिला पर किया हमला, घायल

**घाटमपुर।** सजेती क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर बांगर में दबंगों ने एक गर्भवती महिला को लात-घूसों व डंडों से बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया। महिला के चीखपुकार को सुनकर जब लोग पहुंचे तो दबंग वहां से भाग निकले। घायल महिला ने अपने पति शैलेश कुमार को सूचना दी। महिला ने सजेती थाने में तहरीर दी है। बताया कि गांव के ही अमित कुमार व उसके भाई ने पुराने जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज कर रहे थे। विरोध किया तो लात घूसों से व डंडों से पीट कर घायल कर दिया है। पेट पर भी लातों से प्रहार किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि सजेती पुलिस ने मेडिकल नहीं कराया। और ना ही कोई कार्यवाही की है। पुलिस से कोई सहायता न मिलने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करायी है।

### पुरानी कहासुनी को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के परड़ी लालपुर गांव मे युवक से गाली गलौज करने पर मना करने करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा है। जानकारी के अनुसार परड़ी लालपुर गांव निवासी गुड्डू ने साढ़ पुलिस मे लिखित शिकायत में बताया कि देर शाम परड़ी लालपुर से गुजरते समय गांव के ही पट्टू निषाद ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर आरोपी पट्टू ने धारदार हथियार से सिर मे वार कर दिया। अन्य लोगों के आने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि युवक मेडिकल परीक्षण हेतु भेजते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।


चोट दिखाता गुड्डू।

### हिंदू-मुस्लिम एकता की एक मिसाल थे हाजी मुश्ताक सोलंकी

**कानपुर ।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में पूर्व विधायक व पूर्व महानगर अध्यक्ष हाजी मुश्ताक सोलंकी की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ हाजी मुश्ताक सोलंकी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हाजी मुश्ताक सोलंकी शहर में हिंदू-मुस्लिम एकता की एक मिसाल थे। वह हमेशा गरीबों की मदद के लिए उपलब्ध रहते थे। घर पर पहुंचने वाले गरीब व जरूरतमंद को आटा-दाल-चावल व आर्थिक रूप से सहयोग करते थे। विषम परिस्थितियों में उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेगर, नंदलाल जायसवाल, दीपा यादव, नरेंद्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, आनंद शुक्ल, मोहम्मद अमीन बाबा, दिनेश विश्वकर्मा, मुमताज मंसूरी, आसिफ कादरी, रजत मिश्रा, मनोज चौरसिया, राजेश कठेरिया, अनिल चौबे आदि रहे।

### शुक्लागंज के गंगा घाट स्टेशन पर मिला अज्ञात युवक का शव

**शुक्लागंज।** रविवार देर रात गंगा घाट रेलवे स्टेशन के सामने एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव शवघर में रखवाया है। रविवार रात लगभग 9 :30 बजे एक 32 वर्षीय अज्ञात युवक का शव आसपास के लोगों ने पड़ा देखा। जिसकी जानकारी गंगा घाट कोतवाली को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए उन्नाव मर्चुरी में रखवाया गया है।

### इरफान सोलंकी आज पेश होंगे, आ सकता फैसला

**कानपुर।** आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी सोमवार को एमपी एमएलए कोर्ट में पेश होंगे। उम्मीद है कि कोर्ट इस मामले में फैसला सुना सकती है। इस केस में अब तक कई बार फैसला टल चुका है। कचहरी परिसर व आसपास बड़े पैमाने पर सोमवार को फोर्स तैनात रहेगी।

### पूर्व शिक्षा निदेशक कृष्ण मोहन त्रिपाठी का निधन

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व निदेशक कृष्ण मोहन त्रिपाठी का रविवार को निधन हो गया। पनकी निवासी स्व. त्रिपाठी ने संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल, उप शिक्षा निदेशक व जिला विद्यालय निरीक्षक पदों पर रह कर शिक्षा के उन्नयन में महती सेवाएं दी थीं। नई शिक्षा नीति निर्धारण में उनकी महती भूमिका रही। उनकी अंत्येष्टि सोमवार को प्रातः भैरव घाट पर होगी।


कृष्ण मोहन त्रिपाठी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# आधी रात से और महंगा हो गया बारा टोल प्लाजा से आवागमन

## एक तरफ से लेकर वापसी और मासिक पास की दरों में बढ़ोतरी लागू की गई

संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारा टोल प्लाजा से रविवार रात 12 बजे से गुजरना और मंहगा हो गया। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी गई हैं। जो दो जून की रात 12 बजे से लागू हो गई। वहीं मासिक पास भी महंगा किया गया है।

बता दें कि बीती एक अप्रैल से टोल टैक्स की नई दरें लागू की जानी थी। लेकिन किन्ही कारणों से नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अप्रैल माह में बढ़ी हुई दरें लागू नहीं की थी। जिससे वाहन चालकों को दो माह की राहत मिलती रही। लोगों ने सभावना जताई थी कि लोकसभा चुनाव होने के बाद नई दरें लागू की जाएंगी, जो सही साबित हुईं और बढ़ी दरें 3 जून से लागू कर दी गई हैं। बारा टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों में पांच से 25 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। इसमें कार से लेकर भारी वाहन शामिल हैं। वहीं टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले निजी वाहनों कार, जीप के मासिक पास में भी दस रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। अब मासिक पास 330 रुपये की बजाए 340 रुपये में बनेगा। यह बढ़ी दरें केवल फॉस्टैग धारकों पर ही लागू होगी। बिना फॉस्टैग वाले वाहन चालकों को एक तरफ का दोगुना चार्ज देना होगा। टोल से औसतन हर रोज छोटे बड़े 28 से 30 हजार वाहन निकलते हैं। जिनसे प्रतिदिन करीब 55 से 60 लाख रुपये टोल टैक्स वसूला जाता है।


बारा टोल प्लाजा। अमृत विचार

> एनएचएआई के साथ हुए एग्रीमेंट के अनुसार हर साल टोल टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी की जाती है। इस बार पांच रुपये से लेकर 25 रुपये तक टोल दरें बढ़ी हैं। इसे दो जून की रात 12 बजे से लागू कर दिया गया है। साथ ही टोल प्लाजा पर नई दरों की सूची चस्पा कर दी गई हैं।
>
> –मनोज शर्मा डीजीएम बारा टोल प्लाजा

### लोकल व्यवसायिक वाहनों को मिलेगी 50 फीसदी छूट

जिले में पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों को टोल प्रबंधन 50 फीसदी की छूट देगा। बारा टोल के डीजीएम ने बताया कि लोकल वाहन कार, जीप जो व्यवसायिक के तौर पर पंजीकृत होंगे। उन्हें एक तरफ के 180 रुपये के बजाए 90 रुपये देने होंगे।

### पांच से 25 रुपये तक बढ़ी टोल की दरें

पूर्व में कार, जीप, वैन को एक तरफ के लिए 175 देने होते थे, लेकिन बढ़ी दरों के बाद अब एक तरफ के लिए 180 रुपये, वापसी 265 रुपये व मासिक पास 5935 रुपये का होगा। इसी तरह हल्के व्यवसायिक वाहनों को 270 रुपये के बजाय अब एक तरफ का 280 रुपये, वापसी 420 रुपये और मासिक पास के लिए 9300 रुपये देने होंगे। इसी तरह बस व ट्रकों को एक तरफ के लिए 560 रुपये की जगह 570 रुपये, वापसी के लिए 855 रुपये व मासिक पास के लिए 19005, थ्री एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 610 रुपये की जगह अब 625 रुपये, वापसी के लिए 935 रुपये व मासिक पास के लिए 20770 रुपये, फोर व सिक्स एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 860 रुपये की जगह 875 रुपये, वापसी के लिए 1315 व मासिक पास के लिए 29225 रुपये, तो वहीं ओवर साइज वाहनों को एक तरफ के लिए 1085 रुपये की जगह अब 1110 रुपये, वापसी के लिए 1665 व मासिक पास के लिए 37050 टोल टैक्स देना होगा।

## कमरे में मिला बाइक एजेंसी कर्मी का शव

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कस्बे की एक मोटर बाइक एजेंसी में काम करने वाले कर्मी का शव नेहरू नगर के किराए के मकान में पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर छानबीन की है।

जनपद उन्नाव के अचलगंज निवासी अतुल शुक्ला (30) अकबरपुर स्थित एक बाइक एजेंसी में काम करता था। वह अकबरपुर के नेहरू नगर में किराए पर रहा था। शनिवार को उसका शव कमरे में संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। उसके बाहर न मिलने पर पहुंचे मकान मालिक को हादसे की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर सदर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दी। चौकी प्रभारी विकल्प चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# मतगणना के चलते माती रोड से आवागमन किया प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की चार जून को अकबरपुर डिग्री कालेज में होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। जिसके चलते माती रोड से आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।



पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को अकबरपुर महाविद्यालय में की जाएगी। जिसके चलते अकबरपुर माती रोड पर वाहनों का आवागमन मतगणना के दिन सुबह 6 बजे से गणना की समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में अकबरपुर चौराहे से माती व जिला न्यायालय की तरफ जाने वाले वाहन अकबरपुर चौराहा से बारा जोड़, नबीपुर होकर जाएंगे। इसी तरह न्यायालय माती से अकबरपुर की तरफ जाने वाले वाहन माती तिराहा से नबीपुर, बारा जोड़ होकर अकबरपुर की तरफ आएंगे। यह आदेश एंबुलेंस, व फायर सर्विस पर लागू नहीं होगा।

### समस्या पर मतगणना प्रेक्षकों से करें संपर्क

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा इटावा, कन्नौज, अकबरपुर व जालौन-गरौठा निर्वाचन क्षेत्र की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर में संपन्न कराई जाएगी। जिसके तहत विधानसभावार मतगणना प्रेक्षक तैनात किए गए है। जिसमें विधानसभा सिकंदरा में सरवनी धर मोबाइल नंबर 9651528626 तथा विधानसभा रसूलाबाद, अकबरपुर रनियां व भोगनीपुर में विवेक चौधरी मोबाइल नंबर 9170025953 को प्रेक्षक तैनात किया गया है। जोकि लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस माती के सूट नंबर एक से चार में रुके हैं। मतगणना संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उक्त मोबाइल नंबरों पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

# चढ़ा तापमान दे सकता धान की नर्सरी को नुकसान

● कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की एडवायजरी

**कानपुर देहात।** तेज धूप के चलते इन दिनों गर्मी कहर बरपा रही है और तापमान में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में कुछ किसान धान की नर्सरी लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। जबकि कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह समय धान की नर्सरी के लिए अनुकूल नहीं है। इस संबंध में कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवायजरी जारी कर तापमान कम होने तक इंतजार करने की सलाह दी है।

तेज धूप व अधिक तापमान के कारण धान के बीजों का अंकुरण और विकास प्रभावित हो जाता है। ऐसे में किसानों को अभी कुछ दिन नर्सरी न लगाने और तापमान में कमीं आने तक इंतजार करने की सलाह दी गई है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इन दिनों तापमान करीब 45 डिग्री तक जा रहा है। ऐसे में नर्सरी लगाने पर धान के बीजों का अंकुरण ठीक से नहीं हो सकेगा। वहीं धान के छोटे पौध इतनी अधिक गर्मी और धूप भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। जिससे उनके झुलसने की संभावना काफी अधिक होती है। धान की पौध डालने के लिए दिन में 30 से 35 डिग्री सेल्सियस और रात को 16 से 23 डिग्री सेल्सियस तापमान होना चाहिए। जिससे धान के बीजों के अंकुरण के लिए नमीं और उचित तापमान मिल सके। उन्होंने बताया कि अभी तापमान अंकुरण के लिए अनुकूल नहीं है।


हादसे के बाद सट्टी गांव के रास्ते पर जाम लगाए लोग। अमृत विचार

## वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, प्रेमी की मौत प्रेमिका गंभीर घायल

**शिवली कानपुर देहात।** सिंहपुर बिठूर गांव निवासी रवी गौतम (21) अपनी प्रेमिका को घुमाने बाइक से जा रहा था। तभी शिवली क्षेत्र के प्रतापपुर अनूपपुर गांव के समीप विपरीत दिशा में आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें प्रेमी युगल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची शिवली पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवली लाए। जहां डाक्टरों ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया। युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं प्रेमिका की हालत नाजुक है। सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नौतपा ने दिन में झुलसाया, रात में किया तरबतर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लू के थपेड़ों ने किया बेहाल

**अमृत विचार।** नौतपा के चलते भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। दिन में जहां तेज धूप और लू ने लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं रात का पारा बढ़ने व बिजली की आंखमिचौली लोगों को पसीना-पसीना कर देती है। स्थिति यह है कि दिन की शुरूआत ही करीब 40 डिग्री तापमान से हो रही है। जबकि रात का पारा 30 डिग्री के पार पहुंच रहा है। दोपहर में लू के थपेड़े और रात को गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

लू लगने के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। सिर व आंखों में दर्द और बुखार पीड़ितों की संख्या में हर रोज इजाफा हो रहा है। वहीं बिजली कटौती के चलते लोग परेशान हैं और ट्रांसफार्मर भी जवाब दे रहे हैं।


गर्मी से राहत पाने के लिए पंपिंग सेट के पाइप से निकले पानी में नहाते बच्चे।


वाटरकूलर से प्यास बुझाता युवक।

लू और गर्मी ने लोगों के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रखा है। घर में कूलर के बाद भी पसीना छूट रहा है। वहीं बाहर कड़ी धूप शरीर को झुलसा रहा है। दोपहर में नगर से लेकर गांवों तक सन्नाटा पसरा रहता है। धूप से बचने के लिए लोग गमछा और छतरी का सहारा लेने को मजबूर हैं। वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। शाम पांच बजे के बाद ही लोग घरों से निकल रहे हैं। नौतपा के चलते गर्मी इतनी हुई जैसे आसमान से आग बरस रही हो। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर-पूर्वी हवाएं करीब सात किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने 5 जून के बीच आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। उधर, पुखरायां खंड के बिजली एक्सईएन कुलदीप यादव ने बताया कि गर्मी में बिजली की ज्यादा डिमांड रहती है। विभाग का यही प्रयास है कि जितनी डिमांड हो, उतनी बिजली आपूर्ति की जाए। गर्मी ज्यादा पड़ने से बिजली की भी खपत अधिक हो रही है। ओवरलोड के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों में फाल्ट या फुंकने की समस्या सामने आ रही है। क्योंकि गर्मी व ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर हीट हो जाते है।

# दूधिये व जेएसए में टक्कर मार दीवार से टकराया ट्रक

संवाददाता राजपुर

● खरका घाट पर बालू लादने जाते समय सट्टी बाजार में हादसा, एसओ ने समझाया

**अमृत विचार।** सट्टी गांव में खरका घाट में बालू लादने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार दूधिये को टक्कर मार दी और ट्रक लेकर भागने के चक्कर सड़क किनारे खड़े जेएसए से टकरा गया। जिससे एक मकान की दीवार टूट गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने गांव के रास्ते में जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया।

राजपुर थाना क्षेत्र में खरका बालू घाट संचालित है। जहां से बालू लादकर सट्टी गांव के रास्ते से बालू लदे ट्रक निकलते हैं। सटटी गांव में घनी बस्ती से ट्रक निकलने से आए दिन हादसे होते हैं। शनिवार रात खरका घाट पर बालू लादने जा रहे ट्रक ने गांव के बाजार में एक साइकिल सवार दूधिये को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल में बंधे कैन से पूरा दूध सड़क पर फैल गया। जबकि दूधिया बाल-बाल बच गया। इस दौरान भागने के प्रयास में सट्टी गांव निवासी इरफान की सड़क किनारे खडी जेएसए से ट्रक टकराता हुआ मखलू के मकान की दीवार क्षतिग्रस्त करता हुआ रुक गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सटटी गांव के रास्ते में जाम लगा दिया। सूचना पर सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष ने बालू घाट संचालक को बुलाकर मामला शांत कराया। इस दौरान सट्टी-शाहजहांपुर मार्ग पर करीब तीन घंटे जाम लगा रहा। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि बालू घाट से ओवरलोड ट्रक सट्टी गांव की आबादी से निकलते हैं। जिससे हादसों का डर बना रहता है। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि दुर्घटना में जनहानि नहीं हुई है।


सट्टी गांव में ट्रक की टक्कर से सड़क पर फैला कैन से दूध।

# श्रम विभाग ने मजदूरों की बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी

● श्रम विभाग ने बढ़ाई श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी

**कानपुर देहात।** श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 459 रुपये तक बढ़ा दी गई है। इसका लाभ हजारों श्रमिकों को मिलेगा। अकुशल, कुशल व अर्धकुशल श्रमिकों के लिए अलग-अलग रेट निर्धारित किए हैं। ईंट भट्ठा श्रमिकों की मजदूरी भी बढ़ाई है।

न्यूनतम मजदूरी के तहत 74 अनुसूचित नियोजनों में बढ़ी हुई मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। मजदूरी राशि में महंगाई भत्ता भी शामिल है। अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 373 रुपये, अर्धकुशल के लिए 410 व कुशल श्रमिकों के लिए 459 रुपये प्रति माह बढ़ाई गई है। सहायक श्रम आयुक्त अवधेश कुमार ने बताया कि मजदूरी का भुगतान 74 प्रकार के कार्यों के लिए नियोजक करेंगे। ईंट भट्ठे पर कार्यरत श्रमिकों में कुशल व अकुशल के लिए व अन्य 74 प्रकार की मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

ईंट भट्ठे पर अर्धकुशल श्रमिकों में पथेरा के लिए 676 रुपये, भराई वाला के लिए 204 रुपये व निकासी वाला के लिए 204 रुपये तय किया गया है। इसे 16 मई से लागू किया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती 31 मई की दोपहर एक किशोरी भैंस बाधने गई थी। तभी गांव का शैलेंद्र कश्यप उसे जबरदस्ती अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बचाव की कोशिश की पर सफल नहीं हुई। आरोपी ने उसे धमकी भी दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी थी। तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, पाक्सो, एससीएसटी का अभियोग पंजीकृत किया था। मामले में आरोपी शैलेंद्र को पुलिस ने हसनापुर बंबा से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

# खंभा गिरने से वृद्ध की दबकर मौत

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** टिसौली गांव में तेज आंधी से छप्पर सहित ईंट का खंभा ढहने से वृद्ध नीचे दब गया। लोगों ने आनन-फानन मलवे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक वृद्ध की मौत हो गई।


भौम सिंह।

मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भंदेमऊ के मजरा टिसौली गांव निवासी भौम सिंह (63) शनिवार रात घर के बाहर रखी झोपड़ी में लेटे हुए थे। तभी अचानक तेज आंधी आने से झोपड़ी में रखा छप्पर वं इंट का खंभा भरभरा कर उनके ऊपर ढह गया। जिससे भौम सिंह मलवे में दब गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलवा हटाकर वृद्ध को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो गई।


आंधी से गिरा छप्पर व ईंट का खंभा। अमृत विचार

जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मंगलपुर पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

तैयारी — जांच, इलाज व लक्षणों के प्रति किया जाएगा जागरूक, संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर के काटने से होता है मलेरिया का रोग

# मच्छरों से निपटने को पूरे माह चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम से पहले मच्छरों की रोकथाम की तैयारी शुरू कर दी है। मच्छर जनित बीमारी मलेरिया की रोकथाम के लिए विभाग ने 'मलेरिया रोधी माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मलेरिया से बचाव, लक्षण, जांच और इलाज के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही विभाग जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक होगा, उनको चिह्नित भी करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर के काटने से व्यक्ति मलेरिया की चपेट में आता है। यह मच्छर गंदे पानी में पनपते है। इसलिए घर व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखना विशेष रूप से जरूरी है। कही भी गंदगी और गंदा पानी ऐसे में बिल्कुल भी जमा न होने दें।

इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति या बच्चे को तेज बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, उल्टी, शरीर पर दाने, नाक से खून आना या उल्टी में खून आना जैसी कोई भी समस्या होती है, इन लक्षणों को नजरअंदाज बिल्कुल नहीं करना चाहिए। तत्काल पास से स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज और जांच कराएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें।

उन्होंने कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव और नियंत्रण के संबंध में लोगों के बीच जागरुकता उत्पन्न करना बहुत जरूरी है। मलेरिया रोगों की पहचान के लिए सभी बीमार रोगियों की जांच की जाएगी। धनात्मक पाए गए रोगियों को उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि 'हर रविवार मच्छर पर वार', 'लार्वा पर प्रहार मलेरिया का संहार' और 'बुखार में देरी पड़ेगी भारी' आदि संदेशों को प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।



### बीमार लोगों की बनाई जाएगी सूची

जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने बताया कि मलेरिया रोधी जून माह के संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मलेरिया की जांच और इलाज की सुविधा जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। मलेरिया रोधी माह के संबंध में सभी सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बीमार लोगों की सूची तैयार करेंगी। उसके बाद संबंधित क्षेत्र के प्रभारी बीमार व्यक्ति को इलाज मुहैया कराने का काम करेंगे।

### मलेरिया के लक्षण

- सर्दी व कंपन के साथ एक या दो दिन छोड़कर बुखार आना।
- तेज बुखार, उल्टी और सिरदर्द ।
- बुखार उतरते समय पसीना आना।
- बुखार उतरने के बाद थकावट व कमजोरी।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- बुखार होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराएं।
- हल्के सूती वस्त्र पहनें और कमरे को ठंडा रखें।
- सिर, हाथ-पांव व पेट पर सामान्य पानी की पट्टी रखें।
- झोलाछाप लोगों से इलाज कराने से बिल्कुल बचें।
- पानी, नारियल पानी, शिकंजी, ताजे फलों का रस पीएं।
- बिना डॉक्टर की की सलाह के दवाएं बिल्कुल न खाएं।

### बचाव के उपाय

- दरवाजे और खिड़कियों पर जाली लगवाएं।
- नियमित मच्छरदानी और मच्छररोधी उपाय अपनाएं।
- अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दें।
- पानी की टंकी ढक कर ही रखें।
- पूरी बांह वाली कमीज, पैंट पहनें।
- घर और कार्य स्थल के आसपास पानी जमा न होने दें।
- कूलर, गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखाएं।
- गड्ढों में जमा पानी मिलने पर उसे मिट्टी से ढक दें।

# जन आरोग्य मेले में 373 मरीजों को मिला इलाज

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● भीषण गर्मी में मरीजों की बढ़ी संख्या, चिकित्सक सावधानी की दे रहे सलाह

**अमृत विचार।** जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। बढ़े तापमान के चलते बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो है। आरोग्य मेले में 373 बुखार, व उल्टी-दस्त के मरीजों का उपचार किया गया।

नौतपा के चलते तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हालत यह है कि दोपहर के समय अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जिसके चलते लोगों न घरों में एसी, कूलर आदि का इस्तेमाल कर रहे हैं और जरूरत पर धूप में ही निकल पड़ते हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है और बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। डिप्टी सीएमओ डॉ आदित्य सचान ने बताया कि दोपहर के समय तापमान करीब 45 डिग्री सेल्सियस पार तक चला जाता है। ऐसे में लोग घर से निकलते समय लापरवाही करते हैं। शरीर पर सूर्य की सीधी किरणें पड़ने से त्वचा झुलसने लगती है। लोग बाहर निकलते समय शरीर को ढककर ही निकलें। मेले में जायजा लेने के लिए एसीएमओ डॉ. एसएल वर्मा ने सीएचसी अकबरपुर पहुंचे। एसीएमओ ने बताया मेले में सभी को उपचार दिया गया।

## एक नजर

### महिला की तहरीर पर पति सास व ननद पर रिपोर्ट दर्ज

पुरवा। असोहा थानाक्षेत्र के गांव समाधा निवासी ज्योति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन वर्ष पूर्व समाधा निवासी अजीत से उसकी शादी हुई थी। बताया कि शादी के बाद से पति, सास सुषमा व ननद कोमल दहेज में बाइक व 50 हजार नगद लाने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करते थे। 27 मई को पति व अन्य ससुरालियों ने मायके से बाइक व 50 हजार न लाने पर उसे मारा पीटा और विरोध करने पर घर से भगा दिया। एसओ रामऔतार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति व अन्य नामितों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर के बाहर से ई-रिक्शा गायब, दी तहरीर

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के संदाना गांव निवासी उत्कर्ष सिंह पुत्र अनिल बीते कई साल से अजगैन स्थित घर में परिवार के साथ रहता है। शनिवार देररात उसका ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। तभी मौका पाकर चोरों ने ई-रिक्शा पार कर दिया। सुबह जब परिजन घर के बाहर आए तो रिक्शा वहां नहीं था। काफी खोजने के बाद भी रिक्शा का पता नहीं चला। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र के आधार पर जांच की जा रही है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

पुरवा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय-प्रथम से अमानत में खयानत के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी राकेश को कोतवाली पुलिस ने पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। दरोगा राजेश यादव ने कहा कि सन-1997 में बीघापुर थाने से अमानत में खयानत का मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मरोई के राकेश के विरुद्ध हुआ था। जिसमें आरोपी जेल भी गया था। लेकिन काफी अरसे से कोर्ट में हाजिर न होने पर उसके विरुद्ध वारंट जारी हो गया था। जिस पर न्यायालय से हाल में ही (82) मुनादी की कार्रवाई होते ही कोतवाली पुलिस ने पकड़ने के लिए वारंटी राकेश के घर पर दबिश देकर उसे पकड़ा और कोतवाली लाई। जहां से उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### दो साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रहा, अब शादी से किया इनकार

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथनखेड़ा निवासी युवक का आसीवन थानाक्षेत्र की एक युवती से दो साल से प्रेम-संबंध था। उनमें शादी करने की बात हो रही थी। दोनों दो साल से लिव इन रिलेशनशिप मे रह रहे थे। वे लोग गांव के साथ दिल्ली में भी रहे। एक सप्ताह में पहले गांव आये और शादी की बात होने लगी। लेकिन, उनमें आपसी समझौता नहीं हो सका। जिससे शादी नहीं हो सकी। इसके बाद पीड़ित युवती ने कोतवाली में युवक के विरुद्ध शादी का झांसा देकर दो साल तक शारीरिक शोषण करने का प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दो वारंटियों को पकड़ा

शुक्लागंज उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान में पुलिस ने अलग-अलग मामले में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। जहां उनके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि एससी एसटी, चोरी, मारपीट के मामले में आरोपी हाजीपुर बसधना निवासी मनोकांत व सलीन्द थाना सफीपुर निवासी संजय को कोर्ट में हाजिर नहीं हुये। जिस पर उनका वारंट जारी हो गया। पुलिस ने चलाये गये अभियान के दौरान दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

# तापमान में गिरावट के बाद भी गर्मी के चढ़े रहे तेवर, लोग परेशान

## आखिरी दिन भी खूब तपा नौतपा, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को जिले का तापमान तो अन्य दिनों से कुछ कम रहा लेकिन गर्मी ने अपना रौद्र रूप कम नहीं किया। इससे दिन में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। रविवार को तापमान अधिकतम 42 और न्यनतम 29 रहा। वहीं, आखिरी दिन भी नौतपा खूब तपा, जिससे रविवारीय अवकाश के दिन शहर की सड़कों पर शाम तक लोगों की कम आवाजाही रही। दोपहर के समय सवारियां ढोने वाले वाहनों को जहां खड़े रहना पड़ा। वहीं मौसम की मार से बेहाल लोग अब गर्मी से घमौरियों के शिकार हो रहे हैं।

माना जाता है कि सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी कम होने की वजह से नौतपा के नौ दिन अत्याधिक गर्म रहते हैं। रविवार को आखरी दिन लोगों को उम्मीद थी कि अन्य दिनों की तुलना में गर्मी से कुछ राहत रहेगी, लेकिन इसके उल्ट सुबह से मौसम गर्म बना रहा। हालांकि रविवार का दिन होने से नौकरी पेशा लोगों को आफिस भागने की टेंशन नहीं रही। इसीलिए शहर की सड़कों पर आमदिनों की अपेक्षा शाम तक लोगों की आवाजाही काफी रही। लोगों के घरों से न निकलने की वजह से जहां आटो व ई रिक्शा चालकों के लिए दिहाड़ी निकालना मुश्किल रहा। वहीं सवारियों का टोटा बना रहने से परिवहन निगम सहित रोडवेज व निजी बसों के चालक स्टापेज का समय ओवर होने पर खाली गाड़ियां आगे बढ़ाने को मजबूर रहे। इसी तरह टैंपो सहित अन्य डग्गामार वाहन भी स्टैंडों पर खड़े रहकर सवारियों का इंतजार करते रहे। गर्मी से सबसे अधिक परेशानी रोज कमाने-खाने वालों को हो रही है। शहर में फेरी लगाकर सब्जी व फल सहित अन्य सामान बेचने वालों का कहना है कि वैसे दोपहर तक घूम-घूम कर परिवार के भरण-पोषण का इंतजाम हो जाता था, लेकिन इधर दोपहर के समय सभी घरों के दरवाजे बंद रहते हैं। इससे लगातार घूमते रहने के बाद भी खरीदार नहीं मिलते हैं।


सवारियों के इंतजार में स्टैंड पर खड़े टेंपो। अमृत विचार

### आमजन के लिये रखा गया पानी का टैंकर गायब पुलिस खोजने में जुटी

नवाबगंज, उन्नाव। भीषण गर्मी से आमजन को राहत देने की मंशा से डीएम के आदेश पर सीएचसी के पास लगाया गया पानी का टैंकर शनिवार रात अचानक वहां से गायब हो गया। सुबह जानकारी होने पर नगर प्रशासन ने पुलिस को इसकी सूचना दी और एक सीसीटीवी फुटेज भी दिया। जिसमें रात को एक टैक्टर टैंकर ले जाता दिख रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि डीएम ने नगर प्रशासन को आदेश दिये थे कि गर्मी से बचाव के लिये सीएचसी के बाहर पानी का टैंकर खड़ा करा दे। बीते एक हफ्ते से टैंकर वहां खड़ा था। नगर प्रशासन दो बार उसमें पानी भी भरता था। रविवार सुबह कर्मचारी जब टैंकर लेने पहुंचे तो वह वहां नहीं था। नगर पंचायत के लिपिक तुफैल अहमद ने इसकी सूचना ईओ अनिल कुमार और चेयरमैन दिलीप लश्करी को दी। नगर प्रशासन ने पास के मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो कैमरे में रात 1.35 बजे एक काली कार और नीला टैक्टर टैंकर ले जाता दिखा। फुटेज और एक प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया गया। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जांच की जा रही है। टैंकर जल्द बरामद किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री का आदेश दरकिनार जमकर हो रही बिजली कटौती

समस्या

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चेतावनी के बावजूद शहर सहित जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली की आवाजाही से निजात नहीं मिल रही है। लोगों का कहना है कि बिजली गुल होते ही बच्चों व बुजुर्गों का बुरा हाल बना रहता है। वहीं स्थानीय अधिकारी ओवरलोडिंग का रोना रोते हुए फाल्ट की मरम्मत के लिए शट डाउन लेने को मजबूरी बता अपना पल्लू झाड़ लेते हैं।

एक तरफ जबर्दस्त गर्मी लोगों को बेहाल किए हैं। वहीं दूसरी तरफ बिजली की आवाजाही लोगों की मुश्किलें बढ़ाए रहती है। आमतौर पर बिजली गुल होने पर 20 मिनट आधे घंटे बाद ही आपूर्ति बहाल होती है। इस चिलचिलाती गर्मी में आपूर्ति ठप होने के साथ कूलर व एसी काम करना बंद कर देते हैं, जिससे बच्चों का जहां रो-रोकर बुरा हाल बना रहता है। वहीं बुजुर्ग भी पसीने से लस्त-पस्त हो जाते हैं। इसी तरह महिलाओं को भी खाना बनाते समय बिजली गुल होने पर किचन छोड़ने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इधर एक पखवाड़े से प्रतिदिन औसतन 10 बार बिजली आंख-मिचौली का खेल खेलती है। विभागीय अवर अभियंताओं का कहना है कि इधर अधिकांश ट्रांसफार्मर्स पर क्षमता से अधिक लोड है। चेकिंग अभियान चलाकर स्वीकृत लोड से अधिक उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन विद्युत उपकरणों के इस्तेमाल में बेतहाशा वृद्धि होने से समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ओवर लोडिंग की वजह से ही फाल्ट होते रहते हैं। इसलिए उपभोक्ताओं को एहतियात बरतते हुए विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही जरूरत के मुताबिक स्वीकृत लोड बढ़वाना चाहिए। अभियंताओं का कहना है कि मानसून आने के साथ ही फाल्ट कम होंगे, जिससे शट डाउन न लिए जाने से अधिक बेहतर आपूर्ति हो सकेगी।



बिजली कटौती का कैरीकेचर।

- मुख्यमंत्री ने गर्मी के चलते कटौती न करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे
- अफसरों पर इसका कोई असर नहीं है और बिजली की आंख मिचौली जारी है

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# टैंकर में टक्कर मार भाग रहे डंपर ने युवक को कुचला

संवाददाता चकलवंशी, उन्नाव

**अमृत विचार।** मांखी थानांतर्गत रऊ करना चौराहा के पास खड़े टैंकर में डंपर ने टक्कर मार दी। इस पर नुकसान की भरपाई के लिये टैंकर चालक भाग रहे डंपर को रोकने के लिए पायदान पर चढ़ गया लेकिन चालक ने डंपर को दौड़ा दिया। इससे वह करीब 200 मीटर घिसटने के बाद पहिए के नीचे आकर कुचल गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने क्षतविक्षत शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि औरैया जिला व थानाक्षेत्र के रामपुर रामसहाय गांव निवासी विपिन बाबू (40) पुत्र स्व. शिवनाथ रिलायंस डिपो का टैंकर चलाता था। शनिवार रात 11 बजे वह डिपो से लोड लेकर बाहर निकला था। रात होने से वह वहीं रुक गया था। सुबह पांच बजे पेट्रोल लदा टैंकर सफीपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के लिए निकला। रविवार सुबह करीब आठ बजे वह उन्नाव-हरदोई मार्ग पर माखी थानाक्षेत्र के रऊकरना चौराहे पर ही पहुंचा था कि आगे एक ई-रिक्शा सवारी बैठाने के लिए रुक गया। इस पर उसने टैंकर रोक दिया और पानी पीने को नीचे उतर गया। जबकि साथ रहा क्लीनर कानपुर देहात जिले के थाना अकबरपुर के गांव मुरीदपुर निवासी प्रमोद पुत्र राम अवतार उसी में बैठा रहा। तभी हरदोई से आये तेज रफ्तार डंपर ने कंटेनर में टक्कर मार दी और भागने का प्रयास किया। यह देख कंटेनर चालक विपिन बाबू डंपर की खिड़की में चढ़ गया और उसे रुकवाने का प्रयास किया। चालक को चढ़ता देख डंपर चालक ने डंपर दौड़ा दिया। इससे विपिन का पैर फिसल गया लेकिन, चालक ने डंपर की गति और बढ़ा दी। इससे वह 200 मीटर घिसटते हुए डंपर के पहिये के नीचे आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद वहां भीड़ लग गई। क्लीनर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ परिजनों को इसकी जानकारी दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई रामबीर ने बताया कि डंपर चालक ने मेरे भाई की हत्या की है। मेरा भाई गिरा नहीं बल्कि डंपर चालक ने खिड़की खोलने के बाद उसे धक्का दिया और सड़क पर गिरते ही उस पर गाड़ी चढ़ा दी। मृतक तीन भाईयों में छोटा था। पति की मौत से पत्नी प्रियंका, बच्चों में बेटा अर्पित और बेटी पूर्वी बेहाल हैं। क्लीनर प्रमोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि क्लीनर की तहरीर पर कंटेनर चालक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर व पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।


विपिन बाबू। अमृत विचार

### टैंकर में भरा था 19 हजार लीटर पेट्रोल

उन्नाव। क्लीनर प्रमोद ने बताया टैंकर में 19 हजार लीटर पेट्रोल लदा था। डंपर ने चालक की खिड़की की ओर टक्कर मार दी। यदि थोड़ा आगे टक्कर लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इससे विपिन डंपर चालक के पास गया था। फिलहाल पुलिस ने टैंकर थाने में खड़ा कराया है और डंपर चालक की तलाश कर रही है।

# शिकवे भूलकर फिर थामा हाथ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र व थाना-कोतवाली में स्थापित महिला हेल्पडेस्क में तैनात सिपाहियों के प्रयासों से पति-पत्नी के 28 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को राजी हुए।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया था। हेल्पडेस्क टीम ने काउंसिलिंग करते हुए परिवार परामर्श केंद्र व महिला थाना से 7-7, औरास से 4, सोहरामऊ से 3, माखी व अचलगंज से 2-2, बांगरमऊ, कोतवाली सदर व बेहटा मुजावर से 1-1, जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, निम्मी अरोड़ा, अबरार हुसैन, अबसार अली, डा. सगीर अहमद, संजय चौरसिया, शिवेंद्र चौहान, स्वास्तिक मिश्रा व एसओ महिला थाना अर्चना, महिला सिपाही लक्ष्मी सिंह, चिंतन, नेहा शुक्ला, गिरजा, रूबी आदि मौजूद रहीं।


परिवार परामर्श केंद्र में जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता। अमृत विचार

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने लगाई फांसी, हो गई मौत

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

- पुलिस को सूचना दिए बिना परिजनों ने गांव के बाहर शव का किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार।** एक अविवाहित युवक ने घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर खेत में लगे पाकड़ के पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से लटककर फांसी लगा ली। सूचना पुलिस को दिए बिना परिजनों ने गांव के बाहर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शादीपुर के मजरा नारायन खेड़ा निवासी रामपाल का 22 वर्षीय पुत्र सूरज फरीदाबाद हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था। दो दिन पहले वह घर आया था। रविवार सुबह सूरज ने घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर खेत में लगे पाकड़ के पेड़ पर फांसी लगा ली। खेत में मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की मां की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जवान बेटे की अचानक मौत से पिता रो-रोकर बेहाल है।

## ढाबा संचालक के खिलाफ दी तहरीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ स्थित एक ढाबा में कामर्शियल सिलेंडर सप्लाई किये जाने की शिकायत पर भारत पेट्रोलियम के कानपुर विक्रय अधिकारी ने छापेमारी की।

जिला पूर्ति अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 मई को भारत पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारी हिमांशु सिंह ने जाजमऊ त्रिभुवनखेड़ा स्थित मंदाकिनी ढाबा पर छापेमारी की। जहां उन्होंने कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई होते मिली। उन्होंने बताया कि चालक उन्नाव तौरा निवासी शोभित को पकड़ा था। वाहन में रखे 20 कामार्शियल सिलेंडर में 10 खाली थे। उन्नाव कामर्शियल भारत गैस एजेंसी द्वारा अवैध तरीके से सप्लाई किया जा रहा था। जिला पूर्ति अधिकारी ने जाजमऊ चौकी पर जब्त सिलेंडर व वाहन के मुताबिक चालक शोभित और एजेंसी मालिक युसूफ पुत्र मो. हाशिम के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मामला पंजीकृत किये जाने को लेकर गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# सेनानी परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव भूलभुलिया खेड़ा स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व. साहबलाल द्विवेदी के स्मारक स्थल पर रविवार को स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों की बैठक हुई। इसमें सभी सेनानी परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित कराने हेतु एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की गई।

बैठक में गांव मेथी टीकुर के विख्यात स्वतंत्रता सेनानी व कवि स्व. गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक के पुत्र व बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में वर्षों तक जेल की सजा भुगतने और भारत को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के परिवार आज सरकारी उपेक्षा के चलते गुमनामी की स्थिति में जा पहुंचे हैं। केंद्र व प्रदेश सरकारों को जगाने के लिए अब स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के संगठन को मजबूत कर अपने स्वाभिमान और सम्मान के लिए पुरजोर आवाज बुलंद करना है। गांव हफीजाबाद के विख्यात स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पं. भूपेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट के पौत्र शशांक शेखर शुक्ल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अब भविष्य में हर माह के प्रथम रविवार को स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के स्मारक स्थलों पर बैठक होगी। सर्व सम्मति से तय हुआ कि अगली बैठक आगामी दिनांक 7 जुलाई दिन रविवार को 10 बजे गांव हफीजाबाद में आयोजित होगी। अंत में सभी आश्रितों द्वारा साहबलाल द्विवेदी, सूरज प्रसाद मिश्रा, गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक, क्षेत्रपाल सिंह, रुद्र नारायण दीक्षित, सेवाराम व दुर्गा प्रसाद पाल स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

अध्यक्षता स्नेहलता त्रिपाठी व संचालन शैलेन्द्र शुक्ल ने किया। बैठक में शशांक शेखर शुक्ला, जगदीश प्रसाद दीक्षित, विपिन द्विवेदी, विनय द्विवेदी, वंश गोपाल मिश्रा, नरेश द्विवेदी, गरिमा दीक्षित, हरिशरण, उत्सव द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण द्विवेदी व पप्पू पाल आदि सेनानी आश्रितों ने भाग लिया।


कार्यक्रम में मौजूद स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लोग व सेनानियों के चित्र। अमृत विचार

अनदेखी

उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी सीधे नदी में बहाने से बढ़ रही फ्लोराइड की मात्रा

# औद्योगिक प्रदूषण से लोन नदी का पानी हो रहा 'जहरीला'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले की प्रमुख नदियों में शामिल लोन नदी का पानी इन दिनों जहरीला हो गया है। टेनरियों के दूषित पानी के जाने से नदी के पानी में फ्लोराइड की भी मात्रा बढ़ी है। आज लोन नदी का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है टेनरियों के जहरीला पानी ने लोन नदी को विषैला बना दिया है। भीषण गर्मी में मवेशी इसमें चले जाते हैं। जिसका जहरीला पानी पीने से उनकी मौत भी हो रहीं हैं। नदी के आस पास बसे गांव का पानी भी दूषित हो गया है खेतों की उत्पादन क्षमता भी धीरे-धीरे घटने लगी है आसपास के ग्रामीण बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

बता दें कि जिले की सदर पुरवा और बीघापुर तहसील से लोन नदी निकली हुई है। सदर तहसील क्षेत्र में संचालित टेनरियों का दूषित पानी सीधे इस नदी में छोड़ा जाता है। जिससे नदी का पानी अब केवल ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है तीनों तहसील क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांव जिसमें सदर तहसील के चांदपुर, गजौली जमुक्रा, बड़ौरा, नेवरना, जरगांव, पड़री खुर्द, पड़री कला, मीरपुर, जगेथा, झाऊखेड़ा आदि पुरवा तहसील के गाँव मंगतखेड़ा, बैगांव, अतरसई, मझखोरिया, तारागढ़ी, मिर्जापुर सुभारी, हिम्मत खेड़ा गदोरवा, अटवा नवाव, सिंहपुर, टिकरिया आदि। बीघापुर तहसील के गांव चमियानी, गढ़ाकोला, भाटमऊ, जाजनपुर, बैजूवामऊ, परसंडा आदि हैं। तीनों तहसीलों के गांव के लोग इस नदी के पानी से खेतों में बोई हुई फसलों की सिंचाई करते हैं। प्रदूषित पानी से फसलों की सिंचाई होने से खेतों की उपजाऊ क्षमता धीरे-धीरे घटने लगी है। ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है कि गांव का पानी तक खराब हो चुका है। हैंडपंप फ्लोराइड युक्त पानी दे रहे हैं। जिसे पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। इस भयंकर गर्मी में मवेशी प्यास बुझाने के लिए नदी में चले जाते हैं और जहरीला पानी पीने से उन मवेशियों की मौत हो रहीं हैं।


**दुर्गंध इतनी कि आधा किमी पहले ही बंद करनी पड़ती नाक** : लोन नदी का पानी इस हद तक जहरीला हो गया है कि इसके पास से गुजरने पर देखने में पानी काफी गंदा नजर आता है। यह केमिकल के मिले होने से लाल हो गया है। आधा किमी दूर तक इसके पानी की दुर्गंध आती करता है। इसी कारण नदी के निकट बसे गांव के लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।


उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी जाने से प्रदूषित हुआ लोन नदी का पानी।

### बोले किसान


इंदल कुमार।

अटवा नवाब गांव निवासी किसान इंदल ने बताया कि उनका गांव लोन नदी के पास है। इस नदी का पानी विषैला होने से गांव में पीने का पानी भी दूषित हो गया है। फ्लोराइड बढ़ने से लोगों को बीमारियां बढ़ रही है।


राजेंद्र पांडेय।

पड़री कलां गांव के किसान राजेंद्र पांडेय ने बताया कि लोन के पानी से फसल सींचने से खेत की उत्पादन क्षमता कम हो गई है। गेहूं व चावल काफी हो रहा है। भविष्य में खेत के बंजर होने का खतरा बढ़ गया है।

# कीटनाशक निगलकर महिला ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत शनिवार रात कुरसठ कस्बा निवासी एक विवाहिता ने कीटनाशक निगल लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभी मायके पक्ष की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। लेकिन चर्चा है कि पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने आत्मघाती कदम उठाया।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा कुरसठ के मोहल्ला गोड़ी याना निवासी पप्पू कश्यप बर्फ बेचता है। शनिवार शाम काम से वापस घर लौटा। पत्नी गौरी (24) से घर के काम को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर वह दो साल के बच्चे आदित्य को लेकर अपने कमरे में चली गई। पति बाहर दूसरे कमरे में लेट गया। इसके बाद रात में गौरी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। लेकिन वह कमरे से बाहर नहीं आई। रात में बच्चे की रोने की आवाज सुन पप्पू कमरे में पहुंचा तो पत्नी मुंह से झाग निकल रहा था और कमरे में उल्टी पड़ी थी। इस पर वह उसे मियागंज सीएचसी लाया। पति ने पुलिस को सूचना देने के साथ मृतका के मायके हरदोई जिले के थाना संडीला के गांव चौपट टोला निवासी पिता रामभजन को दी। वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। लेकिन, उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाया है।


गौरी।

# पत्नी ने प्रेमी की मदद से काटी थी पति की गर्दन

## राजफाश: पुलिस ने आलाकत्ल बरामद कर दोनों को भेजा जेल, प्रेमी से शादी करने के लिए रची थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


पुलिस गिरफ्त में आरोपी पत्नी व उसका प्रेमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौरावां पुलिस ने धारदार हथियार से युवक की गला काट कर हुई हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पति की हत्या की मास्टर माइंड पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर आला कत्ल फरसा बरामद कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

बता दें कि मौरावां थानांतर्गत असरेंदा गांव के मजरा दृगपालगंज निवासी बेचेलाल (33) पुत्र बिन्दा प्रसाद पुताई का काम करता था। इस समय वह बाराबंकी में काम कर रहा था। 12 दिन बाद वह वहां से लौटा तो पत्नी रेखा व बच्चों से मिलने इसी थानाक्षेत्र के ही लऊआ गांव स्थित ससुराल चला गया। शुक्रवार को वहां से लौटा था। रात करीब 11 बजे वह छत पर पत्नी रेखा व बच्चों के साथ छत पर सोने चला गया। बेचेलाल जमीन पर चटाई बिछाकर लेट गया। पत्नी व बेटी बगल में चारपाई डालकर सो गई। रात में धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या हो गई। लेकिन, पत्नी और बेटी को इसकी भनक तक नहीं लगी। शनिवार भोरपहर करीब पांच बजे जब रेखा की नींद खुली तो उसने पति को रक्तरंजित पड़ा देख शोर मचाया था। घर से 40 मीटर दूर खेत में झोपड़ी में रहने वाला पिता बहू की चीख सुन दौड़ा तो बेटे का शव देख बेहाल हो गया। हत्या की सूचना पर एसओ चंद्रकांत सिंह, सीओ पुरवा, फोरेंसिक व स्क्वाड टीम के साथ पहुंचे और जांच की। परिजनों ने किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं बताई थी। आलाकत्ल बरामद करने के लिए पुलिस ने सब्जी के खेत में भी तलाश की लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस को जांच के दौरान पत्नी के पैर व अन्य अंगों पर खून लगा मिला था। इसी से पुलिस का शक गहराया और उसने मृतक, उसकी पत्नी व अन्य संदिग्ध नंबरों को सर्विलांस पर लगाया था। पत्नी व मृतक के साले को पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। सर्विलांस की मदद से सीडीआर निकलवाने के बाद पुलिस का शक यकीन में बदल गया और उसने रेखा से कड़ाई से पूछताक्ष की तो उसने सच उगल दिया। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि युवक की हत्या करने वाली उसकी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में प्रयुक्त फरसा बरामद कर दोनों को कोर्ट पेश किया गया।

### तीन साल से प्रेम संबंध

- उसने बताया कि उसके तीन साल से संजय पुत्र स्व. रमेश कोरी निवासी गांव सुदौली थाना बछरावां जिला रायबरेली से प्रेम संबंध थे और वह उससे पति की गैर मौजूदगी में मिलने भी आता था। इसकी जानकारी उसके पति को हो गई थी और उसने कई बार दोनों को रंगे हाथ पकड़ा भी था। दोनों शादी करना चाहते थे। इसलिए उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या करने की योजना बनायी और शुक्रवार रात उसने प्रेमी के साथ मिलकर फरसा से पति की हत्या कर दी। पुलिस ने संजय को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर घटना स्थल से 300 मीटर आगे तालाब किनारे झाड़ी से हत्या में प्रयुक्त खून से सना फरसा बरामद किया।

# सात जुलाई को निकाली जाएगी प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा, की चर्चा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में रविवार को श्रीमद् जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां पदाधिकारियों ने पिछले वर्ष हुये आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

बैठक को संबोधित करते हुये समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 7 जुलाई को नगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। इसके लिये अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि नेहरू नगर से मिश्रा कॉलोनी होकर यात्रा जायेगी। यात्रा को भव्य रूप देने के लिये सामाजिक संगठनों को यात्रा में सहयोग करने के लिए भी चर्चा कर उनसे सम्पर्क करने की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों को सौपी गई। जिसके बाद समिति के कोषाध्यक्ष कमल वर्मा ने आय-व्यय का ब्योरा सदस्यों के समक्ष रखा। इस मौके पर योगेन्द्र देव त्रिपाठी, अंकुर शुक्ला, दीपेन्द्र अवस्थी, राम प्रकाश शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, मिथलेश बाजपेयी, श्रीकान्त त्रिवेदी, डॉ तारकेश्वर पाण्डेय, ओम प्रकाश दीक्षित, कैप्टन राहुल तिवारी, श्याम नरायण मिश्रा, संदीप शुक्ला, राजेन्द्र बाजपेयी, अमित मिश्रा, राकेश तिवारी, अनूप मिश्रा, मनीष शुक्ला, राजेश अग्निहोत्री, अरुण शुक्ला, मुन्ना सोनी, रोशन सोनी, सन्तोष शुक्ला, दिलीप शुक्ला, मनमोहन दीक्षित, अवधेश दुबे, प्रमोद ओझा, रमाशंकर तिवारी, नागेश मिश्रा, प्रभाकर पाण्डेय, श्री प्रकाश मिश्रा, शिवाकान्त मिश्रा, नितिन दीक्षित मौजूद रहे। बैठक का संचालन अंजनी अग्निहोत्री ने किया।


बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष। अमृत विचार

## एक नजर

### कानपुर के युवक ने गंगा में लगाई छलांग

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर बेकनगंज निवासी एक युवक ने रविवार सुबह घरेलू कलह से ऊबकर गंगा में छलांग लगा दी। यह देख तट पर मौजूद पंडा ने उसे बचा लिया और बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। कानपुर बेकनगंज निवासी अबुल हसन पुत्र स्व. निसार अहमद रविवार सुबह आठ बजे नवीन पुल के नीचे पहुंचा। जहां कुछ देर टहलने के बाद उसने गंगा में छलांग लगा दी। यह देख तट पर मौजूद पांड संटी तिवारी ने भी छलांग लगा दी और उसे सकुशल बाहर निकालकर लाये। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ की। उसने बताया कि माता पिता की मौत के बाद वह अपनी बहनों के साथ रहता है। किसी बात को लेकर वहनों से झगड़ा हो गया, जिससे वह जान देने के लिए गंगा में कूदा। पुलिस युवक को कोतवाली लेकर पहुंची और परिजनों के सुपुर्द किया।

### ट्रैक्टर खड़ा करने पर भाइयों को लाठी-डंडों से पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी गांव में आटा चक्की के बाहर ट्रैक्टर खड़ा करने पर संचालक ने दो भाइयों को लाठी डंडों से पीट दिया। बनी निवासी अमित रावत ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसने संभर खेड़ा निवासी संजय से चावल खरीदा था, उसी को तौल कराने के लिये देवारा कलां स्थित आटा चक्की पर पहुंचा और बाहर ट्रैक्टर खड़ा कर दिया। जिस पर संचालक गाली गलौज कर पीटा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### रुपये लिए, दूसरी शादी की तैयारी का लगाया आरोप

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी रिंकी ने महिला थाना में दी तहरीर में बताया कि उसकस सन-2020 में थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी रामनाथ के बेटे आयुष्मान उर्फ अवधेश गौतम से प्रेम विवाह हुआ था। इससे उसे दो बेटियां आंचल व अंजली हैं। वह पति के साथ हरियाणा के आर्यनगर बालमगढ़ में रहकर मजदूरी करती थी। बीते साल उसकी ननद की शादी में खर्च करने के लिए सुसरालियों ने उससे एक लाख रुपये लिए। कुछ दिन पहले पति फिर उससे 55 हजार रुपये लेकर गांव लौट आया। वापस न आने पर वह अपनी बेटियों के साथ ससुराल पहुंची तो उसे घर में घुसने नहीं दिया और दूसरी शादी की तैयारी में है।


राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद प्रमाण-पत्र दिखाते एथलीट।

# एथलीट में नितिन, सरोजनी करेंगी यूपी का प्रतिनिधित्व

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** स्पोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के लखनऊ स्थित रीजनल सेंटर में आयोजित सातवीं उत्तर प्रदेश स्टेट यूथ एथलेटिक चैंपियनशिप-2024 में जिले के बालक व बालिका वर्ग में दो एथलीट ने पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। अब वह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में यूपी का प्रतिनिधित्व करने जाएंगे।

एथलीट नितिन गुप्ता ने 18 वर्ष आयु वर्ग में जहां स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वह 5000 मीटर वाक रेस में अव्वल रहे। वहीं सरोजनी ने 3000 मीटर की वाक रेस में रजत पदक जीत कर स्वयं को साबित किया। यह खबर मिलते ही जिला खेल कार्यालय द्वारा संचालित स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। दोनों वाक रेसर के कोच आमिर खान ने बताया कि अब यह एथलीट अपने आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी यह दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं।

कोच के मुताबिक ग्रामीण परिवारों से जुड़े दोनों ही एथलीट आर्थिक तौर से कमजोर परिवारों से संबंधित हैं।

# पूंजी गवां चुके लोगों ने दो को पीटा

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत ट्रेडिंग कंपनी में पैसा इंवेस्टमेंट कर 15 फीसदी ब्याज के झांसे में आकर करोड़ों रुपए गवां चुके करीब आधा दर्जन पीड़ितों ने बीते शनिवार को देर शाम इन्वेस्टर गिरोह के दो सदस्यों को दबोच कर उनकी पिटाई कर दी।

बांगरमऊ कोतवाली के कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी अयाजुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मोहल्ला जोक नगर निवासी असफाक, आदिल, आशिफ व अलकैप ने उसके भतीजे और भांजे की लातघूंसों से पिटाई कर दी और कार का शीशा तोड़ डाला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। बता दें कि 15 प्रतिशत मासिक ब्याज देने का लालच देकर क्षेत्र के दर्जनों लोगों से करोड़ों जमा कराने वाले गिरोह के सदस्य अयाजुद्दीन के विरुद्ध ठगी के शिकार लोगों द्वारा कई रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। बीती शनिवार देरशाम जमा रकम वापस मांगने को लेकर पीड़ितो से फिर विवाद हो गया। बीते एक माह से जारी मनी ट्रेडिंग के विवाद को लेकर दर्ज रिपोर्टों के मामले में पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

# परिषदीय विद्यालयों के समर कैंप स्थगित, शिक्षकों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बीएसए ने कहा रविवार होने से नहीं देखा आदेश, निर्देशों का होगा पालन

**अमृत विचार।** अब परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों सहित बच्चों को पांच से 12 जून तक जबर्दस्त गर्मी के बीच स्कूल नहीं पहुंचना होगा। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को अगले आदेश तक पूर्व में जारी आदेश स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि लू व धूप के प्रकोप को देखते हुए फिलहाल समर कैंप नहीं आयोजित होंगे।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में डीजी कंचन वर्मा ने केंद्रीय अधिकारियों के निर्देश पर ईको क्लब फार मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप आयोजित कराने का आदेश जारी किया था। यह आदेश जारी होते ही शिक्षकों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया जताई गई थी। शिक्षक इसे ग्रीष्मावकाश से वंचित करने सहित किसी बच्चे के साथ अनहोनी होने पर दंडित किए जाने को लेकर विरोध जता रहे थे। शिक्षकों के दबाव में शिक्षक नेताओं को आदेश के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा। विभिन्न संगठनों ने न सिर्फ डीजी स्कूल शिक्षा, बल्कि बेसिक शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समर कैंप के आदेश को निरस्त कराने की मांग उठाई थी। इस पर शनिवार को डीजी स्कूल शिक्षा ने पूर्व में जारी आदेश को स्थगित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने विपरीत मौसम को ही आदेश स्थगित करने का कारण बताया है। समर कैंप स्थगित होने को शिक्षक-शिक्षिकाएं जीत बता रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि संगठन की एकजुटता से राहत मिली है। जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय व प्रवक्ता मदन पांडेय ने कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय होने पर संगठन हमेशा आवाज बुलंद करता है। हालांकि अभी यहां बीएसए संगीता सिंह की ओर से आदेश निरस्त किए जाने का पत्र नहीं जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि समर कैंप स्थगित होने की जानकारी मिली है, लेकिन अभी डीजी का पत्र नहीं देखा है। सोमवार को आदेश पढ़ने के बाद निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

# भाजपाई उत्साहित, विपक्ष भी आश्वस्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मतदाताओं के खामोश रहने से अंदरखाने सभी को सता रही चिंता

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर विभिन्न खबरिया चैनल्स पर दिखाए गए एक्जिट पोल ने भाजपाइयों का उत्साह बढ़ा दिया है। वहीं इस संसदीय सीट पर मुख्य प्रतिद्वंदिता में शामिल इंडिया गठबंधन की सपा उम्मीदवार का खेमा स्थानीय स्थितियों को लेकर खुशी से लबरेज दिखाई दे रहा है।

करीब डेढ़ माह प्रमुख प्रत्याशियों के बीच जीत हासिल करने की लगातार होड़ लगी रही। उम्मीदवारों सहित चुनाव प्रचार में जुटे नेताओं की मतदाता हां में हां तो मिलाते रहे, लेकिन स्वयं खुलकर कुछ कहने से बचते रहे। मतदान के बाद से अब तक आम मतदाता मिली-जुली प्रतिक्रिया देते आ रहे हैं, जबकि दलीय निष्ठा रखने वाले चौक-तिराहों पर खुलकर अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। शनिवार को अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होते ही विभिन्न न्यूज चैनल पर एक्जिट पोल का प्रसारण शुरू होने पर जनप्रतिनिधियों सहित राजनीति में रुझान रखने वाले स्क्रीन से चिपके रहे। सर्वे एजेंसियों के सभी एक स्वर से भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के दावों को देखते हुए सत्तारूढ़ दल के नेताओं की बाछें खिली हैं। भाजपा नेता पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को स्वर्णिम काल बताते हुए एक्जिट पोल पर भरोसा जता रहे हैं। इसके विपरीत विपक्षी एक्जिट पोल को सत्ता पक्ष के दबाव से प्रेरित बता रहे हैं। सपा, बसपा व कांग्रेस के नेताओं का कहना है मतों की गिनती एक्जिट पोल से सर्वथा भिन्न होगी। इंडिया गठबंधन में शामिल दल अप्रत्याशित बढ़ाकर नतीजे घोषित होने के बाद केंद्र में नई सरकार गठित करेंगे। स्थानीय सपा नेताओं सहित गठबंधन में शामिल दलों के लोग यहां भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मतदाताओं में पनपे आक्रोश को देखते हुए जीत सुनिश्चित होने का दावा कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मतदाताओं की चुप्पी को देखते हुए कुछ कहना सही नहीं होगा।

# गर्मी से रिक्शा चालक की मौत, परिजन बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर निवासी एक बुजुर्ग बालूघाट स्थित रिक्शा कंपनी में रहकर रिक्शा चलाने व देखरेख करने का काम करता था। शनिवार रात पालिका के बने टेंपो स्टैंड की बेंच पर लेटा था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की है।

गांधी नगर निवासी 87 वर्षीय रामेश्वर बालूघाट स्थित एक रिक्शा कंपनी का रिक्शा चलाता था। रिक्शा कंपनी मालिक सुमित कुमार गुप्ता ने बताया कि दो तीन दिनों से अधिक गर्मी पड़ने के कारण वह बीमार हो गया था। जिस कारण शनिवार रात पालिका द्वारा बनवाये गये टेंपो स्टैंड की बेंच पर लेट गया। जहां दोपहर तक उठा नहीं तो आस पास के रहने वाले लोगों को शंका हुई। लोगों ने आवाज दी लेकिन, कोई हरकत न देने पर उसे हिलाया डुलाया गया। जहां मृत समझ कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी लेकिन परिवार के सभी लो बाहर होने के कारण पुलिस ने जांच करने के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## सार-संक्षेप


राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण करते ब्रह्मसभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ब्रह्मसभा की ओर से कराया गया शर्बत वितरण

**शुक्लागंज उन्नाव।** गर्मी को देखते हुये रविवार को ब्रह्मसभा शुक्लागंज व श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति की ओर से शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। ब्रह्मसभा शुक्लागंज व श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति की ओर से राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल के बाहर शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले राहगीरों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शर्बत वितरण सुबह से दोपहर तक चलता रहा। इस मौके पर जयशंकर मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र, आशुतोष शुक्ला, अशोक शुक्ला, अंकुर शुक्ला, अंजनिकांत मिश्र, अवनीश शुक्ला, ओम प्रकाश दीक्षित, शिवसरन अग्निहोत्री, सत्यकुमार उपाध्याय, बी डी त्रिवेदी, संतोष मिश्र, अंजनि अग्निहोत्री, श्रीकान्त त्रिवेदी, श्रीप्रकाश मिश्र, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, लालाराम शुक्ल, प्रमोद त्रिवेदी, कमल वर्मा, राहुल तिवारी, अशोक तिवारी, विजय शंकर तिवारी, बब्लू बाजपेई मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से साकेतपुरी की सात घंटे गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के साकेतपुरी मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर रविवार को फुंक गया। जिस कारण सैकड़ों घरों की सात घंटे तक बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने पर लोग गर्मी में बिलबिला उठे। साकेतपुरी में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रविवार दोपहर करीब एक बजे विद्युत आपूर्ति के दौरान फुंक गया। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया लेकिन ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो सका। जिस कारण दोपहर से लेकर रात तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। शाम लगभग सात बजे नया ट्रांसफार्मर लाया गया, उसके बाद रात करीब साढ़े आठ वजे प्रभावित घरों की सप्लाई चालू की जा सकी। आपूर्ति चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।


मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 40 मरीज, दी गईं दवाइयां

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डा. रश्मि वर्मा, आयुर्वेदिक डॉ. अर्चना, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 40 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### दोपहर में बैराज मार्ग पर लगे जाम में फंसी एम्बुलेंस

**शुक्लागंज उन्नाव।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर रविवार दोपहर वाहनों का अधिक भार रहा। जिस कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। इसी दौरान उन्नाव से मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। जिससे मरीज गर्मी में तड़प गया। दोपहर करीब एक बजे बैराज मार्ग पर वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। इसी बीच उन्नाव से कानपुर मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। जिससे मरीज भीषण गर्मी में तड़प उठा। यह देख राहगीरों ने किसी तरह एम्बुलेंस को बाहर निकलवाया। इस दौरान दो बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### कारीगर पर लाखों की चांदी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता निवासी एक युवक चांदी का काम करता है। उसने बिछिया बनाने के लिये कारीगर को साढ़े सात किलो चांदी दी थी। कारीगर ने बताया कि चांदी चोरी हो गई। जिस पर युवक ने कारीगर के खिलाफ कार्यवाही को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कारीगर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। कप्तान साहव हाता निवासी किशोर वर्मा चांदी के आभूषण बेचने का काम करते हैं। बीतीरात कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पोनी रोड बमबम चौराहा निवासी दीपक वर्मा चांदी की बिछिया बनाने का काम करता है। उसने बताया कि उसने दीपक को साढ़े सात किलो चांदी बिछिया बनाने के लिये दी थी। रविवार रात करीब ग्यारह बजे दीपक घर आया, जहां उसने बताया कि वह चांदी की बिछिया बनाकर बाइक से आ रहा था, इसी दौरान एक घर में पैसे देने चला गया। तभी अज्ञात चोरों ने उसकी चांदी की बिछ्या चोरी कर ली। शक होने पर किशोर ने गंगाघाट पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दीपक को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया और तहरीर के आधार पर उससे पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही चोरी गये माल को बरामद किया जायेगा।


गायत्री नगर में साफ-सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# हर रविवार मच्छरों पर वार को लेकर गायत्री नगर में चला अभियान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका गंगाघाट की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को वार्ड 18 गायत्री नगर में पालिका कर्मियों की फौज पहुंची। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 18 गायत्री नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके अलावा नालियों से सिल्ट साफ की। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर सभी साफ सफाई कराई जायेगी।

## खेती-किसानी

42 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान होने के कारण हो रही समस्या

# गर्मी के कारण धान की नर्सरी से बच रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पैदावार में पड़ेगा प्रतिकूल असर, अभी बुआई करने पर जल सकते हैं किल्ले

**अमृत विचार।** जून माह शुरू हो चुका है लेकिन, तापमान सातवें आसमान पर है। भीषण गर्मी से धान नर्सरी की बुआई लेट हो रही है। किसान गर्मी को लेकर चिंतित हैं और नर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे हैं। महीने की शुरुआत में ही धान नर्सरी की बुआई शुरू हो जाती है लेकिन, देर होने से पैदावार पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

किसानों की परेशानी बढ़ने की वजह भी साफ है कि 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में धान नर्सरी की बुआई की जाती है तो उसके किल्ले जल जाते हैं। ऐसे में अगर नर्सरी लगाई गई तो बीज भी खराब हो जाएगा। साथ ही धान की रोपाई भी लेट होगी। इस वजह से किसान नर्सरी की बुआई नहीं कर पा रहे हैं। किसान हरि प्रसाद निवासी तौरा ने बताया कि जून की शुरुआत में ही धान की नर्सरी डालनी शुरू कर दी जाती है। जिससे जुलाई के पहले या दूसरे हफ्ते में रोपाई शुरु हो सके। 15 जुलाई तक या इससे पहले रोपाई होने से पैदावार अच्छी होती है। लेकिन इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है तापमान 44 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में नर्सरी तैयार नहीं हो पाएगी। वहीं किसान फ़रीद मोहम्मद ने बताया कि तापमान कम होने का इंतजार करना पड़ रहा है। गर्मी अधिक होने से नर्सरी की बुआई नहीं कर पा रहे हैं। अगर समय से नर्सरी की बुआई नहीं हुई तो पैदावार पर असर पड़ेगा। जिसे लेकर किसान परेशान हैं।


नर्सरी लगाने के लिए खेत में भरा गया पानी। अमृत विचार

### 35 से 40 डिग्री तापमान में ही करनी चाहिये नर्सरी की बुआई

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि अधिक तापमान में नर्सरी की बुआई नहीं करनी चाहिए। इससे किसानों को नुकसान होने की संभावना रहती है। तापमान 35 से 40 डिग्री से कम होने पर नर्सरी की बुआई हो तो अच्छी नर्सरी होती है और किसान समय से रोपाई करके पैदावार भी बेहतर कर सकते हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति ॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।


## संपादकीय

# उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## प्रसंगवश

# शहर सत्ता के केंद्र



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

# भारतीय संस्कृति की पीड़ा: अपने ही घर में किरायेदार



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

## सोशल फोरम

# हम न भूलेंगे



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

**- फेसबुक वॉल से**

# चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर $100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टियुड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए यद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

# डर और अंधविश्वास



इकबाल अहमद

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

कुछ वैसी ही कहानी रोज ज्यादा असुरक्षित होते जाते इंसान की है। डर बढ़ता है और निवारण यंत्र ये भरोसा दिलाते है कि कुछ तो हो रहा है, पहले से बेहतर। हथेली को फैलाकर और दबाकर भाग्य रेखा को जबरदस्ती लंबा करने की कोशिश करते रहते हैं। कीरो की लिखी किताब से भाग्य पर भरोसा बढ़ा था। वही किताब जो रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल से सफर पर तब खरीदी थी जब गाड़ी पांच घंटे लेट थी। टाइम पास में भी डर निवारण मिल जाता है।

# गर्मी और लू से बुंदेलखंड में सात लोगों ने दम तोड़ा

## बांदा में रेलवे कर्मचारी समेत चार की लू के थपेड़ों ने ली जान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** गर्मी लगातार जानलेवा बनी हुई है। लू के थपेड़ों ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर रखा है। सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा रहता है। लू से मौत का सिलसिला नहीं थमा। ताजी घटनाओं में लू की चपेट में आकर रेल कर्मी समेत चार की मौत हो गई।

हमीरपुर जिला के देवगांव निवासी गया प्रसाद (40) पुत्र बिहारी शनिवार की शाम ड्यूटी करने के बाद देर रात घर आया। रविवार की सुबह उसकी अचानक हालत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डाक्टरो ने उसे मृत मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे रविकुमार ने बताया कि गया प्रसाद को ड्यूटी के दौरान लू लग गई थी। वह रेल कर्मचारी था। बिहार के दाउद नगर (औरंगाबाद) निवासी दीनानाथ (50) पुत्र बाबूलाल महोबा में सड़क निर्माण में काम करता था। शनिवार की शाम लू लग जाने से उसकी हालत खराब हो गई। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह हमीरपुर जिला के बनिभौता ओमर नगर निवासी अमित (40) पुत्र विनोद रविवार की दोपहर असोथर से खाली ट्रक लेकर गिटटी लादने कबरई जा रहा था। तभी रास्ते में उसे लू ने अपनी चपेट में ले लिया।

खैराडा रेलवे क्रासिंग के पास ट्रक खड़ा करके लेट गया। काफी देर होने के बाद साथी ड्राइवरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

उधर, कालिंजर थाना क्षेत्र के तरहटी कालिंजर गांव निवासी शारदा प्रसाद (65) पुत्र सुखदेव रविवार को सुबह बकरी चराने गया था। तभी लू लगने से वह खेत पर गश खाकर गिर पड़ा। अन्य चरवाहों ने परिजनों को सूचना दी।

### गर्मी से वृद्ध की मौत, तापमान में मामूली गिरावट

**उरई।** जिले में गर्मी का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार सुबह 10 बजे से ही तेज धूप ने लोगों का घरों से निकलना मुहाल कर दिया। दोपहर होते-होते गर्मी के चलते बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 47 .8 डिग्री दर्ज किया गया जबकि शनिवार को 48 .2 डिग्री था। वहीं गर्मी के चलते लोगों की मौतों का भी सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को भी एक वृद्ध की गर्मी से मौत हो गई। वहीं भीषण गर्मी के चलते अस्पतालों में डायरिया व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। जालौन कोतवाली कस्बे के लोना रोड पर एक दुकान के बैठे-बैठे अचानक एक वृद्ध बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक व्यक्ति की पहचान मुन्नीलाल पुत्र प्रभु दयाल उम्र 60 वर्ष, निवासी घुआताल जालौन के रूप में हुई है।

## महोबा में होमगार्ड सहित दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नौतपा के आखिरी दिन अधिकतम तापमान 47 व न्यूनतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से होमगार्ड सहित दो लोगों की मौत हो गई।

गर्मी व लू से मरने वालों में चुनाव ड्यूटी से वापस ललितपुर जाते समय होमगार्ड भरोसे लाल (56) शामिल है। इसी तरह लवकुशनगर के ग्राम दिदवारा निवासी कल्लू (48) की गर्मी से हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सुबह आठ बजे से ही धूप अपने तेवर दिखाना शुरू कर देती है। करीब दस बजे से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। लोगों का कहना है कि इससे पहले लगातार इतने दिन कभी गर्मी और तेज धूप नहीं पड़ी। वहीं लू के थपेड़े भी जानलेवा साबित हो रहे हैं। गर्मी कम न होने से प्रतिदिन जिला अस्पताल में लू और गर्मी से पीड़ित मरीज भर्ती हो रहे हैं। इनमें से कुछ लोग लू लगने और भीषण गर्मी की चपेट में आने से मौत के मुंह में समा गए हैं। हालांकि अब लोग तेज धूप और गर्मी से बचाव के लिए तरह तरह के जतन करने लगे है, इसके बाद भी लू से मरने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। नौतपे के दौरान हर साल गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच जाती है। इस साल भी गर्मी और तेज धूप अपने तेवर दिखाने में पीछे नहीं है।

### आज से 6 जून तक पड़ेगी तेज गर्मी और चलेगी लू

**महोबा।** मौसम विज्ञान विभाग मौसम केंद्र द्वारा 3 से 6 जून तक जनपद में लू चलने की जानकारी दी है। प्रशासन द्वारा जनसाधारण को मौसम के बढ़ते तापमान को देखते हुए जागरूक एवं बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। कहा कि इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें। कड़ी धूप में बाहर न निकलें, जितनी बार हो सके पानी पियें। प्यास न लगे तो भी पानी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें।

### चौबेपुर का पशुपालक तिर्वा में गश खाकर गिरा, मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** कस्बा में लगने वाली पशु बाजार में आया बुजुर्ग गश खाकर गिर गया और इसके बाद उसकी मौत हो गई। पता चला है कि कानपुर जनपद के चौबेपुर कोतवाली क्षेत्र के जुबियाना मोहल्ला निवासी उस्मान खां (60) पशुओं की खरीद फरोख्त का काम करता था। हर रविवार को कस्बा के मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के परिसर में लगने वाली पशु बाजार में मवेशी खरीदने आया था। दोपहर के समय तेज धूप के चलते उसकी अचानक हालत बिगड़ बिगड़ और गश खाकर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज ले गई, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

● हेलमेट नहीं लगाए थे बाइक सवार तीनों युवक




**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र में दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इनमें से एक की शिनाख्त जिला अस्पताल लोहिया में परिजनो के पहुंचने पर हो गई है। वही एक मृतक युवक व घायल की शिनाख्त को शाम तक पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ती रही। एक पेट्रोल पंप की पर्ची मिलने से दोनों की पहचान हो सकी। घायल युवक को गंभीर हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाइक सवार तीनों युवा हेलमेट नहीं लगाए थे।

राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव चाचूपुर के पास रविवार को दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसएचओ राजेपुर रणविजय सिंह ने घायलों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ध्रुव राज ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक का इलाज शुरू कर दिया है। एक मृतक की पहचान सत्येंद्र निवासी नगला टिकुरिया के रूप में हुई है। बताया गया है कि सत्येंद्र जयपुर में नौकरी करता था। 15 दिन पहले उसकी पत्नी कैंट के किसी व्यक्ति के साथ चली गई थी। जिसकी वजह वह छुट्टी पर आया था। इसी बात को लेकर वह अपनी ससुराल चाचूपुर गया हुआ था। जहां से लौटते समय या हादसा हुआ और सत्येंद्र की मौत हो गई। दूसरे बाइक चालक और घायल की शिनाख्त देर शाम को हो सकी। उसकी पहचान कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के बुढ़नामऊ निवासी सूरज के तौर पर हुई। दूसरे मृतक की पहचान कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के बुढ़नामऊ निवासी बंटू राठौर (25) पुत्र शिवकुमार के तौर पर हुई।

## इस माह देखने को मिलेंगी अद्भुत खगोलीय घटनाएं

**जसवंतनगर, इटावा।** हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि खगोलीय वस्तुओं का सबसे पहले अध्ययन अरस्तु ने किया था। जबकि बाद में गैलीलियो ने अपने दूरबीन के माध्यम से खगोलीय पिंडों को देखने का काम किया था। भारत के प्रथम खगोल वैज्ञानिक आर्यभट्ट थे। खगोल विज्ञान पर आधारित आर्यभट्ट द्वारा लिखित पुस्तक सूर्य सिद्धांत में विभिन्न खगोलीय घटनाओं का वर्णन मिलता है। जून के महीने में विभिन्न दुर्लभ खगोलीय घटनाएं हम सभी को आसमान में रोमांचित करने वाली है। तीन जून को भोर में सुबह सूर्योदय से दो घंटे पहले आसमान में ग्रहों का दुर्लभ नजारा नग्न आंखों से देखने को मिलेगा। लाल रंग का मंगल ग्रह तथा विशाल शनि खुली आंखों से देख सकते हैं। अन्य ग्रहों बुद्ध बृहस्पति यूरेनस तथा नेप्चून को देखने के लिए टेलिस्कोप अथवा बिनोक्युलर का प्रयोग करना पड़ेगा। 4 जून को बुध तथा बृहस्पति ग्रह पास पास दिखाई देंगे। 5 जून को चंद्रमा के पास प्लीएड्स नामक तारों का समूह नक्षत्र के रूप में दिखाई देगा। 10 जून को दिन के समय आसमान में उल्का पिंडों की बौछार देखने को मिलेगी। 16 जून को चंद्रमा के पास कन्या तारा मंडल का सबसे रोशन तारा स्पाइका देखने को मिलेगा। 22 जून को पूर्ण चंद्रमादिखाई देगा। 27 जून को चंद्रमा के सामने शनि ग्रह काले बिंदु के रूप में गुजरता हुआ दिखेगा।

## बिजली मीटर रीडर के साथ लाइनमैन भी घर-घर जाएंगे



संवाददाता, फर्रुखाबाद

● 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप लांच, विभाग से उपभोक्ताओं को जोड़ेगी नई व्यवस्था

**अमृत विचार।** बिजली उपभोक्ताओं को बिलिंग आदि की समस्या न हो, कनेक्शनधारक सीधे उच्चाधिकारियों से जुड़ सकें, इसके लिए विभाग ने 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप लांच किया है। इस एप पर कनेक्शनधारक का सारा विवरण अपलोड किया जाएगा। उनकी समस्याओं आदि को भी अपलोड करना होगा। प्रत्येक मीटर रीडर के साथ अब लाइनमैन भी जाएंगे। इसके लिए उनकी आईडी भी बनाई गई है।

अभी तक घर-घर जाकर मीटर रीडर रीडिंग व बिल आदि का कार्य देखते थे। इसमें बिलिंग का खेल भी चलता था। उपभोक्ताओं की समस्याओं को मीटर रीडर दबा देते थे। अब विभाग ने मीटर रीडर के साथ लाइनमैन की ड्यूटी लगाई है, जो रीडिंग करेगा। इसके साथ ही विभाग ने 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप लांच किया है। इस एप पर उपभोक्ता की आईडी, नाम, ट्रांसफार्मर कोड, किस पोल से उपभोक्ता के यहां कनेक्शन है, मीटर की स्थिति, मीटर रीडिंग, उपभोक्ता को बिल सही मिल रहा या नहीं आदि जानकारी फीड की जाएगी।

अगर कहीं बिजली चोरी होते मिली तो उसे भी फीड करना होगा। इस एप के माध्यम से दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से जुड़े अधिकारी उपभोक्ता की आईडी डालकर सीधे सारी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

उपभोक्ताओं की बिलिंग आदि की समस्या भी दूर हो जाएगी। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि बिलिंग आदि की समस्या को दूर करने के लिए विभाग ने 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप जारी किया है।

सभी एक्सईएन, एसडीओ व जेई को निर्देश दिए गए हैं कि वह मीटर रीडर के साथ लाइनमैन की ड्यूटी लगाकर उनके मोबाइल में यह एप लोड करवाएं। इसी एप के जरिए ही उपभोक्ता का सारा विवरण लोड करवाएं।

## पुत्री की मौत पर मां ने पिता के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सरीला कस्बे में एक छात्रा द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या के मामले में छात्रा की मां ने अपने पति को पुत्री की मौत का जिम्मेदार मानते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सरीला कस्बे के मांझखोर निवासी नीतू उपाध्याय ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति श्यामजी उपाध्याय पुत्र संतोष उपाध्याय शराब पीने का लती है। शराब पीने की लत को पूरा करने के लिए घर की वस्तुएं और उसके सभी जेवरात भी बेच दिये हैं। बताया कि उसका पति शराब पीकर आए दिन उसे और उसके बच्चों के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता रहता था। उसे और उसके बच्चों को घर पर बाहर भी निकाल देता था। बताया कि वह गाय भैंस रख कर एवं उसका दूध बेचकर अपने बच्चों का भरण पोषण करती है। बताया कि उसकी बड़ी पुत्री अनामिका पढ़ने में काफी होनहार थी। जिसने इंटरमीडिएट की परीक्षा बहुत अच्छे अंकों के साथ पास की थी। उसकी पुत्री अनामिका आगे पढ़ लिखकर कुछ बनना चाहती थी। शराबी पति उसकी पुत्री अनामिका से मजदूरी करना चाहता था और उसकी पढ़ाई लिखाई पर भी पाबंदी लगा रखी थी। बेटी की पढ़ाई के लिए रखे पैसों से उसका पति शराब पी जाता था। पढ़ाई के लिए जो रुपये लाती थी वह भी उससे छीन लेता था।

## ड्यूटी पर महिला सिपाही की मौत


**तिर्वा, कन्नौज।** ट्रेन से उतरते समय हादसे का शिकार हुई महिला सिपाही की मौत हो गई। रविवार को गांव पहुंचीं सीओ प्रियंका वाजपेई ने गार्ड ऑफ आनर दिया।


किरण कटियार।

इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर निवासी किरण कटियार 2016 में सिपाही बनी थी। उसकी तैनाती शाहजहांपुर सदर कोतवाली में थी। वह विभागीय कार्य से मुरादाबाद गई थी। शनिवार की शाम को रोजा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय पैर फिसल गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसका शव गांव लाया गया।

## ट्रैक से उतरी मालगाड़ी, पहिया निकला

संवाददाता, फतेहपुर



ट्रैक से उतरी मालगाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रूट पर जा रही मालगाड़ी डाउन लाइन पर ट्रैक से उतर गई। मालगाड़ी के चलने के दौरान पहिया निकलकर बाहर आ गया। इसके बाद मालगाड़ी की बोगियां एक-दूसरे से टकराने लगीं। हादसे में जनहानि नहीं हुई है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। मालगाड़ी का पहिया निकलने के कारण डाउनलाइन पर रेल ट्रैफिक प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर रवाना हो गए हैं।

मालगाड़ी के ट्रैक से उतरने की घटना काटोघन रेलवे स्टेशन के पास का है। डीएफसीसी के कटोघन रेलवे स्टेशन पर डाउन लाइन से जा रही मालगाड़ी का एक वैगन रविवार सुबह 05:17 बजे पटरी से उतर गया। ब्रेकवान (गार्ड वाला कोच) से 34वें वैगन के बेपटरी होने से अन्य ट्रेनों को उनके स्टेशनों पर रोका गया।

● दिल्ली-हावड़ा रेल रूट की डाउन लाइन बाधित

क्रेन की मदद अफसरों की देखरेख में राहत का काम शुरू कराया गया। प्रयागराज के अधिकारियों ने भी मौका मुआयना किया। हादसे का कारण जानने के लिए टीम को लगाया गया है। मालगाड़ी की डाउनलाइन बाधित होने की स्थिति को देखते हुए ट्रैक को जल्द से जल्द खाली कराने और ट्रैफिक को रिस्टोर करने की कोशिश की जा रही है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभागों के अफसर मौके पर पहुंचे और लाइन दुरुस्त कराना शुरू किया गया। अधिकारियों के अनुसार लाइन पर ट्रैफिक शुरू करने में 12 घंटे का समय लग सकता है।

## चुनाव हारने से अखिलेश फ्रस्टेशन में : सुब्रत पाठक



**कन्नौज।** मतगणना को अभी लगभग 24 घंटे बाकी हैं। विभिन्न मीडिया चैनलों पर एक्जिट पोल शुरू हो चुके हैं। अधिकांश में मोदी सरकार की वापसी का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बीच समाजवादी पार्टी द्वारा एक्स पर की गई एक पोस्ट को लेकर सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कहा है कि चुनाव हारने के कारण अखिलेश फ्रस्टेशन में हैं। इसलिए ऊलजलूल बयान दे रहे हैं। उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। दरअसल एक्जिट पोल के रुझान आने पर अखिलेश ने एक्स पर ट्वीट किया है कि 'एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम है। प्रशासन याद रखे, जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता।' इसको लेकर सांसद ने जारी किए बयान में कहा कि बिना संघर्ष बड़ा पद हासिल करने वाले अखिलेश यादव चुनाव हारने के कारण फ्रस्टेशन में हैं। उन्होंने अपनी सरकार में रहते जिस प्रकार से अपनी बिरादरी के गुंडों और आतंकी मुल्लों को संरक्षण दिया है, उसी के कारण उनको नहीं लगता कि जनता कभी उन पर विश्वास करेगी। बोले कि अखिलेश को हार स्वीकार करनी चाहिए। सरकार में रहते हुए उन्होंने जो किया वो कुकृत्य जनता भूली नहीं है। उनकी तुष्टीकरण, जाति व परिवारवाद की राजनीति के चलते जनता उन्हें चुनना नहीं चाहती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, शोषित व वंचित समाज के उत्थान के लिए काम किया है। ऐसे में उन्हें पूरा भरोसा है जनता एक बार फिर से उन्हें ही सेवा का मौका देगी।

## बंदरों के झुंड ने बच्चों पर किया हमला

संवाददाता, हथगाम

● गांव में ही तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे तीन बच्चे

● एक बच्चे की हालत गंभीर हथगाम थाना क्षेत्र के छिवलहा का मामला

**अमृत विचार।** गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने पैदल जा रहे तीन बच्चों पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे वह तीनों घायल हो गए। वहीं एक बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

हथगाम थाना क्षेत्र के छिवलहा कस्बा निवासी मनोज कुमार मौर्य का तीन वर्षीय पुत्र वियांश रविवार सुबह पैदल घर के पास एक तेरहवी कार्यक्रम मे जा रहा था। अचानक बंदरों के झुंड ने वियांश के साथ जा रहे काश्वी, अनाया के ऊपर हमला बोल दिया। जिसमें वियांश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम मे भर्ती किया गया। अन्य बच्चों को मामूली चोटें आयीं।

### अंदौली में कुत्तों ने बच्ची को किया जख्मी

**फतेहपुर।** घर के बाहर खेल रही एक बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। किसी तरह परिजनों ने कुत्तों को खदेड़ा लेकिन तब तक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली गांव निवासी आठ वर्षीय गौसिया रविवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। यह देख आसपास मौजूद लोगों में शोर हो गया तो परिजन बाहर निकल कर आए और लाठी डंडे की मदद से कुत्तों को बच्ची से अलग किया। लेकिन तब तक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजनों ने घायल गौसिया को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर हालत में कानपुर के लिए रेफर कर दिया।



### नीलगाय के हमले से महिला जख्मी

**फतेहपुर।** जाफरगंज कस्बे में रविवार को अधेड़ महिला के ऊपर नीलगाय ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डाक्टर ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जाफरगंज कस्बा निवासी मुन्नी देवी पत्नी लाला रविवार की सुबह आठ बजे जंगल की ओर जा रही थी। जब वह खेत के पास पहुंची तभी एक नीलगाय ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने महिला की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

## शेरनी नीरजा के तीनों शावक स्वस्थ

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार की सुबह तक चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावक स्वस्थ है तथा यह तीनों शावक अपनी मां के साथ ही हैं। एक मृत शावक ने जन्म लिया था उसका पोस्टमार्टम कराया गया है।

सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया था इनमे से एक शावक मृत अवस्था में जन्मा था। इस मृत शावक का सफारी में ही चार डाक्टरों ने पैनल ने पोस्टमार्टम किया। सफारी में डॉ एसएन भुवा, डा आरके सिंह, डा रोबिन यादव तथा डा शैलेन्द्रसिंह की टीम ने इस शावक का पोस्टमार्टम किया। सफारी में सभी डाक्टर होने तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण सफारी में ही पोस्टमार्टम किया गया।

बदहाली | सकरौ जलप्रपात से निकली कड़ैइली नदी भी सूखने के कगार पर

# बाणगंगा नदी के विलुप्त होने से पानी के लिए संकट का संकेत

राजेश तिवारी ,अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचार।** भारत वर्ष में जीवनदायिनी रही नदियों का अस्तित्व आज संकट में है। नदी संरक्षण के तमाम दावों के वावजूद छोटी सहायक नदियों के संरक्षण हेतु कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए जा सके हैं। प्रदूषण व उपेक्षा के चलते तमाम नदियां सूख रहीं हैं। इसका जीता जागता उदाहरण बाणगंगा नदी है।जिसकी जलधारा अब पूरी तरह से टूट चुकी है।

फतेहगंज के कोल्हुआ जंगल में स्थित कोल्हू देवबाबा स्थान से निकली बाणगंगा नदी उपेक्षा के कारण संकटग्रस्त है। वर्तमान में इसकी जलधारा पूरी तरह से टूट चुकी है,जो पहली बार हुआ है। इसके साथ ही बागेन नदी की सहायक नदियां कडैइली, कोइलार,बड़ार,जो झरनों एवं प्राकृतिक कुंडों से निकलती है सबकी सब पूरी तरह से सूखी पड़ी है। बारहों महीने जल से ओत-प्रोत रहने वाली नदियां बाणगंगा व शुक्राचार्य की सहायक नदी कडैइली पूरी तरह से सूखी पड़ी है। इनका जल बहते हुए जाकर औगासी घाट पर यमुना नदी में मिलता है।


बाणगंगा नदी की विलुप्त हुई जलधारा। अमृत विचार

ग्रामीणों में नदी तालाब जलस्रोत बचाओ अभियानों के चलने के बाद भी इनके संरक्षण हेतु कोई ठोस प्रयास न किए जाने पर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण नदियों के सूखने का कारण इनकी निर्मल जलधारा को रोककर रसिन गांव में चौधरी चरणसिंह बांध बनाए जाने को दोषी बता रहे हैं। कोल्हुआ जंगल से निकलकर 20 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद में इसका अस्तित्व अब समाप्त हो गया है।

### बोले लोग



बाणगंगा नदी के पानी की जलधारा कभी नहीं टूटी है। इस साल पहली बार हुआ है। नदियों का अस्तित्व बांध एवं चेकडैम बनने से समाप्त हो रहा है।


–राकेश गौतम मेजर (समाजसेवी)



केंद्र सरकार बुंदेलखंड के भू-भाग को जल से आच्छादित करने के लिए नदी जोड़ो योजना पर काम कर रही है। किंतु प्रदेश सरकार द्वारा छोटी नदियों को बचाने का प्रयास न किया जाना कष्ट देने वाला है।

–अभिषेक गुप्ता

बाणगंगा नदी पर रसिन का बांध बनाए जाने के समय रामनाथ दुबे सांसद थे। उन्होंने उस समय बाणगंगा की अविरलता समाप्त न हो इसके लिए अधिकारियों को ठोस उपाय करने के लिए निर्देशित किया था। सरकार को बाणगंगा नदी की जलधारा समाप्त न हो इस हेतु ठोस कार्यवाही करनी चाहिए तथा इस नदी पर आश्रित गांवों के वाशिंदों के लिए पेयजल व अन्य संसाधनों पर भी सरकार का ध्यान अपेक्षित है।



–पद्मश्री उमाशंकर पांडेय

## डिवाइडर से टकराया ट्राला, युवक की मौत

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की रात को एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी रोहित 25 वर्ष शनिवार की रात को ट्राला में बैठकर आ रहा था तभी बुंदेल खंड एक्सप्रेस वे पर ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल लाई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्राला छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आईआईटी कानपुर को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार

## आईआईएम काशीपुर में उत्तर भारत के सबसे बड़े स्कॉलर्स कॉन्क्लेव का समापन

संवाददाता, काशीपुर


कार्यक्रम में मौजूद शोधार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर में तीन दिवसीय उत्तर भारत के सबसे बड़े स्कॉलर्स कॉन्क्लेव, प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान संगोष्ठी (एमईआरसी) का समापन तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों की घोषणा के साथ हुआ, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली स्कॉलर अपने अभूतपूर्व शोध को साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने, नवीनतम शोध रुझानों को समझने और सार्थक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुए थे।

एमईआरसी के चौथे संस्करण में आईआईएम काशीपुर को मिले 720 शोध पत्रों की जांच के बाद 300 को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। प्रतिभागियों में 50 फीसदी महिलाएं थीं, 300 शोध पत्रों की गहन जांच के बाद निर्णायक मंडल ने तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों का चयन किया, जिसमें मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद की श्रेया श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का पुरस्कार मिला। आईआईटी कानपुर के मोहम्मद मुजाहिद खान के न्यूज़ वेंडर पर लिखे पेपर को दूसरा सर्वश्रेष्ठ पेपर चुना गया, जबकि दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वीरेंद्र कुमार के एनआरआई पर लिखे पेपर को सम्मेलन का तीसरा सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र चुना गया।

- मिले 720 शोध पत्र में से 50% आवेदक महिलाएं
- अंतिम दौर के लिए केवल 300 शोध पत्र चुने गए

### इन शिक्षाविद ने कॉन्क्लेव में साझा की जानकारी

**काशीपुर।** आईआईएम बैंगलोर के वित्त के प्रोफेसर, प्रो. संकर्षण बसु, आईआईएम अहमदाबाद से प्रो. निहारिका वोहरा और यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर, यूएसए के प्रो. जेसन बेनेट थैचर ने सैद्धांतिक पहलुओं पर शोधकर्ताओं को संबोधित किया, जबकि पीडब्ल्यूसी कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. जय आडवाणी और एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनु बी गुप्ता ने विद्वानों को प्रबंधन उद्योग में अनुसंधान का उपयोग करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन किया।

**कॉन्क्लेव में यह प्रमुख संस्थान हुए शामिल :** एमईआरसी में एक दर्जन आईआईटी और एनआईटी, 10 आईआईएम, कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय और देश के अन्य प्रमुख संस्थानों से 10 विभिन्न ट्रैक पर शोध पत्र प्राप्त हुए। ई-कॉमर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, भारत की कोविड-19 वैक्सीन कूटनीति, ऑनलाइन शॉपिंग का फ्रॉड, लॉटरी के अनपेक्षित परिणाम, गिग वर्कर्स का जीवन, आदिवासी महिला बाजरा उद्यमी, उत्तराखंड के हरित तीर्थ बड़ी संख्या में शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

### तीन सर्वश्रेष्ठ को मिला पेपर पुरस्कार

**प्रथम :** श्रेया श्रीवास्तव – मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) इलाहाबाद।
**शोध विषय–** सक्रियण से आत्मसात तक : सामाजिक और भावनात्मक संकेतों को शामिल करते हुए आवाज के माध्यम से उपभोक्ता–एआई इंटरेक्शन में स्कीमा संतुलन।
**क्षेत्र**–मार्केटिंग

**दूसरा :** मोहम्मद मुजाहिद खान–आईआईटी कानपुर
**शोध विषय**–प्रचुरता से कमी तक : वित्तीय रूप से विवश समाचार विक्रेता का एक प्रायोगिक अध्ययन
**क्षेत्र**–संचालन और निर्णय विज्ञान

**तीसरा :** वीरेंद्र कुमार–दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
**शोध विषय**–घरेलू मौद्रिक नीति और भारत में अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जमा : एक अनुभवजन्य विश्लेषण
**क्षेत्र**– अर्थशास्त्र

# घरेलू कलह में दंपति ने पीया पिसा कांच, दोनों की मौत

संवाददाता, उमरी बेगमगंज(गोंडा)

- उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव में घरेलू कलह में शनिवार की देर शाम दंपति ने पिसा हुआ कांच पी लिया। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार देर शाम दोनों की मौत हो गई।

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव के मजरे केवटाही के रहने वाले वीर प्रताप की पत्नी कुसुमा का शनिवार को अपनी सास धनराजी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ा तो कुसुमा ने अपनी सास धनराजी की साड़ी को फाड़ दिया। मां की साड़ी फाड़े जाने से नाराज धनराजी के छोटे बेटे भरथे ने अपनी भाभी की साड़ी फाड़ दी। विवाद की जानकारी मिलने पर वीर प्रताप घर पहुंचा तो उसने सभी को समझाने की कोशिश की। इस दौरान वीर प्रताप ने मामले को रफा दफा कराने की नीयत से अपनी पत्नी कुसुमा को एक थप्पड़ मार दिया। इस बात से नाराज कुसुमा ने घर में रखा पिसा कांच(फ्यूराडान एक तरह का कीटनाशक) पी लिया। कुसुमा की हालत बिगड़ी तो वीर प्रताप को लगा कि अब वह फंस जाएगा। इसी आशंका के बीच उसने भी पिसा कांच पी लिया। कुछ ही देर में दंपति गिरकर तड़पने लगे। परिवार के लोगों ने आनन फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की देर शाम इलाज के दौरान 27 वर्षीय वीर प्रताप व उसकी पत्नी कुसुमा का मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव के पूर्व प्रधान के बेटे सुरजीत सिंह ने घटना की पुष्टि की है। वहीं उमरीबेगमगंज पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शनिवार को पीड़ित दंपति को शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी ने लगाई फांसी

**संतकबीरनगर।** ग्राम कानापार निवासी सऊद अंसारी ग्राम दानोकुइयां निवासी मोहम्मद समीर की दुकान पर काम करता था। शनिवार की शाम एक छह वर्षीया बच्ची दुकान पर कोल्डड्रिंक खरीदने पहुंची। सऊद अंसारी ने सूनसान माहौल का फायदा उठाकर बच्ची को दुकान के पीछे वाले कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची चीखती चिल्लाती रही लेकिन युवक का दिल नहीं पसीजा। बच्ची का शोर कमरे से बाहर न जाय इसके लिए उसने कमरे में तेज आवाज के साथ म्यूजिक सिस्टम चला दिया था। दुष्कर्म करने के बाद वह बच्ची को उसी अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। काफी देर बाद भी घर नहीं लौटी तो उसे तलाशते हुए उसका पिता मौके पर पहुंचा। खून से लथपथ बेटी की दशा देखकर उसके पैरों तले से जमीन ही खिसक गई। पिता की चीख पुकार पर तमाम ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामला दो समुदायों के बीच का होने के चलते तनाव फैलने लगा। हिंदू संगठनों के लोग भी जमा होने लगे। इसी बीच किसी ने मामले की सूचना दुधारा पुलिस को दी।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर इंजीनियर समेत दो लोगों से ठगे 12 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत दो लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के नाम पर 12 लाख रुपये ठग लिए। इंजीनियर को भेजे गए पार्सल में नशीला पदार्थ मिलने की बात कहकर नौ लाख रुपये वसूले। वहीं एग्रो कंपनी के कर्मचारी से तीन लाख ठग लिए। दोनों 27 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। पीड़ितों ने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

विकासनगर सेक्टर-आठ निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अश्वनी वर्मा के पास अन्जान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि अश्वनी ने एक पार्सल भेजा है, जिसमें 150 ग्राम एमडीएक्स मिली है। आप तुरंत साइबर क्राइम अधिकारी राजेश प्रधान से बात कर लीजिए। अश्वनी ने आईपीएस अधिकारी बने राजेश प्रधान को कॉल किया। उसने नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाते हुए अश्वनी की 28 दिन की रिमांड लेने की बात कही। उसके बाद बयान और सर्विलांस पर रखने की बात कही। स्काइप ऐप से स्क्रीन भी शेयर करवा लिया, ताकि कहीं कॉल न कर सके। कहा कि आरबीआई का एक खाता है, जो कस्टम जनरेटेड होता है। लिहाजा अपने खाते से सारी रकम ट्रांसफर कर दो। आरोपी के दबाव में अश्वनी ने बैंक जाकर करीब नौ लाख रुपये ठग के बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

- पीड़ितों ने दर्ज कराई विकास नगर थाने में एफआईआर

### सीबीआई अधिकारी बनकर की ठगी

विकास विहार निवासी मनोज गुप्ता बाराबंकी कुर्सी रोड स्थित गोयल एग्रो में काम करते हैं। उनके मोबाइल पर अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि मनोज के आधार का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधि में हुआ है। ऐसे में उनके खिलाफ सीबीआई की तरफ कार्रवाई होगी। सीबीआई का नाम सुनकर मनोज घबरा गए। उन्हें कुछ समझ नहीं आया। कॉलर ने बताया कि आपको अभी डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। इस दौरान हम आपके खाते में जमा रुपयों की जांच करेंगे, जिससे पता चलेगा कि आप आपराधिक गतिविधि में शामिल हैं कि नहीं। इसके बाद जालसाज ने मनोज को एक अकाउंट बताया। इसमें एनईएफटी से करीब तीन लाख रुपये जमा कराए। जालसाज ने रुपये ट्रांसफर होने के कुछ देर बाद कॉल करने की बात कही थी। काफी देर तक फोन नहीं आने पर मनोज को शक हुआ। उन्होंने परिचितों से घटना के संबंध में बात की। फिर विकासनगर कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया।

# नकदी और गहने समेट वहीं सो गया चोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


चोरी करने घुसा आरोपी गहरी नींद में हाथ में मोबाइल पकड़ कर सोता मिला।

**अमृत विचार।** गाजीपुर थानाक्षेत्र में डॉक्टर के बंद मकान में चोरी करने घुसा चोरी रात भर उन्हीं के घर में सोता रहा। रविवार सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो चोर को जगाया गया। उसके पास से चोरी के गहने, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया।

गाजीपुर इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि बनारस में तैनात डॉक्टर सुनील पाण्डेय का इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान है। सुबह पड़ोसियों ने उनका गेट खुला देख अंदर झांका तो मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। लोगों ने इसकी जानकारी सुनील को दी। सुनील के कहने पर सोसाएटी के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस घर के अंदर पहुंची तो अलमारियां खुली थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। पुलिस की निगाह ड्राइंग रूम में सो रहे युवक पर पड़ी। उसे जगाया गया तो सकपका कर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम कपिल बताया। उसने बताया कि इंदिरानगर में ही रहता है और चोरी करने के लिए ताला तोड़कर सुनील के घर में घुसा था। पुलिस ने उसके बैग से चोरी किए हुए रुपये, जेवर बरामद किए। उसने गैस सिलिंडर और टुल्लू पंप भी चुराया था जो पुलिस के हाथ लग गया। आरोपी ने बताया कि वो बेहद नशे में था इसलिए सामान समेटकर भागने से पहले नींद आ गई।

# बिना होटल बुकिंग के आए तो होगी फजीहत

संवाददाता, नैनीताल


नैनी झील में नौकायन के दौरान गर्मी से बचने के लिए छतरी का सहारा लेते पर्यटक।

**अमृत विचार।** जून माह शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। हाल ये हैं कि नैनीताल, पंगोट, मुक्तेश्वर सहित अन्य क्षेत्रों में होटल और गेस्ट हाउस पैक हो चुके हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले सप्ताह से जून अंत तक नैनीताल व आसपास के क्षेत्र होटल और गेस्ट हाउस पूरी तरह से पैक रहेंगे। ऐसे में बिना होटल बुकिंग के नैनीताल घूमने आने वाले पर्यटकों को काफी दिक्कत उठानी पड़ सकती हैं।

इस वर्ष बर्फबारी नहीं होने से नगर का तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। अप्रैल माह में ही गर्मी का एहसास होने लगा था। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश से तापमान 30 डिग्री से ऊपर नहीं पहुंचा। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गर्मी को देखते हुए सैलानी दिनभर अपने-अपने होटलों में ही ठहरे रहे। शाम होने के बाद नैनीताल होटलों से बाहर निकले और नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुक उठाया।

### रूसी बाईपास व भवाली मस्जिद तिराहे पर रोके वाहन

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार को दिल्ली, हरियाणा, यूपी व पंजाब से काफी संख्या में सैलानी अपने वाहनों से नैनीताल पहुंचे। नगर की पार्किंग फुल होने के बाद प्रशासन ने हल्द्वानी की ओर से आने वाले वाहनों को रूसी बाईपास, कालाढूंगी से आने वाले वाहनों को नारायण नगर और भवाली से आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहे पर पार्क कर पर्यटकों को शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा। जिन पर्यटकों के पास होटल की बुकिंग और पार्किंग थी, उन्हें 20–20 मिनट के अंतराल के बाद नगर में प्रवेश दिया गया।


राज्यपाल को दिया गया प्रतीक चिह्न। अमृत विचार

# तेलंगाना की कृषि, तकनीकी और साइबर प्रगति आदर्श : राज्यपाल

**नैनीताल।** राजभवन नैनीताल में रविवार को तेलंगाना प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में पढ़ रहे तेलंगाना के छात्रों के साथ प्रतिभाग किया और उनसे संवाद किया। इस अवसर पर छात्रों ने उत्तराखंड में अपने-अपने अनुभव साझा किए।

राज्यपाल ने कहा कि वनों और वन्य जीव से सम्पन्न तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संजोए हुए है। राज्य की खूबसूरती और सांस्कृतिक धरोहर इसे एक विशिष्ट पहचान दिलाती है। कृषि, तकनीकी और साइबर के क्षेत्र में तेलंगाना की प्रगति पूरे देश के लिए आदर्श है। राज्यपाल ने अपने सैन्य सेवा के दौरान तेलंगाना में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा किया।

# बिजली-पानी संकट के लिए अफसर होंगे जिम्मेदार

संवाददाता, बनबसा

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में अधिकारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां एनएचपीसी सभागार में बिजली, पेयजल, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग आदि की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। उन्होंने ऊर्जा और पेयजल के क्षेत्र में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लोगों को अगर बिजली-पानी की समस्या हुई तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने पूर्णागिरि में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मां पूर्णागिरि में आने वाले श्रद्धालुओं को भी बिजली पानी की दिक्कत न हो।

एक दिवसीय भ्रमण पर बनबसा पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारी मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति की योजनाएं अभी से तैयार कर लें। उन्होंने यूपीसीएल, पिटकुल व उरेडा को संयुक्त प्रस्ताव तैयार कर नए बिजली घरों का निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे को निर्देश दिए कि जनपद में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता तथा पारदर्शिता रहे। कहा कि इसके लिए वह स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन भूमि हस्तांतरण के कारण जो भी परियोजनाएं लंबित हैं। उनका त्वरित निस्तारण कर करें और शासन स्तर की समस्या हेतु अधिकारी देहरादून आकर संबंधित विभाग और स्वयं उनसे मिलकर समस्या का निवारण करें। उन्होंने टनकपुर- बनबसा क्षेत्र में पुरानी बिजली लाइनों व ट्रांसफार्मरों को एक माह के भीतर बदलने तथा एलटी लाइन को भूमिगत करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

सीएम धामी ने बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अधिकारियों को अपने कार्यालय एवं आवासों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट (सीएम सूर्य घर योजना) को लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने जनता से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता को प्रदेश के छोटे शहर व कस्बों में जाम से बचने के लिए बाईपास का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने

बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बिजली, पेयजल आदि की व्यवस्था व मानसून पूर्व तैयारी की जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों ने बिजली व पेयजल समस्या के समाधान हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से दी। मुख्यमंत्री ने पर्यटन हेतु स्वदेश दर्शन योजना, शारदा कॉरिडोर, मुख्यमंत्री घोषणा, सड़क मार्गों, सिंचाई परियोजना आदि की भी समीक्षा की। बैठक में दर्जा मंत्री अनिल डब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, डीएम नवनीत पाण्डे, एसपी अजय गणपति, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महरा, प्रमुख अभियंता सिंचाई जयपाल सिंह, मुख्य अभियंता लोनिवि अल्मोड़ा अशोक कुमार, निदेशक परिचालन यूजेवीएनएल अजय कुमार सिंह, प्रबंधक निदेशक पीटीसीयूएल पीसी ध्यानी, प्रमुख अभियंता लोनिवि दीपक कुमार यादव, निदेशक पीटीसीयूएल जीएस बुदीमाल आदि लोग रहे।

# कार सवारों ने किया एसओजी टीम को रौंदने का प्रयास

संवाददाता, रुद्रपुर

- भूरारानी मार्ग पर एसओजी का बदमाशों से सामना

**अमृत विचार।** कार सवारों ने एसओजी की टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। जिसमें एक सिपाही मामूली रूप से चोटिल हो गया। एसओजी टीम ने जब बदमाशों का पीछा किया तो आरोपी कार छोड़ कर फरार हो गए। जिस पर टीम ने कार को बरामद कर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 31 मई को एसओजी के दारोगा सुरेंद्र रिंगवाल अपनी टीम के साथ सरकारी गाड़ी और निजी वाहन से गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि थाना पंतनगर इलाके में कार सवार बदमाश बाइक लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर एसओजी ने डिबडिबा-रुद्रपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू किया ही था कि सामने से बिना नंबर प्लेट की एक ईको स्पोर्ट गाड़ी आती हुई दिखाई दी। जिसका संचालन ईशानगर बिलासपुर यूपी निवासी जसकरन सिंह कर रहा था।

एसओजी के जवानों ने जब वाहन को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार बदमाशों ने सिपाहियों को ही कार के नीचे रौंदने की कोशिश की। कार की चपेट में आने से हेड कांस्टेबल भुवन पांडेय चोटिल हो गया। बावजूद एसओजी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए कार सवार का पीछा शुरू किया तो बदमाश कार को छोड़ भाग गए।

**शिक्षा** | एमएनसी द्वारा कड़ाई करने पर मजबूर हुए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज, हर माह मानदेय का रिकार्ड भेजना होगा

# मानदेय हजम नहीं कर सकेंगे निजी मेडिकल कॉलेज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार।** राज्य के निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) करने वाले चिकित्सकों को मिलने वाले मानदेय के साथ अब कॉलेज प्रशासन खिलवाड़ नहीं कर सकेंगे। एमडी–एमएस करने वाले चिकित्सकों को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा निर्धारित मानदेय हर माह देना पड़ेगा। मानदेय देने के बाद इस विवरण एनएमसी को हर माह की 5 तारीख तक मेल करना पड़ेगा। यह निर्देश एनएमसी द्वारा कॉलेजों को दिये गए हैं।



एनएससी ने सभी मानदेय न अपलोड करने वाले मेडिकल कॉलेजों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्नातक इंटर्न, पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में सीनियर रेजिडेंट या पीजी को दिए जाने वाले मानदेय के आंकड़े जमा करने का निर्देश दिये हैं। साथ ही आगामी 2024-25 के मानदेय का ब्यौरा मासिक आधार पर कॉलेज या संस्थानों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। रिकार्ड न जमा करने वाले कॉलेजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद मेडिकल कॉलेजों के प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा है।

मालूम हो कि हर माह मानदेय मिलने से गैर प्रांत व जिलों से आकर पढ़ाई करने वाले चिकित्सकों को बड़ी राहत मिलेगी। कुछ यही स्तिथि बतौर सीनियर रेजीडेंट्स सेवाएं देने वाले चिकित्सकों की भी हैं, उन्हें मानदेय मिलता हैं मगर विभिन्न मदों में भारी कटौती का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में 30 निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

### क्या है मामला

सरकारी मेडिकल कॉलेज की तरह ही प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में भी सीनियर रेजीडेंट्स और पीजी करने वाले चिकित्सकों को हर माह मानदेय देना होता है, नियमानुसार एमडी व एमएस करने वाले अभ्यर्थियों में प्रथम वर्ष में 60 हजार, दितीय में 70 व तृतीय में 80 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित है। मगर, अधिकतर मेडिकल कॉलेज मानदेय देने से कतराते हैं। इस मानदेय को लेकर अभ्यर्थियों से बायोमेट्रिक उपस्थिति से लेकर, ट्यूशन फ्री, सिक्यूरिटी मनी, हॉस्टल किराया, मेस खर्च आदि विभिन्न मदों में खपा कर हस्ताक्षर भी ले लिये जाते हैं।

### इस तरह की जाती है हेराफेरी

नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर अभ्यर्थी ने बताया कि मामूली कमी बताकर हजारों रूपये का अर्थदंड लगा दिया जाता है। कई बार तो हम लोगों को पता ही नहीं चलता है कि किस मद में जुर्माना लगाया गया है। राजधानी के मेडिकल कॉलेज में एमएस करने वाली महिला चिकित्सक ने बताया उसे कुछ नहीं मिलता है, हस्ताक्षर करा लिये जाते हैं, विरोध करने का मतलब अपने कॅरियर से खिलवाड़ करना होता है।

# बाघ से बोले मुख्यमंत्री क्या रे, कैसा है तू

संवाददाता, गोरखपुर


गोरखपुर चिड़ियाघर में भ्रमण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- योगी को देख दहाड़ा इटावा का शेर, बाड़े की जाल को छूने से हुआ नाराज

**अमृत विचार।** चुनाव प्रचार से फुर्सत पाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर चिड़िया घर में कुछ पल गुजारे। यहां उन्होंने चिड़ियाघर में करीब एक सप्ताह पूर्व इटावा लॉयन सफारी से लाए गए बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को भी देखा।

योगी को देख बाघ (रायल बंगाल टाइगर) अमर एक पैर उठाकर यूं दहाड़ पड़ा मानो देश के सबसे प्रभावशाली मुख्यमंत्री को सलामी दे रहा हो। उसकी दहाड़ पर सीएम हंस पड़े और कहने लगे, क्या रे, कैसा है तूं। इस दौरान एक कर्मचारी को उन्होंने यह समझाया कि बाड़े की जाल को मत छुओ, इससे बाघ नाराज हो रहा है। बब्बर शेर पटौदी ने भी अपने बाड़े के सामने सीएम को देख दहाड़ लगाकर सलामी पेश की। योगी शेर और बाघ के जिन भी बाड़ों में पहुंचे, इन वन्यजीवों ने उन्हें देखकर दहाड़ लगाई खुश कर दिया। चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने गैंडों की जोड़ी हरि और गौरी को केला खिलाया अन्य कई वन्यजीवों का अवलोकन कर उन्हें भी दाना पानी डाला। साथ ही उनकी समुचित देखभाल के निर्देश चिड़ियाघर के अधिकारियों को दिए।

## एक नजर

### बिजली अभियंताओं का महाधिवेशन 27 को

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ का 39वां वार्षिक महाधिवेशन 27 जून को राजधानी में आयोजित होगा। वार्षिक महाधिवेशन में बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने व बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की अन्य संभावनाओं, अभियंताओं के अपेक्षित योगदान और अभियंताओं की विभिन्न लम्बित समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किये जायेंगे।

### हीटवेव को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

अमृत विचार, लखनऊ : हीटवेव से परेशान होते पुलिस कर्मियों को लेकर डीजीपी प्रशान्त कुमार ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी नींबू, इलेक्ट्राल, ग्लूकोज एवं ओआरएस घोल आदि प्रयोग करते रहे एवं अधिक प्रोटीन तथा वसायुक्त भोजन से परहेज करें। उन्होंने उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से पुलिस कर्मियों को सत्तू, छाछ, दही आदि के सेवन के लिए प्रेरित करें। डीजीपी ने कहा कि यातायात कर्मी दोपहर में चौराहों पर ड्यूटी करते हैं। अत: उनके बूथ और शेड को ठीक करा लिया जाए। साथ ही वहां पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।

# 179 विशेष प्रेक्षक रखेंगे मतगणना पर पैनी नजर

**75** जिलों में बनाए गए 81 केंद्र, लोकसभा व विधानसभा के लिए अलग-अलग होगी मतगणना

**18** वर्ष से ऊपर के व्यक्ति बन सकेंगे मतगणना एजेंट सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

**37** लोकसभा क्षेत्रों की दो जिलों में और 35 की एक जिले में होगी मतगणना

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के लिए 179 विशेष प्रेक्षक तैनात किये हैं। विशेष प्रेक्षक मतगणना पर सतर्क नजर रखेंगे। 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाएं जाएंगे। लोकसभा व विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना होगी। सभी मतगणना व सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व त्रुटिरहित मतगणना के लिए तैयारी पूरी हो गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र और 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर के जरिये सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर व कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला निर्वाचन कार्यालयों के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।


मतगणना संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

### 851 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

मतगणना के जरिये कुल लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। चुनाव मैदान में रहे इन प्रत्याशियों में 771 पुरुष व 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। प्रत्याशियों को मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए निधारित मानक का पालन करना होगा।

### विस सीटों के लिए अलग रिटर्निंग अफसर तैनात

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव वाली सीटों शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) पर मतगणना के लिए अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए चार रिटर्निंग अफसर व 26 सहायक रिटर्निंग अफसर तैनात किये गये हैं।

### इन नंबरों पर करें शिकायत

प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के जरिये मतगणना शुरू होने की तारीख से तीन दिन पूर्व शाम पांच बजे तक मतगणना एजेंट बनाये जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग अफसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मतगणना एजेंट बनाया जा सकता है। केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र व राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर भी प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को एजेंट बनाये जाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है।

### 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 जून तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,44,490 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस भेजे गए है, जिनमें से 27,05,146 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5423 केन्द्रों पर छापा मारा गया और 188 केन्द्रों को सील किया गया है।

# दुबई और ओमान से शुरू होगा दशहरी के निर्यात का सफर

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** फलों का राजा दशहरी के निर्यात की तैयारी शुरू हो गई है। दशहरी के इस सफर की शुरुआत दुबई और ओमान के निर्यात के साथ शुरू हो जाएगी। आगामी 10 जून के बाद आम की यह पहली खेप रवाना हो जाएगी। इन दोनों स्थानों पर 18-18 एमटी आम भेजा जा रहा है। मैंगो पैक हाउस में इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

**छह देशों से आर्डर:** बागवानों के मुताबिक दुबई, ओमान के साथ ही कुवैत, सऊदी अरब, इंग्लैंड और रूस आदि से बडे.आर्डर आ रहे हैं। फिलहाल दुबई और ओमान आम निर्यात किए जाने की तैयारी है। मैंगो पैक हाउस तैयार है। आम के टूटने का क्रम दस से शुरू हो जाएगा।

**निर्यात वाले प्रति आम का वजन करीब 400 ग्राम होना जरूरी:** रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस के जीएम अकरम बेग बताते हैं कि निर्यात के लिए विशेष तरह के आम का चयन होता है। इसका वजन करीब 400 ग्राम होता है। आम बिल्कुल दाग रहित और साफ होता है। टूटने के बाद विशेष तरह से प्रोसेस कर उसे पैक किया जाता है। उसके बाद तय देशों से आए आर्डर के मुताबिक भेजा जाता है।



▶▶ दोनों जगहों पर जाएगा 18-18 एमटी आम

### बीते वर्षों का आंकड़ा

| वर्ष | निर्यात एमटी |
|---|---|
| 2020 | 388 |
| 2021 | 437 |
| 2022 | 46 |
| 2023 | 18 |

### अब तक ये देश ले चुके हैं दशहरी का जायका

बीते वर्षों में दुबई, ओमान, लंदन, जर्मनी, दोहा, यूके, नेपाल, इटली, ईरान, जेद्दा, भूटान, बहरीन, रसिया, माले, स्वीटजरलैंड आदि देशों के लोग आम की विभिन्न किस्मों का स्वाद चख चुके हैं।

# टोल टैक्स बढ़ाने का आदेश प्रभावी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ कारों पर नहीं बढ़ाया गया है टोल टैक्स

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को देखते हुए टोल टैक्स बढ़ाने का रूका हुआ आदेश अब प्रभावी हो गया है। टोल टैक्स में लगभग 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो मासिक पास पर भी लागू होगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश में हाइवे पर रविवार रात से टोल टैक्स बढ़ जाएगा। राज्य में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इसके साथ ही कई ऐसे हाईवे भी हैं जो कहीं न कहीं इन एक्सप्रेस वे से जुड़ते हैं। इन सभी पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर बढ़ा हुआ टोल वसूला जाने लगा है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कार, बस और ट्रक के लिए टोल टैक्स बढ़ा दिया है। टैक्स में 5 से 25 रुपये बढ़ाए जा रहे हैं। 2 जून की रात से ये टैक्स बढ़ जाएगा। टोल प्लाजा पर नए दरों की सूची भी चस्पा कर दी गई है। दरअसल, एनएचएआई ने 1 अप्रैल से टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी थीं, लेकिन इसे चुनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। 1 जून को वोटिंग खत्म होने के 02 जून की रात 12 बजे से इसे लागू करने के आदेश जारी हो गए हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि कारों पर कोई टोल नहीं बढ़ाया गया है।

# सूखे से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने, सूखे की स्थिति से बचने और भू-क्षरण की रोकथाम के लिए सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सीड के सीईओ रमापति कुमार ने रविवार को बताया कि इस साल अभियान की थीम 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य और हम है' है। इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन के लिहाज से देश में सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में मुख्य है। इसलिए अभियान में नागरिकों के द्वारा भूमि व जल संरक्षण के लिए संकल्प एवं पौधरोपण, अनाथालय में बच्चों के साथ जागरूकता प्रसार, हैंड प्रिंट, क्विज, पेंटिंग आदि रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

## इटावा लॉयन सफारी से लाए बब्बर शेर से मिले योगी

**अमृत विचार लखनऊ:** दो महीने तक लोस. चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिड़ियाघर में लगभग एक सप्ताह पहले इटावा लॉयन सफारी से लाए गए बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को भी देखा।

# खुद पर उठे सवालों के बीच मोदी के साथ सारथी की तरह रहे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से खुद पर उठ रहे सवालों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारथी की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रहे। प्रचार के दौरान दोनों जहां भी साथ रहे बेहतर समन्वय देखने को मिला। शनिवार को सर्वे एजेंसियों की रिपोर्ट में एग्जिट पोल के नतीजों ने भाजपा और एनडीए को जोश से भर दिया है। ऐसे में चर्चा हो रही है कि उप्र. में मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर प्रभावी साबित हुई है।

दरअसल, पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटाए जाने को लेकर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कहा कि वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

चुनाव के दौरान मेरठ से लेकर मिर्जापुर तक मोदी और योगी तकरीबन 21 कार्यक्रमों में एक दूसरे के साथ रहे। इस दौरान 13 जनसभाएं, 5 रोड शो, वाराणसी में नामांकन और काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान दोनों नेताओं का एक दूसरे के प्रति आपसी विश्वास को बढ़ाने वाले संवादों की चर्चाएं हर जगह हुईं। इस दौरान कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिसने जनता के बीच प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच भरोसे को मजबूत किया।

### हाथ पकड़ने वाला वीडियो हुआ वायरल

पीलीभीत में आयोजित जनसभा के दौरान जब मुख्यमंत्री उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री के पीछे से डायस की ओर जाना चाहते थे, तभी प्रधानमंत्री द्वारा उनका हाथ पकड़कर सामने से जाने के लिए आग्रह करना सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ। विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री को त्रिशूल भेंट करने वाला वीडियो भी लंबे समय तक ट्रेंडिंग बना रहा।

# आवक कम, मौरंग-बालू हुई महंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में हुआ

**अमृत विचार:** कुछ खदानों पर खनन रोके जाने के साथ ही मौरंग की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। इससे लाल मोटी बालू कहा जाने वाला मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में पहुंच गया है। वहीं बालू की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई है।

25 हजार रुपये वाले बालू के ट्रक की कीमत अब 25 से बढ़कर 30 हजार रुपये हो गई है। भवन सामग्री विक्रेताओं का मानना है कि 15 जून के बाद एक बार कुछ दिनों के लिए पट्टा जरूर दिया जाएगा जिससे बरसात के वक्त किसी भी तरह की दिक्कतें न हों।

### भवन सामग्री

| | मई (आखिरी सप्ताह) | जून (प्रथम सप्ताह) |
|---|---|---|
| मौरंग- | 60,000 | 70,000 |
| बालू- | 25,000 | 30,000 |

नोट : रुपये प्रति ट्रक (एक हजार घनफीट)

भवन निर्माण सामग्री में अचानक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसमें मौरंग और बालू खासतौर पर महंगी है। खनन कम होने से इनकी कीमतों में बड़ा अंतर आया है। उम्मीद है सरकार 15 जून तक कुछ दिनों के लिए पट्टा जारी करेगी जिससे बरसात में होने वाली भवन सामग्री की कमी से बचा जा सके। यहीं नहीं सरिया के दाम में भी मामूली अंतर आया है। प्रति टन जो सरिया 60 से 62 हजार रुपये थी वह बढ़कर 64 हजार रुपये हो गई है। – **श्याममूर्ति गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ**

# आग बुझाने वाले सिलेंडर चलाना तो दूर खोल तक नहीं पाते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ चिकित्सा शिक्षा विभाग में संपन्न बैठक में जताई गई चिंता दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

▶▶ कर्मचारियों को किया जाए प्रशिक्षित : अविनाश चंद्र

**अमृत विचार:** चिकित्सा संस्थान हो या सरकारी अस्पताल, सभी में अग्निशमन सुरक्षा संबन्धी सिस्टम तो उपलब्ध होते हैं, मगर आग लगने की स्थिति में संस्थान के कर्मचारी आदि आग बुझाने वाले सिलेंडर चलाना तो दूर खोल नहीं पाते हैं। क्योंकि उन्हें प्रशिक्षण नहीं मिला होता है। इसलिए संस्थान से अपेक्षा है कि आग बुझाने वाले सिलेंडर निर्धारित तिथि के बाद दुबारा रिफिंग को भेजने के पहले, अधिकारियों व कर्मचारियों को सही प्रशिक्षण दिया जाये, हर एक को सिलेंडर प्रयोग करने का अवसर दिया जाये, जब तक सिलेंडर पूरी तरह से खाली न हो जाये।

यह महत्वपूर्ण सलाह रविवार को एनेक्सी भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा बुलाई गई बैठक में उप्र.अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि सिलेंडर खाली न होने की दशा में, गैस भरने वाली कंपनी भी सिलेंडर को साफ कर तारीख बदलकर भेज दे देती हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है हर सिलेंडर उपयोग नहीं होता है। इससे सरकारी धन का व्यर्थ खर्च भी होता है और सुरक्षा के मानक भी टूटते हैं। इसलिए सिलेंडर खाली करके ही रिफिल के लिए भेजना चाहिये।

अविनाश चंद्र ने आगे बताया कि हॉस्पिटल भवन का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराना चाहिये। समय समय पर इलेक्ट्रिक वायरिंग के साथ ही वर्तमान इलेक्ट्रिक लोड और तारों की क्षमता चेक करानी चाहिये। इसके अलावा उन्होंने बताया कि एयर कंडीशनर और विद्युत चालित जीवन रक्षक उपकरण लगातार न चलायें, वैकल्पिक व्यवस्था जरूर रखें। ऑक्सीजन टैंकों का भंडारण के मानक जरूर पूरे करने चाहिये, क्योंकि आमजन द्वारा लापरवाही के साथ धूम्रपान करना कभी भी घातक हो सकता है।

### गठित हो चार टीम

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि फायर अलार्म या पब्लिक एड्रेस सिस्टम दुरुस्त होना चाहिये, आग लगने की स्तिथि में जानमाल की सुरक्षा में उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल्स में इवैक्यूएशन टीम, फायर फाइटिंग टीम, सर्च एंड रेस्क्यू टीम और को-ऑर्डिनेशन एंड मेडिकल टीम जरूर गठित की जाये।

## 1912 को और प्रभावी बनाने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊः** भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं के निदान के लिए टोल फ्री नंबर 1912 को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने संबंधित अफसरों को उपभोक्ताओं की हर कॉल का जवाब सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

अप्रैल 2017 में इस टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई थी। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस सेवा को और प्रभावी व क्रियाशील बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।


## वर्ग पहेली-89

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दखल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।




### वर्ग पहेली -88 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू - 2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 4 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 9 | |
| 1 | | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | | 6 | 5 | | | 1 | |
| | | 8 | 1 | | 3 | 7 | | |
| | 4 | | | 9 | 7 | | | 6 |
| | 9 | | 4 | | | 3 | | 7 |
| | 2 | | 9 | | | | 6 | |
| | | 7 | | | 6 | | 5 | |

### सुडोकू -1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे, लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**वृष:** आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**कर्क:** आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

**सिंह:** आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

**कन्या:** आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

**तुला:** आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।


**धनु:** आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**मकर:** आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन:** आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00.05 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.11
जोश — शाम : 05.22

**&pictures**
कहो न प्यार है — सुबह : 10.40
फुटफेरी — रात : 08.00

**Sony Pix**
जिओस्ट्राम — सुबह : 10.21
2012 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
पहेली — सुबह : 11.05
जोड़ी नं.1 — रात : 07.20

**Colors Cineplex**
सूर्या सिंगम 2 — दोपहर : 12.00
द वॉरियर — रात : 08.04

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल कार्ड्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।

# मोदी ने सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर दिया बल


## प्रधानमंत्री ने की कई बैठकों की अध्यक्षता, भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा स्थिति को संभालने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की।

उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया शनिवार को प्रसारित एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई है। यह पूर्वानुमान यदि नतीजे में परिवर्तित हो जाते हैं तो मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि इस साल मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।


प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में विशेष रूप से उत्तर-पूर्व क्षेत्र में चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा। ● एजेंसी

### रेमल से प्रभावित राज्यों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद मिलती रहेगी: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है। बैठक के दौरान बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है।

### दिल्ली के एक मकान में सड़ी-गली अवस्था में मिला शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। कॉल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। रतन का शव बिस्तर पर पड़ा था और अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। उन्होंने कहा-अपराध शाखा की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## डाक मतपत्रों की पहले गिनती की जाए, दिशा-निर्देशों का हो पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

● इंडिया गठबंधन के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से की मांग

विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चार जून को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्वाचन आयोग को मतगणना प्रक्रिया पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया। सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किए जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किए जाएं।




### एक नजर

#### असम में मादक पदार्थ के साथ 7 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की बराक घाटी में अलग-अलग अभियानों में सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को चलाया गया। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए शर्मा ने बताया कि पुलिस के मजबूत खुफिया नेटवर्क के आधार पर अभियान चलाया गया। करीमगंज पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा और करीब 800 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति व 1.9 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### तमिलनाडु अभिनेता के बैग से मिलीं 40 गोलियां

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्रष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकतीं हैं।

## पुरी में पटाखा विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 19 लोग उपचाराधीन हैं। पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने एक बयान में कहा-पुरी में हुई त्रासदी में दो और लोगों की मौत हो गई जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। वर्तमान में 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।

## बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

● भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर लगाया हत्या का आरोप

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। भाजपा की उत्तर नादिया इकाई के अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने आरोप लगाया कि तृणमूल के गुंडों ने पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की। हालांकि, जिले के तृणमूल नेता रुकबानुर रहमान ने हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

## मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले के दोषी पर जेल में जानलेवा हमला, मौत

**मुंबई।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले के एक दोषी पर रविवार को कोल्हापुर के कलाम्बा केंद्रीय कारागार में पांच कैदियों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेल के स्नानागार में नहाने को लेकर अन्य कैदियों के साथ, प्रथम दृष्टया बहस होने के बाद 59 वर्षीय मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान पर हमला किया गया। खान सिलसिलेवार विस्फोट मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा-बहस के बीच, कुछ विचाराधीन कैदियों ने लोहे की जाली उठाई और उससे खान के सिर पर वार किया जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## असम में बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।


असम के नागांव जिले में चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दोपहिया वाहन से जाते लोग। ● एजेंसी

● अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया

### केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुक्की और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

### भाजपा सांसद रामकृपाल पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पटना।** भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

## एग्जिट पोल कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा है : संजय राउत

मुंबई, एजेंसी

● शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के सांसद ने की टिप्पणी



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को एग्जिट पोल को कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया और दावा किया कि एग्जिट पोल जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 543 सदस्यीय सदन (लोकसभा) में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा। राउत ने यह भी कहा कि उन्हें एग्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि वे धरातल पर काम करते हैं और मूक लहर से परिचित हैं। शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। राउत ने दावा किया कि इन मीडिया कंपनियों पर बहुत दबाव है। एग्जिट पोल की कवायद कॉरपोरेट खेल और फर्डीवाड़ा है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपये का किया कारोबार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपये का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर अल्प समय में दुग्ध उत्पादन में पहचान बनाई है।

#### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन गिरा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था। एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी।

#### इन्फोसिस पर लगा 3,142 डॉलर का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस पर अमेरिका के टेक्सास लोक लेखा नियंत्रक ने 3,142.02 डॉलर (करीब 2.60 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

## आंकड़ों के अनुसार पिछले माह की अपेक्षा मई में शेयरों से निकासी हुई अधिक

# चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने निकाले 25,586 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। यह मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल के 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध निकासी के आंकड़े से कहीं अधिक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की थी। आम चुनाव के नतीजे चार जून को आने हैं। इससे निकट भविष्य में भारतीय बाजार में एफपीआई प्रवाह की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी ब्याज दरें एफपीआई प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में शेयरों से शुद्ध रूप से 25,586 करोड़ रुपये निकाले हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा-अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन और विशेष रूप से वित्तीय और आईटी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के साथ राजनीतिक अनिश्चिता की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं।

### भारत को वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई



भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है।

### सीबीआईसी ने जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं। यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। हालांकि, असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

## मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार एवं लघु उद्योग आशान्वित

नई दिल्ली, एजेंसी

● कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जताई उम्मीद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है।

### भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हो गई दोगुनी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

## 10 कंपनियों में आठ का 2.08 लाख करोड़ घट गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ।

इसके अलावा आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा। वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,449 अंक या 1.92 प्रतिशत टूटा था। शुक्रवार को यह 75.71 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 अंक पर बंद हुआ। इससे पांच दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा। सूचकांक की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,792.23 करोड़ रुपये घटकर 19,34,717.12 करोड़ रुपये रह गया, जबकि टीसीएस का एमकैप 65,577.84 करोड़ घटकर 13,27,657.21 करोड़ रुपये रह गया है।

### ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहीं हैं एयरलाइन कंपनियां

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं।

एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है।

## आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

● 5-7 जून के लिए निर्धारित एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने जताई संभावना

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा 7 जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।



# विश्व कप



## खेल डायरी



### अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

**मंगलुरु।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाजी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलुरु शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई।

### प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञानंदा 8 .5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6 .5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।

### विकेलमैन गेम्स 2024 में साहिल, हर्षिता और धनवीर ने जीते स्वर्ण पदक

**स्टेंडल।** भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को जर्मनी के स्टेंडल में स्टैडियन एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75 .36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72 .65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45 .85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68 .91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई।

### एल्डोस और जेसी संदेश ने जीते स्वर्ण पदक

**पेरिस।** मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूब्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16 .24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15 .80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15 .79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17 .37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17 .22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16 .59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16 .99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

# बल्लेबाजी क्रम पर बाकी है काम : रोहित

## भारतीय कप्तान बोले- हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे, गेंदबाजों की दृष्टि से अच्छा रहा अभ्यास मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था। नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।



- अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को 60 रन से दी थी शिकस्त
- राहुल द्रविड़ बोले- थोड़ी नरम और मुलायम थी पिच

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।

### विराट को पारी की शुरुआत करनी चाहिए: मांजरेकर

**न्यूयार्क।** विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतने असरदार नहीं है उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा जिस तरह की टीम का चुनाव हुआ है उससे भारतीय टीम ने स्वयं के लिए ही दिक्कत बढ़ाई हैं। क्योंकि अगर आपने आईपीएल में भी देखा होगा तो विराट कोहली पहले छह ओवर में तेज शुरुआत कर रहे थे। तो अगर उन्हें यह फायदा ना मिले तो फिर समस्या हो सकती है। क्योंकि नंबर तीन पर वैसा एडवांटेज नहीं मिलता। कोहली नंबर तीन पर उतने असरदार नहीं होंगे।

### भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गौतम गंभीर

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी, लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं।

# विरोधी पर ध्यान न दें, अपनी क्षमता से खेले टीम : युवराज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है।

भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।

टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की।



हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा।

भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

# वेस्टइंडीज ने जीत से शुरू किया सफर



वेस्टइंडीज के खिलाफ शॉट खेलते पापुआ न्यू गिनी के किपलिंग डोरिगा।

जॉर्जटाउन (गयाना)

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को रविवार को मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को पांच विकेट से हराने में मशक्कत करनी पड़ी। अपना दूसरा टी20 विश्व कप खेल रही पीएनजी ने मजबूत खिलाड़ियों से भरी वेस्टइंडीज को दबाव में डालकर अच्छा प्रदर्शन किया।

ऐसा लग रहा था कि कहीं टूर्नामेंट के शुरू में ही उलटफेर देखने को न मिल जाए, पर रोस्टन चेज (नाबाद 42 रन) और आंद्रे रसेल (नाबाद 15 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 18 गेंद में 40 रन की अटूट साझेदारी से वेस्टइंडीज को जीत तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की आधी टीम 97 रन पर पवेलियन पहुंच गई थी लेकिन चेज और रसेल के मिलकर टीम को 19 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत से अभियान शुरू करने में कामयाब रही। पीएनजी के कप्तान असद वाला ने दो विकेट झटके।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**पीएनजी :** 136/8, 20 ओवर। असद वाला 21, सेसे बाऊ 50, किपलिंग 27। **विकेट :** जोसफ 2, रसल 2, शेफर्ड 1।

**वेस्टइंडीज :** 137/5, 19 ओवर। किंग 34, चेस 42। **विकेट :** असद 2, जोन 1, एली नाउ 1।

इससे पहले पीएनजी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मध्यक्रम बल्लेबाज सेसे बाऊ (50 रन) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 136 रन बनाए। पीएनजी के लिए बाऊ (43 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ने जोशीले प्रदर्शन से अर्धशतकीय पारी खेली। पीएनजी की टीम चार विकेट पर 50 रन बनाकर लड़खड़ा रही थी। लेकिन बाऊ ने चार्ल्स अमिनी (12) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को जल्दी सिमटने से बचाया। दूसरी पारी के दौरान कुछ देर के लिए बारिश भी आई और 20 मिनट की बाधा के बाद मैच फिर से शुरू किया गया।

# विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा को हराया



**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**कनाडा :** 194/5, 20 ओवर। नवनीत धालीवाल 61, निकोलस 51, श्रेयस मोव्वा 31। **विकेट :** अली 1, हरमीत 1, सीजे एंडरसन 1।

**अमेरिका :** 197/3, 17 .4 ओवर। एंड्रीस 65, आरोन जोन्स 94। **विकेट :** कलीम साना 1, निखिल दत्ता 1।

<< कनाडा के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते आरोन जोन्स।

डलास, एजेंसी

- अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने खेली 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी कनाडा को सात विकेट से हराया

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।



मैच जीतने के बाद जश्न मनातीं चेक गणराज्य की मार्केटा वोंड्रोसोवा। >>

# इगा क्वार्टर फाइनल में, नोवाक भी जीते

पेरिस, एजेंसी

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। वहीं, पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

- रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने ब्राजील के लूज और जोरमैन को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

इससे पहले नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला।



<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं जैस्मीन पाओलिनी।

# अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

कई बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में वापसी करते हुए चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। परवीन हुड्डा (57 किग्रा) के पिछले महीने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबित किए जाने के बाद भारत को ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा था। जैस्मीन ने अपने 60 किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पंघाल और जैस्मीन इस तरह ओलंपिक में जगह बनाने वाले मुक्केबाज निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की चौकड़ी के साथ शामिल हो गए।



# रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग



**लंदन।** रियल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। एंसेलोटी ने कहा यह बेहद मुश्किल मैच था।

# द. अफ्रीका-श्रीलंका में होगी टक्कर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। द. अफ्रीका की बल्लेबाजी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे। इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं। इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया जब बीच के ओवरों में स्पिनर गेंदबाजी कर रहे होते हैं।



### ओमान पर जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा। ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की श्रृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी। नामीबिया ने आखिर में यह श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## बिन पानी सब सून



भीषण गर्मी पड़ने के कारण कई राज्यों में पेयजल की किल्लत गहरा गई है। रविवार को पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रविवार को लोगों को दिल्ली जल बोर्ड के एक टैंकर से लाइन लगाकर पानी भरते देखा गया। ● एजेंसी

## हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला

**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं।

अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे।

# जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

**इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें**
- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

### हेलमेट सर्टिफिकेशन आवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22.05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22.06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।



### हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

### ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

## एक नजर

### जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

**फ्रैंकफर्ट।** दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

### नेपाल में जीप दुर्घटना में छह भारतीय पर्यटक घायल

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में रविवार को एक झील के पास जीप पलट जाने से छह भारतीय पर्यटक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक घायल हुए पर्यटकों में अधिकतर वरिष्ठ नागरिक थे। खैरेनी नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 के अध्यक्ष केदारनाथ पंटा ने बताया कि यह दुर्घटना खैरेनी में दराई झील के पास उस वक्त हुई, जब ये पर्यटक जंगल सफारी के लिए चितवन राष्ट्रीय उद्यान की ओर जा रहे थे।

### ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

### वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

# चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, मिट्टी के लेगा नमूने

## चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान


- मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग''ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिंग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।



चंद्रमा की सतह पर रोवर।

### इसलिए सैंपल जुटाना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

### पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

## दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन ने शनिवार को बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक पहल का घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य पहले साल के दौरान भारत में 10 हजार लोगों की मदद करना है। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

# जेलेंस्की ने कहा- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

- वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश

**सिंगापुर, एजेंसी**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

**रूस कई देशों को सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा :** जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।



### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

## कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

# कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे द. कोरिया में गिराए

- उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

**सोल, एजेंसी**

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार



गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।

## अमेरिका में हुई गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

**अमेरिका।** उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस ने बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले। इसके अलावा, सात व्यक्ति घायल भी हुए हैं। बयान के अनुसार, घायलों को क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।

# नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

**पुणे, एजेंसी**

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि अग्रवाल दंपति ने दुर्घटना से संबंधित सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची।




**पुणे कार हादसा**
- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सुबूत नष्ट करने पर कोर्ट से मांगी गई थी दोनों की हिरासत

### घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज बरामद किए

दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पुलिस ने उनके घर की तलाशी ले ली है और उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज बरामद किये हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के सबूतों को मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो एक जमानती अपराध है इसलिए दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए।

## बॉलीवुड हलचल

### सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुई नसीरउद्दीन शाह की एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन शाह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

### सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।



इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

**खुलासा** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

# सीमा पार लॉन्च पैड सक्रिय, घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकी

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।



डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

### चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

### पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।